Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 । अंक 71
नई दिल्ली, बुधवार, 15 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Established 1865

# पायनियर

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10
पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है : राजनाथ

## जुकरबर्ग पर भारत सख्त





(बाएं से दाएं) अश्विनी वैष्णव; जून 2024 में शपथ ग्रहण करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मार्क जुकरबर्ग

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया दिग्गज मार्क जुकरबर्ग द्वारा लोकसभा चुनावों पर की गई अनुचित टिप्पणियों से नाराज संसदीय समिति अगले कुछ दिनों में मेटा के प्रतिनिधियों को बुलाएगी। अतीत में, सोशल मीडिया दिग्गज फेसबुक और उसके बाद ट्विटर, अमेज़न, गूगल को केंद्र और संसदीय समितियों द्वारा डेटा की सुरक्षा और इसकी गोपनीयता और चुनावों में किसी विशेष व्यक्ति, समूह या पार्टी का समर्थन करने के आरोप सहित विभिन्न मुद्दों पर तलब किया गया था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पहले ही मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के इस दावे का जवाब दे चुकी है कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सहित अधिकांश मौजूदा सरकारों ने कोविड-19 महामारी के बाद अपने पद खो दिए हैं। संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी पर संसद की स्थायी समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भारत की छवि खराब करने के लिए सोशल मीडिया दिग्गज मेटा से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि पैनल जल्द ही कंपनी को तलब करेगा।

### ● अनुचित टिप्पणियों से नाराज संसदीय समिति मेटा प्रतिनिधियों से पूछताछ करेगी

दुबे ने एक बयान में कहा, 'मेरी समिति इस गलत जानकारी के लिए मेटा को तलब करेगी। किसी भी लोकतांत्रिक देश के बारे में गलत जानकारी उसकी छवि को खराब करती है। इस संगठन को इस गलती के लिए भारतीय संसद और यहां के लोगों से माफी मांगनी होगी।' एक दिन पहले वैष्णव ने जुकरबर्ग की आलोचना करते हुए कहा था कि उन्होंने 'तथ्यात्मक रूप से गलत' बयान दिया है कि भारत की मौजूदा सरकार कोविड-19 महामारी से उत्पन्न मुद्दों के कारण 2024 में चुनाव हार जाएगी। वैष्णव ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) सहित कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, 'जुकरबर्ग की ओर से खुद गलत सूचना देखना निराशाजनक है। आइए तथ्यों और विश्वसनीयता को बनाए रखें।' जबकि जकरबर्ग के पास मेटा समूह की कंपनियों में नियंत्रक हिस्सेदारी है, एक्स का नेतृत्व अब अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क कर रहे हैं।

वैष्णव ने एक बयान में कहा, '80 करोड़ लोगों के लिए मुफ्त भोजन, 2.2 अरब मुफ्त टीके और कोविड के दौरान दुनिया भर के देशों को सहायता देने से लेकर भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ाने तक, पीएम मोदी की निर्णायक तीसरी बार की जीत सुशासन और जनता के विश्वास का प्रमाण है।' जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा कि 2024 दुनिया भर में बड़ा चुनावी साल है और भारत जैसे कई देशों में मौजूदा सरकारें चुनाव हार गईं। मेटा प्रमुख 2024 के लोकसभा चुनावों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें भाजपा ने अपना बहुमत खो दिया और नरेंद्र मोदी की सरकार का तीसरा कार्यकाल जेडीयू और टीडीपी जैसे गठबंधन सहयोगियों द्वारा एनडीए गठबंधन के रूप में बनाया गया। मेटा के सीईओ ने पॉडकास्ट में उल्लेख किया था, संयुक्त राज्य अमेरिका में बहुत से लोग इसे एक अमेरिकी घटना के रूप में देखते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कोविड की प्रतिक्रिया ने संभवत: दुनिया भर में बहुत सारी सरकारों में टूटन और विश्वास पैदा किया है, (शेष पृष्ठ 9)

## पुलिस को दिल्ली बम धमकी के तार एनजीओ से जुड़े मिले

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**हाल के दिनों** में दिल्ली-एनसीआर में स्कूलों और कई शैक्षणिक संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलने के पीछे एक गहरी साजिश की ओर इशारा करते हुए दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को एक एनजीओ के लिंक का खुलासा किया, जिसने आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी का विरोध किया था। इसका एक संगठन से संबंध है। राजनीतिक पार्टी से जुड़े एक छात्र ने 400 से अधिक स्कूलों को ई-मेल भेजा था। भाजपा ने आरोप लगाया कि पुलिस जांच से इस मामले में आम आदमी पार्टी (आप) की संलिप्तता का संकेत मिलता है। भाजपा ने आरोप लगाया कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल दिल्ली चुनाव से पहले सिर्फ दिल्ली के ही नहीं, बल्कि देश के दुश्मन हैं।

भाजपा मुख्यमंत्री आतिशी पर उनके माता-पिता द्वारा अफजल गुरु की फांसी का विरोध करने को लेकर निशाना साध रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए स्पेशल सीपी/लॉ एंड ऑर्डर डिवीजन जोन-द्वितीय मधुप तिवारी ने कहा कि नाबालिग ने 12 फरवरी से 8 जनवरी के बीच 400 से ज्यादा स्कूलों को करीब सात धमकी भरे मेल भेजे हैं। उसने एक मई को भी मेल भेजा था, जब करीब 250 स्कूलों को धमकी भरे मेल भेजे गए थे। अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में




बम विस्फोट का खतरा था, जिससे अभिभावकों और बच्चों में बड़े पैमाने पर दहशत और भय का माहौल पैदा हो गया और आम जनजीवन प्रभावित हुआ।

यह मामला तब सामने आया जब पुलिस ने 8 जनवरी को लगभग 23 स्कूलों को बम की धमकी भेजने वाले एक 16 वर्षीय लड़के की पहचान की। यह फर्जी धमकियाँ अत्यधिक एन्क्रिप्टेड ईमेल सेवाओं और जटिल डिजिटल मार्गों के माध्यम से भेजी गई थीं, जो स्पष्ट रूप से पहचान छिपाने और धमकी देने के इरादे को दर्शाती हैं। तिवारी ने कहा कि ये लोग पता लगाने से बचते हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस तरह के ईमेल भेजने में प्रयुक्त तकनीकी जटिलताओं और उन्नत तकनीकों को ध्यान में रखते हुए, पुलिस ने अन्य संस्थाओं/खिलाड़ियों/सहयोगियों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने किशोर की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। उन्होंने कहा, हम देखना चाहते थे कि यह बच्चा यह सब अपने आप कैसे कर सकता है। (शेष पृष्ठ 9)



महाकुंभ मेला 2025 के दौरान 'मकर संक्रांति' के अवसर पर संगम में पवित्र स्नान करने के लिए एकत्रित हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई।

## खुदरा महंगाई में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

**पीटीआई।** मुंबई

**स्थानीय शेयर** बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके अलावा ऊर्जा, बैंक तथा धातु शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार पर दबाव बना और इसका लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 505.6 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में 2,867 शेयर लाभ में, जबकि 1,096 शेयर नुकसान में रहे। 110 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,176.05 अंक पर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में1,869.1 अंक यानी 2.39 प्रतिशत नीचे आया था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजार में तेजी और घरेलू स्तर पर खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव रहा। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती को लेकर गुंजाइश बढ़ेगी। हालांकि, कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा 10 साल के बॉन्ड पर ऊंचे प्रतिफल पर नजर होगी। उन्होंने कहा, चौथी तिमाही के लिए कमजोर आय अनुमान को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में गिरावट आई। घरेलू धारणा कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणाम और आगामी केंद्रीय बजट से प्रभावित होगी, जिसको लेकर मिला-जुला रुख है। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, जोमैटो, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और मारुति के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का दिसंबर तिमाही का वित्तीय परिणाम निवेशकों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहने के बाद कंपनी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा। एचसीएल टेक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में 5.54 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपए रहा है। कारोबारियों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति के चार महीने के निचले स्तर पर आने से कुल मिलाकर धारणा बेहतर हुई है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, सब्जियों एवं अन्य खाद्य उत्पादों की कीमतें कम होने से दिसंबर महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 5.22 प्रतिशत पर आ गई। यह चार महीने का सबसे निचला स्तर है। (शेष पृष्ठ 9)

## विदेश मंत्रालय का रूस से आग्रह सेना से मुक्त करें भारतीयों को



मोहम्मद असफान पिछले वर्ष रूस-यूक्रेन सीमा पर मारे गये थे। वह सुरक्षा गार्ड की नौकरी के लिए रूस गए थे लेकिन उन्हें युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया था। (फाइल फोटो)

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत ने मंगलवार** को रूस पर दबाव डाला कि वह रूसी सेना में भर्ती सभी भारतीयों को रिहा करे। रूस-यूक्रेन संघर्ष क्षेत्र में एक और भारतीय नागरिक की मौत के बाद मृतकों की संख्या 10 हो गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि केरल के एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है और एक अन्य घायल हो गया है, जिसका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। जायसवाल ने कहा कि इस मामले को मॉस्को स्थित रूसी अधिकारियों के साथ-साथ नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष भी जोरदार तरीके से उठाया गया है। उन्होंने कहा, 'हमने शेष भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई की अपनी मांग भी दोहराई है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष जुलाई में मास्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता के दौरान रूसी सेना में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया था। त्रिशूर के रहने वाले बिनिल टीबी की मौत की खबर सोमवार को उनके एक रिश्तेदार ने सार्वजनिक की। यद्यपि विदेश मंत्रालय ने उनकी मृत्यु की परिस्थितियों के बारे में जानकारी नहीं दी, लेकिन बताया जाता है कि उनकी मृत्यु यूक्रेन में संघर्ष के अग्रिम मोर्चे पर हुई। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में रूसी सेना में सेवा करते हुए नौ भारतीयों की मृत्यु हो गई। बिनिल की मौत के साथ ही मृतकों की संख्या 10 हो गई है। जायसवाल ने कहा, 'हमें केरल के एक भारतीय (शेष पृष्ठ 9)



## गुजरात में मांझे से गला कटने से चार की मौत

**पीएनएस।** अहमदाबाद

**गुजरात में** मंगलवार को उत्तरायण उत्सव के दौरान पतंग के मांझे से गला कटने से चार वर्षीय बालक सहित चार लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि राजकोट, पंचमहल, मेहसाणा और सुरेन्द्रनगर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि राज्य भर में कई लोग घायल हुए हैं। नायलॉन से बना या कुचले हुए कांच से लेपित मांझा इतना तीखा होता है कि घातक चोट पहुंचा सकता है। प्रतिबंधित होने के बावजूद इसका प्रयोग पतंग प्रेमियों द्वारा किया जाता है, जो इसे प्रतिद्वंद्वी की पतंग काटने के लिए प्रभावी पाते हैं। स्थानीय पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पंचमहल जिले के हलोल कस्बे में पतंग के मांझे से गर्दन कटने से कुणाल परमार (4) की मौत हो गई। वह अपने पिता के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाजार से पतंग और गुब्बारे खरीदने जा रहा था, तभी मांझे का एक टुकड़ा उसकी (शेष पृष्ठ 9)

## अखाड़ों ने किया अमृत स्नान, 3.50 करोड़ ने लगाई डुबकी

**पायनियर समाचार सेवा।** महाकुम्भ नगर

**महाकुंभ के** दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। मेला प्रशासन के मुताबिक, मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर कहा, आस्था, समता और एकता के महासमागम महाकुंभ 2025 में पावन मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों और श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रथम स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, मेला प्रशासन, स्थानीय पुलिस व प्रशासन, स्वच्छता कर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों और धार्मिक संस्थाओं, नाविकों आदि को हृदय से साधुवाद और बधाई।

महाकुंभ मेले के मुख्य आकर्षण अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने हर हर महादेव के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने कहा, निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया। निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की।

निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे। संन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, श्री पंच दिगम्बर अनी अखाड़ा और श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु(शेष पृष्ठ 9)

### सेल्फी हॉटस्पाट बना संगम तट

**पायनियर समाचार सेवा।** महाकुंभ नगर

**महाकुंभ** के पहले स्नान पर्व पर प्रयागराज में संगम तट पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कटआउट के साथ सेल्फी लेने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 26 फरवरी को समाप्त होगा, जिसमें 40 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम में डुबकी लगाने की उम्मीद है। पौष पूर्णिमा स्नान पर बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा नंदी द्वार पर एकत्र हुए और फोटो और सेल्फी ली, जिससे मोदी और आदित्यनाथ के प्रति उनकी दीवानगी प्रदर्शित हुई। मध्य प्रदेश के उज्जैन से आये पर्यटक ब्रजेश शर्मा ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं...। मध्य प्रदेश के उज्जैन से आये पर्यटक ब्रजेश शर्मा ने मोदी और योगी के प्रति अपनी



प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि कटआउट ने उन्हें आकर्षित किया। उनका पूरा परिवार सेल्फी लेने के लिए शामिल हुआ और महाकुंभ मेले की व्यवस्था के लिए प्रार्थना की। पवित्र स्नान के लिए पुणे से महाराष्ट्र आई सुगन्मा धिप्पो ने कार्यक्रम की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि नंदी द्वार पर मोदी और योगी की तस्वीरें मनमोहक थीं, जिससे उन्हें और उनके परिवार को सेल्फी लेने के लिए प्रेरित होना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद बोर्ड का दौरे पर पत्नियों की मौजूदगी कम करने पर विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हाल ही में** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत की 1-3 से हार ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को दौरे पर पत्नियों की उपस्थिति सीमित करने जैसे अनुशासनात्मक उपायों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के लिए टीम बस में एक साथ यात्रा करना अनिवार्य करने का भी प्रस्ताव रखा है। उनसे अतिरिक्त सामान के लिए भी भुगतान करने को कहा जा सकता है। ये प्रस्तावित उपाय भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट मैच श्रृंखला से पहले घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ सभी तीन टेस्ट मैच हारने की पृष्ठभूमि में सामने आए हैं। ऑस्ट्रेलिया में हार के बाद बीसीसीआई और रोहित शर्मा तथा गौतम गंभीर के बीच हुई समीक्षा बैठक में कथित तौर पर इन कदमों पर चर्चा की गई।

बताया गया है कि प्रस्तावित कदमों में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के जीवनसाथियों को दो सप्ताह से अधिक समय तक उनके साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं देना शामिल है। यदि यात्रा छोटी है तो अवधि घटाकर सात दिन की जा सकती है। भारत का अगला घरेलू टेस्ट दौरा जून में शुरू होने वाला पांच मैचों का इंग्लैंड दौरा होगा। इसके अलावा, खिलाड़ियों के लिए टीम बसों में एक साथ यात्रा करना अनिवार्य कर दिया जाएगा। उनसे अतिरिक्त सामान के लिए भी भुगतान करने को कहा गया है। यदि खिलाड़ियों का सामान 150 किलोग्राम से अधिक होगा तो बीसीसीआई अतिरिक्त शुल्क नहीं देगा और खिलाड़ियों को ही इसका भुगतान करना होगा। बीसीसीआई ने टीम संयोजन के मामले में किसी भी तरह की जल्दबाजी वाली प्रतिक्रिया से बचने का फैसला किया। यह समझा जाता है कि चैंपियंस ट्रॉफी जैसे महत्वपूर्ण एकदिवसीय टूर्नामेंट को छह सप्ताह बाद आयोजित किया जाना है, इसलिए तत्काल कोई भी प्रतिक्रिया टीम के साथ-साथ



सहयोगी स्टाफ के लिए भी नुकसानदेह होगी। इसके अलावा, खिलाड़ियों और कोचों के प्रबंधकों का मुद्दा तब उजागर हुआ जब हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक वरिष्ठ कोचिंग स्टाफ सदस्य के निजी मैनेजर को टीम बस में जाने की अनुमति दी गई।

खिलाड़ियों और कोचों के प्रबंधकों का मुद्दा तब उजागर हुआ जब एक वरिष्ठ कोचिंग स्टाफ सदस्य के निजी मैनेजर को हाल के दौरे पर टीम बस में जाने की अनुमति दी गई, जिसमें भारत को 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। टीम बस में यात्रा करने वाले निजी मैनेजर भी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई के समक्ष लाल झंडा उठाते हैं। आगे चलकर इसे टाला जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि जहां तक दौरे पर पत्नियों की मौजूदगी का सवाल है, इस पर बोर्ड में चर्चा हो रही है और इस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ियों और कोचों को केवल टीम बस से ही यात्रा करनी चाहिए। ऐसा हमेशा से माना जाता था लेकिन बाद में खिलाड़ी परिवहन के अन्य साधनों का उपयोग करने लगे। उन्होंने कहा कि इससे बचना चाहिए। भारत की 1-3 से हार, जो 10 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया से उनकी पहली हार थी, का मतलब यह भी था कि भारतीय जून में लंदन में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए जगह बनाने में विफल रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 15 जनवरी , 2025



# चाइल्ड पीजीआई में आज से शुरू, बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट

## उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उद्घाटन करेंगे, अस्पताल प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारी पूरी की

● जिला अस्पताल में एकेडमिक जोन व स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट भी होगा शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




बुधवार को नोएडावासियों को तीन नई सौगात मिलने वाली हैं। इस समय ट्रांसप्लांट कराने वालों की लंबी वेटिंग चल रही है इसलिए इस समस्या से अब निजात मिलने वाली है। सबसे जरूरी चाइल्ड पीजीआई में 8 बेड की बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट और जिला अस्पताल में एकेडमिक जोन व स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) शुरू हो रही है।

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक इसका उद्घाटन करेंगे। दोनों अस्पताल में प्रशासन ने बुधवार को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली है। अब जब इस अस्पताल में 8 बेड की बोने मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट लग जाएगी तो यहां ट्रांसप्लांट के लिए आने वालों को ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा और उन्हें काफी सुविधा हो जाएगी। चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया, बुधवार को 11 बजे डिप्टी सीएम बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन करेंगे। अभी अस्पताल में एक बेड पर बोन मैरो ट्रांसप्लांट होता है। बच्चे को ठीक होने में चार से छह हफ्ते का समय लगता है।

कई बार यह 6 से 8 हफ्ते भी हो जाता है। इस वजह से वेटिंग ज्यादा रहती है। वर्तमान में करीब 60 वेटिंग चल रही है। कक्ष की दीवारों को बच्चों के अनुसार थीम पर बनाया गया है।

तीन डॉक्टर और 30 नर्सिंग की निगरानी में उनका उपचार होगा। इस दौरान सांसद डॉ महेश शर्मा व विधायक पंकज सिंह और डॉ. सोनिया भी आएंगे। साथ ही, 100 सवालों के उत्तर के साथ जियो और जीबुक भी लॉन्च की जाएगी। इसमें मरीजों को पूछे जाने वाले 100 सवालों के जवाब हैं। अस्पताल में प्रदेश समेत आसपास के राज्यों से लोग बच्चों के इलाज के लिए आ रहे हैं। जिन लोगों को दिल्ली के अस्पतालों में बेड नहीं मिल पा रहा है वो भी आ रहे हैं। ऐसे में आठ बेड की यूनिट शुरू होने से वेटिंग टाइम कम हो सकेगा।

वहीं, जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. रेनू अग्रवाल ने बताया कि एकेडमिक जोन व एसएनसीयू शुरू हो रहा है। 12 बेड का एसएनसीयू तीसरी मंजिल पर शुरू होगा। इसके लिए चार डॉक्टर, चार स्टाफ नर्स और वॉर्ड ब्वाय समेत 12 लोगों का स्टाफ रहेगा। इसके लिए 10 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। डीएनबी के छात्रों के लिए भी एकेडमिक जोन बनाने का काम पूरा हो गया है।

डीएनबी के लिए महिला विभाग में दो सीट और एक सीट मेडिसिन विभाग में है। यह सातवें तल पर बना है।

# गोकशी मामले में पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, दो निलंबित

● दोनों पर गौतस्करों से मिलीभगत और कर्तव्य में लापरवाही का गंभीर आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में गोकशी के एक गंभीर मामले में डीसीपी ग्रामीण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कलछीना चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह और बीट कांस्टेबल पवन कुमार को निलंबित कर दिया है।

दोनों पुलिसकर्मियों पर गौतस्करों से मिलीभगत और कर्तव्य में लापरवाही का गंभीर आरोप है। ये घटना रविवार शाम की है, गांव जहांगीरपुर के जंगल में गोकशी की वारदात हुई और पशुओं के अवशेष मिले। इस घटना से आक्रोशित होकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग थी कि गौतस्करों का एनकाउंटर किया जाए। डीसीपी ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया और स्थिति को नियंत्रित किया।

भोजपुर पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी मोदीनगर कार्यवाहक श्वेता यादव के अनुसार, गौतस्करों की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

साथ ही, निलंबित किए गए दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है, जिससे इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जा सके। पुलिस मामले में सख्ती बरत रही है।

# अश्लील वीडियो बनाने वाले आठ गिरफ्तार

● डेटिंग ऐप पर युवकों से दोस्ती कर फ्लैट पर बुलाते थे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो डेटिंग ऐप के जरिए युवकों को फंसाकर ब्लैकमेलिंग करता था।

पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डेटिंग ऐप पर युवकों से दोस्ती कर उन्हें फ्लैट पर बुलाते थे। वहां पहुंचने पर उन्हें जबरन नग्न कर वीडियो बनाते और फिर वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलते थे। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में दो पीड़ितों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में कपिल वर्मा, संदीप, नितिन चौहान, दीपक वर्मा, अरुण, अभिषेक बालियान, अभिषेक चौधरी और अर्जुन शर्मा शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले युवकों को सेक्शुअल एक्टिविटी का झांसा देते थे। फिर उन्हें बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देते और वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर पैसे ऐंठते थे। पुलिस के मुताबिक, गिरोह ने अब तक दो युवकों से करीब 2 लाख रुपए की वसूली की है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल फोन और 70 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस अन्य पीड़ितों की तलाश में जुटी है, क्योंकि आशंका है कि गिरोह ने कई और युवकों को अपना शिकार बनाया होगा।

# नोएडा प्राधिकरण ने तीन पर दर्ज कराया मुकदमा

**नोएडा।** प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण करने के दो मामलों में तीन लोगों को नामजद करते हुए सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया गया है। आरोपी अधिकारियों के मना करने के बावजूद गुपचुप तरीके से रात के समय निर्माण करवा रहे हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। वर्क सर्किल छह के जूनियर इंजीनियर विनीत शर्मा ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि सोहरखा जाहिदाबाद गांव में प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर सलीम और जाकिर अवैध निर्माण करा रहे हैं। इसके लिए दोनों ने प्राधिकरण से कोई अनुमति नहीं ली है।

# यमुना सिटी में विकसित किए जाएंगे नए सेक्टर

● पूरी होंगी अधूरी सड़कें

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना सिटी में विकसित किए जाएंगे नए सेक्टर। इसके लिए ग्रेनो से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे बसने वाली परियोजनाओं को नए सेक्टरों में विकसित करने की तैयारी है। साथ ही पुरानी योजनाओं में अभी तक भूखंड का आवंटन न मिलने से परेशान आवंटियों की मुश्किलें भी आसान होंगी।

प्राधिकरण अब जमीन अधिगृहीत कर 2009 की योजना में फंसे आवंटियों को भूखंड आवंटित करने की तैयारी में है। साथ ही नई योजना के लिए भी भूखंडों को आरक्षित किया जा सकेगा। यमुना सिटी में सेक्टरों की आंतरिक सड़कें भी अधूरी पड़ी हैं। कारण, 13 गांव के किसान जमीन अधिग्रहण के खिलाफ न्यायालय में गए थे जिसके कारण सड़कों आदि का काम भी रुक गया था। मगर, कुछ महीने पहले सर्वोच्च न्यायालय के यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे व आसपास क्षेत्रों में एकीकृत विकास के लिए जमीन अधिग्रहण की वैधता बरकरार रखने का फैसला किया है। ऐसे में अब प्राधिकरण इन गांवों में बची हुई जमीनों के अधिग्रहण की योजना में है।

अब यमुना एक्सप्रेस के किनारे 60 मीटर रोड की बाधा को दूर करने के साथ ही सेक्टर की सड़कों को आसानी से पूरा कर लिया जाएगा। अब सर्वोच्च न्यायालय के यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे व आसपास क्षेत्रों में एकीकृत विकास के लिए जमीन अधिग्रहण की वैधता बरकरार रखने का फैसला आने के बाद अब जमीन की अधिग्रहण में तेजी आएगी। जो ग्रेटर नोएडा का 30 मीटर रोड सिरसा होते हुए एयर कार्गो तक जाना था, जिसकी चौडाई आगे चलकर 120 मीटर होनी थी, लेकिन जमीन अधिग्रहण न होने से इसे पूरा करने में भी दिक्कत आ रही थी। अब निर्णय आ जाने से इसके निर्माण कार्य में भी तेजी आएगी। यह मार्ग जिलाधिकारी कार्यालय के सामने फुटओवर ब्रिज का स्थान बदलेगा।

## संक्षिप्त समाचार




टिगरी टी प्वाइंट पर इलेक्ट्रिक बस ड्राइवर प्रबंधन तथा यातायात पुलिस गाजियाबाद द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर वाहन चालकों को पैम्फलेट देकर यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया।

### सोसाइटी वासियों को मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के स्टेलर एमआई लेगेसी सोसाइटी के लोगों को उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए फोर्टिस, ग्रेटर नोएडा की सेवा प्राप्त होगी। इसी क्रम में सोसाइट में एक चिकित्सा कक्ष की शुरुआत की गई है । इस पहल का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और रोगों का शीघ्र पता लगाकर समय पर इलाज सुनिश्चित करना है। इसका उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक डॉ. इंद्रनील मुखोपाध्याय और स्टेलर एमआई लेगेसी के अध्यक्ष नीरज गोयल ने किया। इस अवसर पर आरएस सोलंकी, ब्रिगेडियर नवीन शर्मा, नवीन मलिक व अन्य लोग मौजूद थे। फोर्टिस ग्रेटर नोएडा के सीईओ डॉ. प्रवीन कुमार ने इस जनभागीदारी का हिस्सा बताया।

### जम्मू-कश्मीर के युवक की दुर्घटना में मौत

**नोएडा।** थाना दादरी क्षेत्र में बील गांव के पास रास्ता पार करते हुए अज्ञात वाहन की टक्कर से जम्मू-कश्मीर के रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। मृतक के दोस्त ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम नगरोटा जनपद उधमपुर निवासी बांकाराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मूल रूप से जम्मू कश्मीर का रहने वाला उसका दोस्त मुख्तार चंद्र बील गांव में किराए पर रहता था। 12 जनवरी की दोपहर को वह अपने कमरे पर जा रहा था। बील गांव कट के पास तेज गति में आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर वह उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान मुख्तार चंद्र की मौत हो गई। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

### बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह

नोएडा। जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने दी। बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने बताया कि जनपद दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल (15 जनवरी 2025) को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर सूरजपुर में सुबह 10 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, दादरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक तेजपाल नागर, पूर्व विधायक जोगिंदर सिंह अवाना, बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व मंत्री वेदराम भाटी तथा पूर्व विधान परिषद सदस्य अनिल अवाना सहित बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित सदस्य व अधिवक्ता उपस्थित रहेंगे।

### दनकौर कस्बे में जनसेवा केंद्र में चोरी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में सोमवार रात को चोरों ने एक जन सुविधा केंद्र को निशाना बनाया। चोरों ने दुकान की पिछली दीवार तोड़कर वारदात को अंजाम दिया और दो लैपटॉप, एक मोबाइल फोन और 20 हजार रुपये नकद समेत कीमती सामान चुरा लिया। जन सुविधा केंद्र के संचालक विनोद राजपूत ने बताया कि उनकी दुकान बिहारी लाल चौक के पास स्थित है। सोमवार की शाम को वह रोजाना की तरह दुकान बंद करके घर चले गए थे। मंगलवार सुबह जब दुकान का शटर खोला तो पिछली दीवार टूटी हुई मिली और अंदर का सामान गायब था। घटना की सूचना मिलते ही दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची।

# 18 कंपनियां करेंगी निवेश, 16 हजार को मिलेगा रोजगार

● पांच कंपनियों के साथ हुआ समझौता

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



नोएडा में 18 कंपनियां निवेश के लिए आगे आई हैं। ये कंपनियां करीब 4800 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। 16 हजार लोगों को रोजगार देंगी।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए शासन की तरफ से 90 हजार करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य दिया गया था। अब तक 315 परियोजनाओं को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किया जा चुका है। जिनसे 78 हजार 563 करोड़ रुपए के निवेश आने का अनुमान है। ऐसे में प्राधिकरण ने 87. 29 प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लिया है। ये 315 कंपनियां 3 लाख 64 हजार 763 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देंगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब पांच नई कंपनियां अपनी परियोजनाएं लाने के लिए तैयार हैं। इनसे एग्रीमेंट हो चुका है। ये कंपनियां 1517 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी और 4240 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देंगी।

इसके अलावा 13 और नई कंपनियां नोएडा में निवेश के लिए तैयार हैं। ये कंपनियां 3253 करोड़ रुपए का निवेश करेंगी और 11 हजार 770 लोगों को रोजगार देंगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि अब तक ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में सबसे ज्यादा औद्योगिक संपत्ति से जुड़ी 159 कंपनियां निवेश के लिए एमओयू कर चुकी हैं।

इनके अलावा संस्थागत संपत्ति से जुड़ी 118, व्यावसायिक एरिया की 22 और ग्रुप हाउसिंग की 16 कंपनियां हैं। ऐसे में कुल 315 कंपनियां निवेश के लिए एमओयू कर चुकी हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी कंपनियों को जमीन आवंटित की जा चुकी है।

# 300 होटलों की जांच, 50 से अधिक का नहीं हुआ पंजीकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतम बुद्ध नगर जिले की पुलिस ने अब तक 300 से अधिक होटलों की जांच की है, जिनमें से 50 से अधिक होटल सराय अधिनियम में पंजीकृत नहीं मिले हैं। इन होटलों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी।

पुलिस उपायुक्त-जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि कानून एवं व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त के आदेश पर होटलों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 300 से अधिक होटलों की जांच की गई है जिनमें से 50 से अधिक होटल सराय अधिनियम में अपंजीकृत मिले हैं। पुलिस का यह अभियान अभी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कई होटल बड़े ब्रांड के नाम से चल रहे हैं।

उनके पास भी उस ब्रांड के नाम से होटल चलाने की अनुमति नहीं है। पुलिस उपायुक्त अवस्थी ने बताया कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा में छोटे तथा बड़े मिलाकर कुल 600 से ज्यादा होटल चल रहे हैं। कई होटल किसी न किसी ब्रांड के नाम से संचालित किए जा रहे हैं।

# संयुक्त किसान मोर्चा का कड़ा रुख एक सामान मुआवजे की मांग पर अड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में किसानों की मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। भारतीय किसान यूनियन (अजगर) के दनकौर स्थित कैंप कार्यालय में मंगलवार को हुई महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम फैसले लिए गए।

मोर्चा ने किसानों के लिए एक समान मुआवजा नीति की मांग की है। इसमें 10 प्रतिशत प्लॉट, 64.7 प्रतिशत बढ़ा हुआ मुआवजा और 2014 के बाद अधिग्रहित जमीन पर नए कानून के तहत बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा तथा 10 प्रतिशत प्लॉट की मांग शामिल है। बैठक में तय किया गया कि जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर से मिलकर प्राधिकरणवार वार्ताओं की तिथि निर्धारित की जाएगी।

साथ ही जनपद के सभी गांवों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा और क्षेत्रवार महापंचायतें आयोजित की जाएंगी। किसान बेरोजगार सभा संगठन के संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल होने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया है। मोर्चा ने भूमिधर और भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार, आबादी विवादों का समाधान और किसानों पर दर्ज झूठे मुकदमों की वापसी की भी मांग की है।

# महिला से बाइक सवारों ने मोबाइल फोन छीना

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में रहने वाली महिला से बाइक सवारों ने मोबाइल फोन छीन लिया। बरौला में रहने वाली गोमती देवी ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी की दोपहर को वह सेक्टर-47 से काम करके अपने घर जा रही थी। सेक्टर 48 केसर गार्डन के पास पीछे से बाइक पर आए दो युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए।

पीड़िता ने बदमाशों की बाइक का नंबर नोट कर लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। वेस्ट पटेल नगर दिल्ली निवासी हितेश तिवारी ने थाना सेक्टर-49 में मोबाइल फोन छीने जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पंखे से लटकी मिली महिला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव भदौली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बागपत जिले के थाना बालैनी के गांव डोलचा की 27 वर्षीय अंकिता वाल्मीकि का शव उनके कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला।

चार माह पूर्व कैंसर से पति की मृत्यु के बाद से वह गंभीर डिप्रेशन में थीं। घटना के दिन अंकिता ने अपने दोनों बच्चों को कमरे से बाहर भेजकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। बच्चों के रोने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर अंदर गए, जहां उन्हें अंकिता का शव पंखे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम और थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी मौके पर पहुंचे हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए मुरादनगर थाने पर विरोध प्रदर्शन किया।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, फिर भी पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चार साल पहले अंकिता की शादी धीरज कुमार से हुई थी। पति की मृत्यु के बाद वह अपने दो बच्चों के साथ रह रही थीं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# सीएम का फोटो विकृत कर वायरल करने वाला धरा

**गाजियाबाद।** भोजपुर थानाक्षेत्र में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो के साथ छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव कलछीना निवासी महताब ने अपने फेसबुक पेज पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक विकृत वीडियो अपलोड किया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

इस घटना की जानकारी मिलते ही हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता नीरज शर्मा और मधुर नेहरा सहित अन्य सदस्यों ने स्थानीय पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की।

# पुलिस मुठभेड़ में 6 बदमाश गिरफ्तार, 4 को लगी गोली

● बालाजी किचन उपकरण कंपनी में चोरी के मामले में जांच कर रही थी पुलिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा





गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने बिसरख इलाके में मुठभेड़ के बाद छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन बदमाशों में से दो को सोमवार रात और चार को मंगलवार सुबह गिरफ्तार किया गया।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पुलिस बालाजी किचन इक्विपमेंट कंपनी में चोरी के मामले में आरोपियों की तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की मौजूदगी की सूचना पर सोमवार रात पुलिस ने बिसरख थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद शाहरुख और आकाश त्यागी नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अवस्थी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान पैर में पुलिस की गोली लगने से दोनों घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को यह भी सूचना मिली कि इस चोरी में उनके चार अन्य साथी भी शामिल थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आज सुबह चिपियाना की पंचविहार कॉलोनी में अन्य आरोपियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू की इसी दौरान एक संदिग्ध वाहन आता दिखा। उन्होंने बताया कि जब वाहन का पीछा किया गया तो उसमें सवार लोगों ने पुलिस दल पर गोली चलाई। जवाबी कार्वाई के दौरान पुलिस की गोली दो आरोपियों के पैर में लगी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अवस्थी ने बताया कि अन्य आरोपियों की पहचान मुनाफ, गुलजार, आजाद और गोलू उर्फ अंकुश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इनके पास से चोरी का सामान, वारदात में इस्तेमाल वाहन तथा हथियार बरामद किए गए हैं।

# भाजपा नेता ने दिखाई दबंगई पुलिस के सामने शख्स को पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर-24 में मारपीट करने के आरोप में भाजपा नेता सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

मयूर विहार फेस-3 पीड़ित ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-12 की मार्केट में एक शख्स के साथ साझेदारी में चाय कैफे चलाता है। 30 अगस्त की रात को वह अपना काम खत्म करके घर जाने के लिए दुकान से बाहर आया। इस दौरान उसने देखा कि एक व्यक्ति के सर से खून बह रहा था। पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि, उसके साथ काम करने वाले दूसरे मजदूरों ने मारपीट की है। पीड़ित के मुताबिक वह मजदूर से बात कर ही रहा था कि इस दौरान पड़ोस में रहने वाले प्रशांत महावर और उसके तीन-चार अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और उससे उलझ गए। विरोध करने पर उन्होंने डंडे से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सत्यनारायण महावर अपनी पत्नी के साथ मौके पर आ गए और इन लोगों ने उसे सड़क पर गिराकर पीटना शुरू कर दिया। पास से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह उसे इन लोगों से चंगुल से छुड़ाया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने पर वह पुलिस की गाड़ी में बैठ गया। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस के सामने भी प्रशांत महावर, सत्यनारायण महावर, उनकी पत्नी तथा अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए।

# मुख्यमंत्री आतिशी ने दाखिल किया नामांकन

● बोलीं, केजरीवाल की ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ पर्चा भरा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री आतिशी, आम आदमी पार्टी के सोमनाथ भारती, शाहदरा से जितेंद्र सिंह शंटी और कांग्रेस की अलका लांबा समेत विभिन्न पार्टियों के 69 प्रत्याशियों ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल कर दिया है।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में आतिशी ने कहा कि वह आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल की ईमानदारी की राजनीति को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ कालकाजी से अपना नामांकन दाखिल किया। पिछले पांच वर्षों में कालकाजी के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों से बहुत स्नेह और समर्थन मिला है। उसी विस चुनाव में भी यहां के लोगों का आशीर्वाद मिलेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अरविंद केजरीवाल पर दिए गए बयान को लेकर आतिशी ने कहा, यह सोचने वाली बात है कि ऐसा कैसे होता है कि जब कांग्रेस के प्रत्याशी संदीप दीक्षित केजरीवाल के खिलाफ शिकायत करने के लिए एलजी के पास जाते हैं, तो उन्हें तुरंत समय दे दिया जाता है। उनकी शिकायत स्वीकार कर ली जाती है। तुरंत कार्रवाई होती है और उस पर एफआईआर दर्ज होती है। जबकि विधायकों को अपने इलाके के काम के लिए एलजी से मिलने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। आतिशी का मुकाबला भाजपा के रमेश सिंह बिधूड़ी और कांग्रेस की अलका लांबा से है। मालवीय नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने भी लक्ष्मी नारायण मंदिर से मेगा रोड शो निकाल कर शक्ति प्रदर्शन किया। इस रोड शो में मालवीय नगर के हर कोने से आए लोगों ने हिस्सा लिया और फूल-मालाएं पहनाकर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। इस दौरान सोमनाथ भारती ने कहा कि वह मालवीय नगर को अपना परिवार मानते हैं और मेरा परिवार भी मुझे अपने करीबी सदस्य की तरह स्नेह और सम्मान देता है। पिछले 12 सालों में मैंने पैसे नहीं कमाए, बल्कि जनता के दिल जीता है। इसलिए रोड शो में लोगों का आपार प्यार मिला।

शाहदरा की आप प्रत्याशी की नामांकन में खास बात रही है कि व वह पीपी किड पहुंचकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे।


जिलाधिकारी कार्यालय में निर्वाचन अधिकारी को अपना पर्चा सौंपती मुख्यमंत्री आतिशी। फोटो: रंजन डिमरी


शाहदरा से आप आदमी पार्टी के उम्मीदवार जितेंद्र सिंह शंटी पीपी किट पहनकर नामांकन पत्र दाखिल करते हुए।


कालकाजी से कांग्रेस की उम्मीदवार अलका लांबा।

## भाजपा के 33 प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**नई दिल्ली।** भाजपा के 33 प्रत्याशी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले प्रत्याशी अपने क्षेत्र में रोड शो कर अपनी शक्ति का प्रदर्शन भी करेंगे। जिसमें कई मंत्री शामिल हो सकते है। दिल्ली के सभी 11 जिला निर्वाचन कार्यालयों में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के आरओ कार्यालय में प्रत्याशी सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन के लिए आवेदन दे सकेंगे। दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों के आवेदन नहीं लिए जाएंगे। इस बीच प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को एक सूची जारी कर बताया कि राजकरण खत्री, सुर्य प्रकाश खत्री, राज कुमार भाटिया, कुलवंत राणा, बरजंग शुक्ला, करम सिंह कर्मा, मनोज शौकिन, राज कुमार चौहान, विजेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, अशोक गोयल, मनोज कुमार जिंदल, दीप्ति इंदौरा, दष्यंत कुमार गौतम, राज कुमार आनंद, श्याम शर्मा, पंकज सिंह, प्रद्युमन राजपूत, कैलाश गहलौत, प्रवेश वर्मा, सरदार परविंदर सिंह मारवाह आदि 33 प्रत्याशी बुधवार को को अपने-अपने विधानसभ क्षेत्र के जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

# विधानसभा चुनाव: कांग्रेस और भाजपा की जुगलबंदी होगी उजागर : केजरीवाल




● बोले, सांसद राहुल गांधी के बारे में एक ही लाइन बोली थी, जवाब भाजपा की ओर से आ रहा है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि विधानसभा का चुनाव कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच जुगलबंदी को उजागर कर देगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बारे में एक ही लाइन बोली और जवाब भाजपा की ओर से आ रहा है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि भाजपा को देखिए कितनी तकलीफ हो रही है।

शायद दिल्ली का चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच सालों से पर्दे के पीछे चल रही जुगलबंदी पर से पर्दा हटा देगा। आप प्रमुख, भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय की पोस्ट का जिक्र कर रहे थे। मालवीय ने गांधी द्वारा केजरीवाल पर किए गए प्रहार के जवाब में आप प्रमुख की प्रतिक्रिया का हवाला देते हुए एक्स पर कहा, देश की चिंता बाद में करना, अभी नई दिल्ली की सीट बचा लो। केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर एक अन्य पोस्ट में कहा कि आप पूरी सड़ी गली व्यवस्था के खिलाफ लड़ रही है, जिसे लोगों के साथ मिलकर बदलने की जरूरत है। भाजपा और कांग्रेस दोनों उसी सड़ी गली व्यवस्था का हिस्सा हैं।

पिछले वर्ष हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन करने में विफल रहने के बाद, आप और कांग्रेस के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। सीलमपुर में सोमवार को चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केजरीवाल, जाति जनगणना के मुद्दे पर चुप हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि पिछड़ा वर्ग, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को उनका उचित हिस्सा मिले।

### भाजपा धन और सोने की चेन बांट रही है : आप

राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धन और सोने की चेन बांट रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि आप का ग्राफ बढ़ रहा है और उसे एक बार फिर पूर्ण बहुमत मिलेगा।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के पास आप को चुनौती देने के लिए दूरदृष्टि और नेतृत्व का अभाव है। भाजपा ने अपने सभी हथियार डाल दिए हैं क्योंकि उसके पास कोई दृष्टिकोण और मुख्यमंत्री पद का कोई चेहरा नहीं है। उसके पास कुछ भी नहीं है।

भाजपा पर चुनाव में अनुचित तरीका अपनाने का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि पार्टी वोट खरीदने के लिए जैकेट, जूते, साड़ियां, धन और यहां तक कि सोने की चेन भी बांट रही है।

केजरीवाल ने कह कि उन्होंने सुना है कि दो कॉलोनियों में सोने की चेन बांटी जा रही है। भाजपा कह रही है कि वह लोगों के वोट खरीदेगी। आप प्रमुख ने कहा कि वह दिल्ली के लोगों से अपील करते हैं कि अगर चुनाव के दौरान आप उम्मीदवार सहित कोई भी धन या सामान की पेशकश करता है, तो इनमें से किसी को भी वोट नहीं दें। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, यह स्पष्ट होता जा रहा है कि आप पूर्ण बहुमत के साथ एक स्थिर सरकार बनाने जा रही है।

# आम आदमी पार्टी ने केंद्र की योजना को रोका : सचदेवा




● बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित करने का आरोप लगाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी की सरकार पर आयुष्मान भारत योजना को लागू नहीं करके और दिल्ली में चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत करने के वास्ते 2,400 करोड़ रुपए स्वीकार नहीं करके राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित करने का आरोप लगाया। भाजपा की दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने राजनीतिक कारणों से आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना को रोका।

उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों ने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था, लेकिन आप ने अब तक इस योजना को लागू नहीं किया है जबकि दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद इसे लागू किया जा सकता था। सचदेवा ने यहां संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, वह अदालत से दिल्ली सरकार को निर्देश जारी करने का अनुरोध करते हैं कि क्योंकि आयुष्मान भारत योजना को लोगों के लाभ के लिए लागू करने की जरूरत है। भाजपा नेता ने दावा किया कि आप सरकार ने दिल्ली में चिकित्सा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एक केंद्रीय योजना के तहत उसे आवंटित 2,400 करोड़ रुपए को ठुकरा दिया। आप सरकार ने दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना को लागू करने की मांग का यह कहकर विरोध किया कि वह मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है, जबकि केंद्र की योजना का लाभ लेने के इच्छुक लाभार्थियों के लिए कई प्रतिबंधात्मक पात्रता मानदंड हैं।

# गंदगी को लेकर राहुल गांधी का आप प्रमुख पर तंज

● रिठाला में कार्यकर्ताओं के साथ नाले में गंदगी देखकर बोले, यह केजरीवाल की पेरिस जैसी दिल्ली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में गंदगी को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और तंज कसते हुए कहा कि यह केजरीवाल की पेरिस जैसी दिल्ली है।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मकर संक्राति कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिठाला पहुंचे थे और वहीं पर पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नाले और वहां मौजूद गंदगी को देखने पहुंचे। इस दौरान रिठाला से कांग्रेस उम्मीदवार सुशांत मिश्रा भी मौजूद थे। इस नाले और गंदगी का वीडियो एक्स पर साझा करते हुए गांधी ने कहा, केजरीवाल की चमकती दिल्ली पेरिस जैसी दिल्ली।

राहुल गांधी ने सोमवार को सीलमपुर की अपनी चुनावी सभा में भी केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया था और आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह झूठे वादे करने और प्रचार करने की रणनीति पर अमल करते हैं।

केजरीवाल ने उन पलटवार करते हुए कहा था कि राहुल गांधी कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वह देश बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के एक पुराने बयान को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधा और कहा कि अब समझ आ गया है कि वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों के आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा हटाने और जातिगत जनगणना पर क्यों चुप रहते हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केजरीवाल का एक पुराना वीडियो एक्स पर साझा किया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री यह कहते सुने जा सकते हैं कि जिसे एक बार आरक्षण मिल गया। उसे फिर नहीं मिलना चाहिए तथा वंचित वर्गों के समृद्ध लोगों को भी आरक्षण नहीं मिलना

## युवक की हत्या कर शव नाले में फेंका, चार पकड़े

**नई दिल्ली।** गाजीपुर इलाके में पुरानी दुश्मनी के चलते खोड़ा निवासी युवक की चाकू घोंप कर हत्या कर दी।हत्या के बाद युवक के शव को नाले में फेंककर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो आरोपी अभी फरार है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पवन यादव के रूप में हुई है। पवन पर भी कई अपराधिक मामले दर्ज थे ओर कुछ दिन पहले ही जेल से आया था । गाजीपुर थानांतर्गत सोमवार रात करीब 12.15 पर युवक की हत्या की कॉल मिली थी, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पवन को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

## कैग की रिपोर्ट सार्वजनिक करने संबंधी याचिका पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी प्रशासन से संबंधित उसकी 14 रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने कैग से यह बताने को कहा कि उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा सकती। पीठ ने मामले की सुनवाई 24 जनवरी के लिए स्थगित कर दी। जनहित याचिका दायर करने वाले सेवानिवृत्त लोक सेवक बृज मोहन ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं को आगामी विधानसभा चुनावों में मत डालने से पहले राजधानी की स्थिति और इसकी वित्तीय सेहत के बारे में पता होना चाहिए। कैग की रिपोर्ट में आप के नेतृत्व वाली सरकार की कुछ नीतियों की आलोचना की गई थी, जिसमें कथित तौर पर राजकोष को नुकसान पहुंचाने वाली आबकारी नीति भी शामिल थी। याचिका में कहा गया है कि आबकारी नीति से लेकर प्रदूषण तक कई मुद्दों से संबंधित रिपोर्ट का दिल्ली में शासन पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

## कांग्रेस की तीसरी सूची में 16 उम्मीदवारों के नाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार रात को प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी की। इस लिस्ट में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 16 उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगाई है। पार्टी ने पटेल नगर से अपनी वरिष्ठ नेता कृष्णा तीरथ को उम्मीदवार बनाया गया है।

साथ ही इस लिस्ट में गोकलपुर सुरक्षित सीट से ईश्वर बागड़ी के नाम शामिल है। इस सूची में पार्टी ने मुंडका से धरम पाल लकड़ा, किराडी से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से कुंवर करण सिंह, हरी नगर से प्रेम शर्मा, जनकपुरी से हरबानी कौर, विकासपुरी से एडवोकेट जितेन्दर सोलंकी, नजफगढ़ से सुषमा यादव, पालम से मांगेराम, आरकेपुरम से विशेष टोकस, ओखला से कु. अरिबा खान, विश्वास नगर से राजीव चौधरी, गांधी नगर से कमल अरोड़ा, शाहदरा से जगत सिंह और घोंडा से भीष्म शर्मा को टिकट दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मकर संक्रांति पर सामूहिक सूर्य नमस्कार



**नई दिल्ली।** मकर संक्रांति के अवसर पर आयुष मंत्रालय की तरफ से मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थाान में सामूहिक सूर्य नमस्कार में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। वीडियो संदेश के माध्यम से आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने सूर्य नमस्कार के महत्व की जानकारी के प्रचार व प्रसार पर बल दिया। इस अवसर मुख्य अतिथि आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव कविता गर्ग उपस्थित थीं। योग संस्थान के निदेशक, डॉ. काशीनाथ समगंडी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर निशांत मेहरा, अर्जुन चौधरी, प्रोफेसर संदीप लहंगे की इस अवसर विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी, सीएपीएफ, एनडीआरएफ के कर्मी और छात्रों ने भाग लिया।

### रामायण की दिव्यता का अनूठा अनुभव

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के प्रदर्शनी स्थल पर देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान श्री राम और महाकाव्य रामायण पर आधारित दो विशेष प्रदर्शनियां प्रवासी भारतीयों के आकर्षण का केंद्र रहीं। तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों द्वारा चार प्रमुख प्रदर्शनियां और प्रचार स्टॉल लगाए गए, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्वभर में फैले प्रवासी भारतीयों के साथ उसके गहरे संबंधों को दर्शाते हैं। भुवनेश्वर में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन 2025 में आईजीएनसीए की प्रदर्शनी प्रभारी लक्ष्मी रावत ने कहा, यह प्रदर्शनी भारत के विभिन्न राज्यों में खेले जाने वाली रामायण कथा के विभिन्न रूपों को प्रदर्शित करती है। चाहे वह राजस्थान की लोक चित्रकला हो, उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में रामलीला के प्रदर्शन का दस्तावेजीकरण हो या गोंड जनजातियों की नजर से रामायण हो, इस प्रदर्शनी के हर एक तत्व ने प्रवासी भारतीयों और स्थानीय दर्शकों को आकर्षित किया है।

### स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव में जश्न

**नई दिल्ली।** 26वें स्वामी हरिदास-तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की समृद्ध परंपरा को भव्य तरीके से मनाते हुए अपनी समाप्ति की। यह महोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आधुनिक विद्यालय, बाराखंभा रोड में आयोजित किया गया। इस आयोजन में देश के प्रमुख कलाकारों ने अपनी कला से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। 82 वर्षीय पद्मभूषण डॉ. उमा शर्मा द्वारा क्यूरेट किया गया यह महोत्सव महफिल अंदाज के प्रारूप को पुन:जीवंत करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की आत्मीयता को उजागर करता है। तीन दिनों में 2000 से अधिक लोगों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया। महोत्सव की शुरुआत द्रुपद के प्रख्यात गायक उस्ताद



फ. वसीफुद्दीन डागर के प्रभावशाली प्रस्तुति से हुई। दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण पं. विश्वमोहन भट्ट और उनके पुत्र पं. सलील भट्ट की मोहिन वीणा और सात्विक वीणा पर प्रस्तुति थी। तीसरी म कथक नृत्य और शास्त्रीय संगीत के संगम से सजी थी। डॉ. उमा शर्मा ने इस आयोजन को एक संदेश के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा, यह महोत्सव केवल संगीत और नृत्य का उत्सव नहीं है, बल्कि हमारी शास्त्रीय कला की समृद्ध धरोहर को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है।

# विस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को वोटर बीट्स कार्यक्रम

● युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करना प्रोग्राम का मकसद : वाज

● इसी श्रृंखला में, 18 को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में एक कव्वाली कार्यक्रम किया जाएगा : सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

चुनाव आयोग चुनाव में कम मत प्रतिशत को लेकर चिंतित है। खासकर शहरी क्षेत्रों में मतदान के प्रति उदासीनता पर चिंता जाहिर की। इसके मद्देनजर आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी में मतदान का दिन सप्ताह के मध्य में रखा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें।



इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आज विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता जागरूकता बढ़ाने और भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सुंदर नर्सरी में संगीत कार्यक्रम 'वोटर बीट्स' में प्रसिद्ध बैंड 'साधो' द्वारा प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने कहा कि वोटर बीट्स प्रोग्राम का मकसद लोकतंत्र का उत्सव मनाना और नागरिकों, विशेष रूप से पहली बार और युवा मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। सीईओ वाज ने कहा, युवा मतदाता लोकतंत्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आपका वोट आपकी आवाज है। वह युवा मतदाताओं से आग्रह करती हैं कि वे आगे आएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। अपने वोट डालकर, युवा नागरिक नीतिगत निर्णयों को सीधे प्रभावित कर सकते हैं और एक मजबूत लोकतांत्रिक प्रणाली में योगदान दे सकते हैं।

सार्वजनिक जागरूकता और मतदाता भागीदारी के लिए सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन के तहत कई अन्य गतिविधियों की भी योजना बनाई जा रही है। इसी श्रृंखला में, 18 जनवरी को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में एक कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सीईओ वाज ने इन पहलों के महत्व पर जोर डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य सभी मतदाताओं को चुनावों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## पीडब्ल्यूडी अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारी पर मुख्यमंत्री आतिशी से जुड़ी चुनाव सामग्री एक सरकारी वाहन में ले जाने का आरोप है। पुलिस ने बताया प्राथमिकी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज की गई है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में एक शिकायत निर्वाचन अधिकारी ने मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि सात जनवरी को सरकारी वाहन का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य के लिए किया गया। विस्तृत जांच के बाद पुलिस ने पीडब्ल्यूडी अधिकारी-दक्षिण-पूर्व डिविजन के अधिशाषी अभियंता के खिलाफ चुनाव प्रचार के लिए सरकारी वाहन का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 15 जनवरी, 2025



# कबड्डी हमारे हरियाणा की पहचान है : राजेश नागर

## पलवल के गांव कुशक भवाना में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री

- कहा, खेलों के माध्यम से प्रदेश के युवा करियर बनाने के साथ पैसे भी कमा रहा हैं


कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ मंत्री राजेश नागर।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज पलवल के गांव भवाना में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया।

इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि कबड्डी हमारे हरियाणा की पहचान है। कबड्डी एक तरफ हमारे युवाओं को खेल के साथ जोड़कर उनके तन मन को दुरुस्त रखती है। वहीं वह हमारी सांस्कृतिक पहचान को भी अक्षुण रखती है। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से आज युवा करियर बना रहा है वहीं नौकरी और पैसे भी कमा रहा है। नागर ने कहा कि हरियाणा की सरकार पूरे देश में सर्वाधिक सर्वाधिक इनाम देने वाली प्रदेश सरकार है। हरियाणा के खिलाड़ी आज देश दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने युवा खिलाडयिों का मनोबल बढ़ाया और कहा कि वह खेलों को अपने जीवन में अपनाएं और सभी प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी अपना जीवन खेल में लगाता है वह पूरी तरह से नशे से दूर हो जाता है और उसके अंदर आपसी एकता भाईचारे की भावना भी प्रबल हो जाती है। इस प्रकार हम खेल में शामिल होकर देश को और समाज को एकता के सूत्र में बांध रहे हैं और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने आयोजकों को भी सुंदर आयोजन पर बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किए जाने पर बल दिया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां खेल, विकास, शिक्षा सभी क्षेत्रों में हम तरक्की के नए सोपान रच रहे हैं। वहीं समाज के हर वर्ग को शासकीय लाभ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हर वर्ग की खुशहाली के लिए काम कर रही है। यही कारण है कि हरियाणा की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नारायण सिंह सैनी की सरकार को चुनकर अपने इरादे जता दिए हैं।

इस अवसर पर दादा रामेश्वर, उमेश पार्षद, सिंगर एम सी स्क्वायर, जयसिंह सरपंच, सुखबीर बैंसला, रघुराज नागर, बुल्ली ठेकेदार, धर्मेंद्र सरपंच, पवन जाखड़ सरपंच, योगेश सरपंच, बल्लू सरपंच, बिट्टू सरपंच, शेर सिंह चेयरमैन, केशव पहलवान, सुभाष पहलवान, धर्मेंद्र वकील, पार्षद महेंद्र भड़ाना, अजब चंदीला, एस डी पोसवाल, रमेश बैंसला, दयानंद नागर व अन्य मौजूद रहे।

# अशोक विहार फेज-3 में गैंगस्टर कौशल गैंग के गुर्गों ने मकान पर की फायरिंग

- फायरिंग करने वालों की तलाश में जुटी है पुलिस टीम



**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

गुरुग्राम में मंगलवार की सुबह करीब 5: 30 बजे अशोक विहार फेस-3 गुरुग्राम में दो बाइक सवारों ने एक मकान पर फायरिंग कर दी। फायरिंग की सूचना पाकर थाना पालम विहार पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। वहां पूछताछ में पता चला कि एक खाली मकान पर फायरिंग की गई है। वारदात के बाद बदमाश घर में कुछ पर्चियां फेंक गए, जिसमें कौशल चौधरी गैंग के गुर्गों के नाम लिखे हुए हैं। वारदात के पीछे कौशल चौधरी गैंग का नाम आने पर पुलिस भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-12 गुरुग्राम में रहने वाले रामनिवास ने अशोक विहार फेज-3 में नया मकान बनाया है। रामनिवास का कंस्ट्रक्शन का काम है। मंगलवार को उनके मकान का मुहूर्त होना था। मुहूर्त से पहले सोमवार की रात को रामनिवास के बेटे को यहां रुकना था। वह रात को मकान में नहीं रुका। मंगलवार की सुबह 5ः30 बजे वहां बाइक पर आए दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। मकान की पहली मंजिल को अपना निशाना बनाया। गोलियां चलने की आवाज को लोगों ने त्यौहार के कारण आतिशबाजी मान लिया। लोग अपने घर पर ही रहे। सुबह जब लोग उठे और घर से बाहर निकले तो गोलियों के खोल सड? पर देखे। ध्यान से देखा तो मकान पर गोलियां मारी गई थी। लोगों ने इसकी सूचना रामनिवास के परिवार को और पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की सीन-ऑफ-क्राईम व एफएसएल की पुलिस टीमों को मौके पर बुलवाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। मकान पर गोली चलाने के मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना पालम विहार में केस दर्ज किया गया है।

प्राथमिक जांच में पता चला है कि गोली चलाने की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपी बाईक पर सवार होकर आए थे। आस पास के एरिया से सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पहचान करके उन्हें काबू करने के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों की पहचान करने व गिरफ्तार करने के हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

# निगम की जमीन पर कब्जे के खिलाफ करें कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम में लोगों की शिकायतें सुनते निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग।

गुरुग्राम में मंगलवार को समाधान शिविर में गांव ग्वाल पहाड़ी में निगम भूमि पर अवैध कब्जे संबंधी शिकायत की सुनवाई के दौरान निगमायुक्त ने संबंधित सहायक अभियंता (अतिक्रमण) को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

नगर निगम गुरुग्राम में मंगलवार को समाधान शिविर में दो शिकायतें आई। दोनों शिकायतों की सुनवाई के दौरान निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जों को तुरंत प्रभाव से हटाया जाए तथा इस बारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निगम जमीनों को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर उन्हें सुरक्षित करने की कार्रवाई भी साथ-साथ ही की जाए, ताकि उन पर दोबारा से कब्जा ना होने पाए।

इंदिरा कॉलोनी से खुले मेनहोल संबंधी शिकायत की सुनवाई के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यदि किसी भी क्षेत्र में खुले मैनहोल के कारण कोई दुर्घटना होती है, तो संबंधित कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता को दोषी माना जाएगा। उनके विरूद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि सभी मैनहोल सुरक्षित ढंग से बंद हों। उन्होंने यह भी कहा कि शहर की जनता की सुरक्षा निगम प्रंशासन की प्राथमिकता है। किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# सफाई को लेकर निगम की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

- कांग्रेस नेता पंकज डावर ने गंदगी वाले क्षेत्रों की जारी की तस्वीरें, सेक्टर-102 व अन्य सेक्टर्स में है कूड़े का ढेर


गुरुग्राम के सेक्टर-102 में पड़ी गंदगी।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर ने सफाई नहीं रख पा रहे नगर निगम गुरुग्राम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है हाईकोर्ट भी गुड़गांव की सफाई पर सवाल खड़े कर चुका है। इसके बाद भी यहां अधिकारी और सरकार सफाई को लेकर गंभीर नहीं हैं। गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में अनेक स्थानों पर गदंगी फैली पड़ी है। इस गंदगी को उठाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा।

पंकज डावर ने कहा कि शहर के भीतरी और बाहरी क्षेत्रों में गंदगी की भरमार है। गंदगी कई महीनों से फैली पड़ी है, कोई उठाने वाला नहीं है। सफाई को लेकर बड़े बयान देने वाले यहां के जनप्रतिनिधि भी अब सफाई के मुद्दे को भूल चुके हैं। गुरुग्राम नगर निगम के अन्य क्षेत्रों की तरह सेक्टर-102 धनकोट में भी सफाई नहीं करवा रहा है। यहां महीनों से पड़ी गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से आसपास के क्षेत्र के लोग भी परेशान हैं। वहां पर कभी कोई सफाईकर्मी नजर नहीं आते।

पंकज डावर ने कहा कि नगर निगम टैक्स तो हर किसी से वसूलता है, लेकिन सुविधाएं देने के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा। इस क्षेत्र में कई रिहायशी सोसायटी, व्यवसायिक मॉल है। आगे चलकर स्कूल भी है। इसके बाद भी यहां सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। पंकज डावर के मुताबिक सफाई की जिम्मेदारी जिस नगर निगम की है, वह बाहरी क्षेत्रों समेत अन्य क्षेत्रों में सफाई करने में असमर्थ है। उन्होंने कहा कि धनकोट से पहले बसई में हालात बहुत खराब हैं। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी बसई से जलभराव को खत्म नहीं किया जा सका है। पंकज डावर ने कहा कि सरकार को इस समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए। सिर्फ दावों में नहीं, हकीकत में स्वच्छता नजर आनी चाहिए। इतना बड़ा अमला नगर निगम के पास है।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास, लगा जुर्माना

**गुरुग्राम।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को अदालत ने 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार नौ फरवरी 2021 को महिला थाना पश्चिम गुरुग्राम में एक शिकायत नाबालिग लड?ी के साथ दुष्कर्म करने के संबंध में केस दर्ज किया था। यह केस पॉक्सो एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के तहत दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में एक आरोपी मोहम्मद ताज उर्फ राहुल निवासी गांव सुखेडिया बिछोर जिला नूंह को 19 फरवरी 2021 को काबू किया। पुलिस जांच के बाद सभी आवश्यक साक्ष्य व गवाह एकत्रित करके अदालत में पेश किए गए।

# आठवीं की छात्रा को जन्मदिन के बहाने बुलाकर किया दुष्कर्म

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट की धाराओं में किया मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

गुरुग्राम के थाना शिवाजीनगर क्षेत्र में आठवीं कक्षा की छात्रा को जन्मदिन का केक काटने के बहाने बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म कर दिया गया। आरोपी युवक उसे केक काटने के बहाने बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने नाबालिग की मां की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित बच्ची की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 12 जनवरी को उसकी आठवीं कक्षा में पढने् वाली बेटी शाम को बिना बताए कहीं चली गई थी। वह 13 जनवरी को वापस लौटी। उसने बताया कि उसे अंशू नाम का लड़का अपने दोस्त अविनाश के जन्मदिन का काटने के लिए कहकर ले गया था। जहां श्रीजी गेस्ट हाउस में केक काटने के बाद अंशु उसे वहीं छोड़कर चला गया। इसके बाद अविनाश नाम के लड़के ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इस पर छात्रा की मां ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेसीबी खुदाई से पीएनजी लाइन फटी, हादसा टला

**पलवल।** दयाराम वशिष्ठ


पीएनजी पाइप फटने के बाद मौके पर मौजूद लोग।

बघौला देवली मार्ग पर न्यू एलेनबरी कम्पनी के सामने जेसीबी से खुदाई करते वक्त अचानक पीएनजी गैस पाइप लाइन फट गई। इससे तेज आवाज के साथ गैस का रिसाब शुरू हो गया। जिस स्थान पर गैस रिसाब शुरू हुआ, उसके समीप में ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी, शुक्र है गैस रिसाब की दिशा दूसरी ओर बदल जाने से बडा हादसा होने से टल गया। अन्यथा भारी तबाही मच सकती थी। सूचना मिलते ही पुलिस, फायरब्रिगेड व अदानी कम्पनी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गई। खबर लिखे जाने तक टूटी लाइन को ठीक करने का काम चला हुआ है।

बघौला देवली मार्ग पर इन दिनों रजवाहा के पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। न्यू एलेनबरी कम्पनी के सामने दोपहर बाद करीब पौने तीन बजे जेसीबी से जमीन में दबी केबल निकालने के लिए खुदाई चल रही थी। अचानक जेसीबी पंजा लगने से पीएनजी पाइप लाइन टूट गई। तेज आवाज के साथ गैस रिसाब होते देख चालक व अन्य लोग जेसीबी को लेकर भाग गए। गैस रिसाब के चलते देर तक अफरातफरी मची रही। प्रत्यक्षदर्शी न्यू एलेनबरी कम्पनी के प्रबंधक रविंद्र कुमार ने बताया कि तुरंत गैस रिसाब कम करने के लिए टैंकरों से पानी डालना शुरू कर दिया, ताकि गैस रिसाव का असर कम हो सके। साथ ही इसकी सूचना पावर हाउस को देते हुए बिजली व पीएनजी गैस आपूर्ति बंद करवा दी गई।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ किया जागरुक

**गुरुग्राम।** कचरे के स्रोत अलग-अलग को बढ़ावा देने, सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने और डस्टबिन के उचित उपयोग करने के प्रति नगर निगम गुरुग्राम ने मंगलवार को लोगों को जागरुक किया। सेक्टर-23, हुडा मार्केट में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधि का आयोजन किया गया।

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के हिस्से के रूप में एमसीजी आयुक्त अशोक कुमार गर्ग और संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार यादव के निर्देशों के तहत इस पहल की अगुवाई की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 250 विक्रेताओं ने भाग लिया आईसीयूसी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व में एमसीजी द्वारा नियुक्त एसबीएम सिटी सपोर्ट यूनिट ने सत्र का संचालन किया।

# महेश नागर का हाल जानने के लिए घर पहुंचे राबर्ट वाड्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति राबर्ट वाड्रा मंगलवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर व महेश नागर के सेक्टर-17 स्थित निवास पर पहुंचे। राबर्ट वाड्रा ने अस्वस्थ्य चल रहे महेश नागर का हालचाल जाना। उन्होंने पूरे परिवार से मुलाकात की और उनके साथ आधा घंटे तक रहे। इस मौके पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि महेश नागर व ललित नागर उनके पारिवारिक सदस्य है, आज उनका हाल चाल जानने पहुंचे है। उन्होंने कहा, महेश नागर जिंदादिल इंसान है और उन्होंने हमेशा सामाजिक व धार्मिक कार्यो में अपना जीवन बिताया है, ईश्वर उन्हें जल्द स्वस्थ्य करेगा। उन्होंने कहा कि मेरे साथ प्रियंका भी जल्द महेश नागर से मिलने आएंगी। इस दौरान मनोज नागर, राजू नागर, नितिश नागर, अभिलाष नागर, अंकित नागर सहित पूरा नागर परिवार मौजूद था।

# जनता से बजट पर सुझाव लेना सराहनीय : विजय

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम के वार्ड-32 से भावी पार्षद उम्मीदवार एवं भाजपा नेता विजय परमार ने कहा कि एक तरह से यह राम राज्य की स्थापना करना जैसा है कि प्रदेश की सरकार बजट पेश करने से पहले प्रदेश में घूम-घूमकर रायशुमारी कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं अलग-अलग जिलों में जाकर आमजन, युवाओं, उद्योगपतियों से बजट बनाने में सलाह दे रहे हैं।

यहां जारी बयान में विजय परमार ने कहा कि इसमें कोई दोराय नहीं कि इस बार का हरियाणा का बजट हर नागरिक के लिए खुशहाली भरा व कल्याणकारी होगा। युवाओं से, उद्योगपतियों से व आमजन से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रूबरू हो रहे हैं। बजट पर सलाह के लिए मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम से ही शुरुआत की है, जो अब बाकी जिलों में भी लोगों के बीच जा रहे हैं।

विजय परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार हरियाणा के बजट में 2 करोड़ 80 लाख लोगों की उम्मीदों को पूरा किया जाए, इसे लेकर सरकार काम कर रही है। सुपर-100, स्टार्टअप से जुड़े युवाओं व युवा उद्यमियों ने बजट पर जो सुझाव दिए हैं, उन सुझावों पर भी हरियाणा सरकार पूरा विचार-विमर्श कर रही है। पिछले बजट में भी युवाओं से सुझाव सरकार की ओर से लिए गए थे।

# शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी ध्यान देना चाहिए : अनुपमा



**गुरुग्राम।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति गुड़गांव विकास मंच द्वारा एस.डी. आदर्श पब्लिक स्कूल में कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुपमा मलिक (एचसीएस) प्रोटोकॉल ऑफिसर गुरुग्राम ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.डी. आदर्श विद्यालय सोसायटी अध्यक्ष आशा शर्मा द्वारा की गई।

विशिष्ट अतिथि के रूप में तरसेम शर्मा पूर्व जिला राजस्व अधिकारी, गुड़गांव विकास मंच के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी, कल्याण सिंह शर्मा पूर्व आईआरएस, अनिल दत्त शर्मा, मोना ठाकुर, बीनू चाहर, रेखा शर्मा, नीलम, यश सतीजा मौजूद थे।

# नागरिक समस्याओं के समाधान में जुटे : निगमायुक्त




**गुरुग्राम।** निगमायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने मंगलवार को सेक्टर-37 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री द्वारा मकर संक्रांति पर कंबल वितरण एवं भंडारा आयोजन में शिरकत की। उन्होंने नागरिकों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देने के साथ ही जनभागीदारी को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। इस मौके पर पीएफटीआई के चेयरमैन दीपक मैनी, वाइस चेयरमैन डा. एसपी अग्रवाल, निदेशक एडवोकेट आरएल शर्मा व डा. अंशुल ढींगड़ा, जिलाध्यक्ष पीके गुप्ता व महासचिव राकेश बत्रा ने स्वागत एवं धन्यवाद किया। समाजसेवी बोधराज सीकरी, अतिरिक्त श्रमायुक्त कुशल कटारिया, विशाल, हरीश घई, पूर्व एचसीएस अधिकारी तरशेम शर्मा आदि मौजूद थे।

## जरूरतमंदों को दिया राशन किट



**गुरुग्राम।** डेरा सच्चा सौदा के बोहड़ाकलां व फर्रुखनगर ब्लॉक की खरकड़ी में नामचर्चा हुई। ब्लॉक प्रेमी सेवक जगदीश इंसा ने जरूरतमंदों को राशन किट व कपड़े वितरित किए गए। नामचर्चा में 35 जरूरतमंद को फूड बैंक के तहत राशन किट वितरित की गई। क्लॉथ बैंक के तहत 40 को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर जगदीश इन्सां , राजेश इन्सां, बलकार इन्सां, डॉ. सुरेन्द्र इन्सां , आशीष इन्सां, कृष्ण इन्सां, सतबीर इन्सां, गंगाप्रसाद इन्सां, परमजीत इन्सां, बहन संतोष इन्सां, सुनीता इन्सां, भतेरी इन्सां आदि थे।

# गुलाब सिंह सैनी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ मजबूती से लड़ा था युद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



आजादी की जंग में ब्रिटिश शासन के खिलाफ हर क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी का अपना महत्व है। क्रांतिकारियों में गुलाब सिंह सैनी नामक क्रांतिकारी भी थे, जिन्होंने अंग्रेजी शासन के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी। गुलाब सिंह सैनी की पांचवीं पीढ़ी में उनके वंशज विनय कुमार सैनी एडवोकेट से गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच (संबंधित समाज उत्थान न्यास) ने शिष्टाचार भेंट की। राजा नाहर सिंह के शासनकाल के दौरान बल्लभगढ़ की सेना के सेनापति (कमांडर-इन-चीफ) रहे गुलाब सिंह सैनी को नमन किया।

सलाहकार धर्म सिंह सैनी, चेयरमैन बुद्ध राम सैनी, प्रधान महेंद्र सैनी (लीलू), सीए केशव, महासचिव हितेश सैनी, गगन दीप सैनी, विकास, एडवोकेट मुकेश सैनी आदि ने विनय कुमार सैनी एडवोकेट से मुलाकात करते हुए स्वतंत्रता सेनानी गुलाब सिंह सैनी के जीवन पर चर्चा की। सभी ने निर्णय लिया कि देश की आजादी में किसी भी तरह से योगदान देने वाले योद्धाओं के परिवारों को हमें सदैव सम्मान देना है। हर मंच पर उनकी उपस्थिति हमें गौरवान्वित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा भी बनेगी।

इतिहास में दर्ज है कि 10 मई 1857 को दिल्ली पर विजय प्राप्त करने के लिए मेरठ और अंबाला से आगे बढ़े ब्रिटिश सैनिकों के खिलाफ गुलाब सिंह सैनी ने स्वतंत्रता के लिए भीषण युद्ध लड़ा। गुलाब सिंह सैनी और उनके साथी साहसी सैनिकों ने युद्ध में ब्रिटिश सेना को कुचल दिया और उन्हें अपनी जान बचाने के लिए भागने पर मजबूर कर दिया। जिससे अंग्रेजों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोका जा सका। उन्होंने भारतीय शासकों के एक सम्मेलन द्वारा 1857 के भारतीय विद्रोह के नाम मात्र नेता बहादुर शाह जफर को भारत के सम्राट के रूप में ताजपोशी करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुलाब सिंह सैनी बल्लभगढ़ के राजा नाहर सिंह के कई पीढ़ियों से करीबी सहयोगी रहे जोध सिंह सैनी के पुत्र थे। गुलाब सिंह के पूर्वजों ने पारंपरिक रूप से महाराजा नाहर सिंह के परिवार के शासनकाल में मुख्य रूप से जाट रियासत में सेना प्रमुखों के रूप में उच्च पद संभाले थे। गुलाब सिंह सैनी को उनके पिता जोध सिंह सैनी ने प्रशिक्षित किया था। इसके बाद नाहर सिंह के बल्लभगढ़ के राजा के रूप में राज्याभिषेक के बाद उन्हें बल्लभगढ़ सेना का सेनापति (मुख्य सेनापति) नियुक्त किया गया। 10 मई, 1857 को जब अंग्रेजी सैनिक दिल्ली पर हमला करने के लिए मेरठ और अंबाला से आगे बढ़े तो गुलाब सिंह सैनी ने राजा नाहर सिंह के साथ मिलकर एक संयुक्त सेना का नेतृत्व किया। सेना ने ब्रिटिश सेना को करारी शिकस्त दी और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।

# संक्रांति पर खाद्य वितरण



**फरीदाबाद।** मकर संक्रांति का त्योहार राजस्थान सदन सेक्टर 10 मे वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ ने सेक्टर में काम करने कर्मचारी व गरीब व असहाय लोगों को योगदान देकर मनाया इस मौक़े पर लगभग 200 कम्बल व खाने जीबी की सामग्री बाँट कर मनाया। इस त्योहार घर में तिल के लड्डू बनाएँ जाते है मूँगफली,रेवड़ी कपड़े दान मक्के के बने हुए दाने आस पड़ोस में और बुजुर्गों को बाँटें जाते है। सीमा वशिष्ठ ने कहाँ की मकर संक्रांति बाले दान का बड़ा महत्व है इस दिन गर्म कपड़े दरी ,टोपी,तिल,गुड़,खिंचडी और घी दान करने से पुण्य मिलता है

# निर्धनों को कंबल वितरण



**गुरुग्राम।** ठाकुर रतिराम फाउंडेशन द्वारा मकर संक्रांति पर गरीबों को कम्बल वितरित किये गये। गांव वजीरपुर में फाउंडेशन ने करीब 500 कम्बल वितरित किए। यह कार्यक्रम फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश कुमार चौहान की देखरेख में आयोजित किया गया। ठाकुर रतिराम फाउंडेशन के डायरेक्टर राजेश कुमार चौहान के बड़े भाई प्रदीप चौहान ने बताया कि समाज के ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी हर तरह से मदद करना ही इस संस्था का मुख्य उद्देश्य है।

# प्रदेश में पात्र परिवारों को मिलेंगे 100 गज के प्लाट

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाउसिंग की योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

- मकान बनाने के लिए पैसे भी मिलेंगे, बुनियादी सुविधाओं के लिए 100 करोड़ की राशि की पहले से हुई स्वीकृत
- सीएम ने कहा, हाउसिंग बोर्ड के प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम को परिवार पहचान पत्र के साथ जोड़ने को कहा



चंडीगढ़ में हाउसिंग बोर्ड की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' और 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के तहत प्रदेश सरकार सभी गरीब परिवारों को जल्द ही आशियाना उपलब्ध कराएगी। इसके लिए हाउसिंग फॉर आल विभाग द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किये जा चुके हैं। प्रदेश के पात्र लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट आबंटन की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूर्ण की जाएगी।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में आयोजित की गई हाउसिंग फॉर आल विभाग की समीक्षा बैठक में यह जानकारी प्रदान की गई। योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट शहरों की तर्ज पर सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित विकसित कॉलोनियों में दिए जाएंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री द्वारा 100 करो? रूपए की राशि की स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है।

**पेमेंट के लिए लोन की भी हो व्यवस्था :** बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र परिवारों को फ्लैट या प्लाट आबंटन के लिए दी जाने वाली राशि को बैंकों के माध्यम से फाइनेंस करवाए जाने की सुविधा भी हो ताकि एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था न होने की स्थिति में भी कोई पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक में बताया गया कि योजनाओं के तहत प्रदेश में ऐसे सभी पात्र परिवारों को चिन्हित किया जा चुका है, जिनके पास अपने स्वयं के घर, घर बनाने के लिए जमीन अथवा फ्लैट नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 5 लाख से अधिक लोगों ने 100 वर्ग गज के प्लॉट के लिए आवेदन किया है और सभी पात्र लाभार्थियों को जल्द ही विभिन्न चरणों में प्लॉट मिलेंगे। इसकी प्रकार, योजना के तहत महाग्राम पंचायतों में 50 वर्ग गज के प्लाट आवंटित किये जायेंगे। इसी प्रकार, राज्य सरकार द्वारा 'मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना' के तहत शहरों में रहने वाले वाले लगभग 2.89 लाख से अधिक ऐसे परिवारों द्वारा घर के लिए आवेदन किया गया था, जिनके पास अपना घर नहीं है और जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इसमें प्लाट के लिए लगभग 1.51 लाख तथा फ्लैट के लिए 1.38 लाख लोगों ने आवेदन किया है। इसमें से 15256 को गत वर्ष प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर जारी किये जा चुके हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि हाउसिंग बोर्ड हरियाणा ने लगभग 80,000 आवंटियों के डेटा के प्रबंधन के लिए प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है। इससे पहले, संपत्तियों के सभी रिकॉर्ड भौतिक बहीखातों में एस्टेट मैनेजरों द्वारा मैन्युअल रूप से बनाए रखे जाते थे। आवंटियों को अपने ईएमआई भुगतान करने के बाद इन बहीखातों में अपने विवरण को अपडेट करने के लिए संबंधित एस्टेट मैनेजर के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। इसके अलावा, प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल को जमाबंदी पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हाउसिंग बोर्ड हरियाणा के तहत संपत्तियों के निर्बाध पंजीकरण की सुविधा मिलती है। यह एकीकरण संपत्ति रिकॉर्ड में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करता है।

बैठक में मुख्य सचिव डॉ विवेक जोशी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, हाउसिंग फॉर आल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाईन, महानिदेशक जे गणेशन, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रशासक चंद्रशेखर खरे मौजूद थे।

# राज्य की सहकारी चीनी मिलों में 'जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट' होंगे स्थापित

- सीएम सैनी ने कहा, सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी सहकारी चीनी मिलों में 'जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट' स्थापित किए जाएं ताकि चीनी-मिलों की वित्तीय स्थिति में भी सुधार आ सके। मुख्यमंत्री मंगलवार को चंडीगढ़ में नारायणगढ़ शुगर मिल की समीक्षा बैठक ले रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कैथल सहकारी चीनी मिल में पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट की स्थापना का कार्य शुरू किया जा चुका है, जिसमें बैगास की ब्रिकेट बनाकर हरियाणा के थर्मल पावर प्लाटों तथा अन्य उपभोक्ताओं को विक्रय किया जा रहा है। इससे चीनी-मिल की वित्तीय स्थिति में भी काफी सुधार आया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि इसी तर्ज पर प्रदेश की अन्य सहकारी चीनी मिलों में भी 'जैव ईंधन ब्रिकेटिंग प्लांट' की स्थापना की जाए। इससे चीनी-मिलों की वित्तीय स्थिति में भी सुधार आएगा। उन्होंने सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए हर संभव प्रयास के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में सरकार द्वारा सहकारी चीनी मिलों एवं किसानों के हित में उठाए जा रहे कदमों एवं सहकारी चीनी मिलों की कार्यकुशलता में लगातार सुधार पर खुशी जाहिर की। मुख्यमंत्री को बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान पिराई सत्र 2024-25 में 13 जनवरी तक शुगरफैड से संबंधित सभी सहकारी चीनी मिलों ने कुल 113.56 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई करते हुए औसत चीनी रिकवरी 8.70 प्रतिशत के साथ 9.18 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया है। पिछले पिराई सत्र 2023-24 में रोहतक, सोनीपत, जींद, पलवल, महम, कैथल और गोहाना सहकारी चीनी मिलों ने लगभग 7.14 लाख क्विंटल बैगास की बचत कर1630.31 लाख का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।

### लाडवा को 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

लाडवा। हरियाणवी व पंजाबी लोक गीतों व वाद्य यंत्रों ने लाडवा के लोहड़ी पर्व को ऐतिहासिक व यादगार बनाने का काम किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोहड़ी और मकर संक्रांति के महापर्व पर लाडवा हल्का के नागरिकों को 10 करोड़ 42 लाख रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। इस लोहड़ी पर्व को पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने लाडवा विधानसभा के लोगों के लिए आयोजित किया। इस लोहड़ी कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया और हरियाणवी और पंजाबी धुनों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के साथ-साथ आम नागरिकों को भी झूमने पर मजबूर कर दिया। इस पर्व की परंपरा को निभाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने लोहड़ी पर्व की पूजा-अर्चना की और मंत्रोच्चारण के बीच लोहड़ी की अग्नि में आहुति डाली।

# सूरजमल का इतिहास पाठ्यक्रम में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

- सरकार ने इस संबंध में जारी की अधिसूचना

हरियाणा सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए स्कूली पाठ्यक्रम में भरतपुर के महाराजा सूरजमल का इतिहास शामिल किया है। सरकार ने यह इतिहास आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल करने को लेकर अधिसूचना जारी की है। दिल्ली चुनाव के मद्देनजर हरियाणा में हुए इस फैसले का बड़ा राजनीतिक महत्व माना जा रहा है। दिल्ली चुनाव में जाट आरक्षण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सिरसा के फूलकां गांव में 24 दिसंबर को भारतीय जाट विकास मंच के बैनर तले महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भारतीय जाट विकास मंच ने मांग उठाई थी कि अन्य महापुरुषों की भांति हिंदू ह्रदय सम्राट महाराजा सूरजमल की जीवनी को भी स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए।

हरियाणा में जाट समाज की आबादी करीब 22.2 प्रतिशत है। इसके अलावा, राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी जाट समाज के लोग रहते हैं।

महाराजा सूरजमल का इतिहास पढ़ाए जाने की मंजूरी पर भरतपुर राजपरिवार के वंशज व पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने भी हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया है।

हरियाणा में रोहतक, सोनीपत, कैथल, पानीपत, जींद, सिरसा, झज्जर, फतेहाबाद, हिसार और भिवानी जिलों की करीब 35 विधानसभा सीट जाट बाहुल्य सीटें हैं। दिल्ली में हरियाणा से सटी महरौली, नजफगढ़, बिजवासन, पालम, मटियाला, विकासपुरी, नांगलोई जाट, नरेला, रिठाला और मुंडका आदि सीटें ऐसी हैं जहां जाट समाज का दबदबा है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी सत्ता में आने के बाद लगातार जाटों के बीच सक्रियता बढ़ोन पर जोर दे रहे हैं।

# गरीबों को कैंसर के इलाज के लिए मिलेगी आर्थिक सहायता : सुमन सैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** लाडवा

- हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा में पहले कैंसर जांच शिविर का किया उद्घाटन

हरियाणा राज्य बाल कल्याण की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि लाडवा हल्का के गरीब लोगों के कैंसर का इलाज निशुल्क करवाया जाएगा। इन लोगों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस लोकसभा क्षेत्र कुरुक्षेत्र के नागरिकों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के माध्यम से सांसद रहते हुए 1 करोड़ 80 लाख रुपए की आर्थिक सहायता वर्ष 2019 से 2024 तक उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्हीं के प्रयासों से ही लाडवा हल्का के नागरिकों के लिए पहला कैंसर जांच शिविर लगाया गया है। इस जांच शिविर में डॉक्टरों की रिपोर्ट के अनुसार 2 लोगों को कैंसर पाया गया है और 10 लोगों में कैंसर होने के लक्षण मिले है लेकिन आगामी जांच के बाद बीमारी की पुष्टि हो पाएगी।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी मंगलवार को लाडवा अस्पताल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष प्रयासों से राजीव गांधी कैंसर अस्पताल के सहयोग से लगाए गए पहले कैंसर जांच शिविर में बोल रही थी। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी, मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, सीएमओ डा. सुखबीर सिंह ने विधिवत रूप से कैंसर जांच शिविर का उदघाटन किया। इस पहले कैंसर जांच शिविर में 500 लोगों ने अपना पंजीकरण करवाया और 2 लोगों को कैंसर होने के कैंसर की बीमारी बताई गई, जबकि 10 लोगों को कैंसर होने की आशंका व्यक्त की गई। इन लोगों को आगामी जांच के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भेजा गया है। इन रिपोर्ट के बाद ही इन लोगों की सही बीमारी सामने आएगी।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से लाडवा हल्का के नागरिकों के स्वास्थ्य को जहन में रखते हुए पहला कैंसर जांच शिविर लगाया गया है। यह बीमारी पहले बहुत कम लोगों को होती थी, लेकिन अब यह बीमारी लगातार बढ़ रही है, इसलिए इस बीमारी का प्राथमिक चरण में पता लगाना और लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है। इस क्षेत्र में प्रदेश सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है सरकार की तरफ से लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के सांसद थे, उस समय प्रधानमंत्री योजना और मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए की राशि लोगों को आर्थिक सहायता के रूप में इलाज हेतु उपलब्ध करवाई गई थी। अब सीएम के प्रयासों से यह पहला शिविर लगाया गया है और इस प्रकार के शिविरों का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

इस शिविर में सभी नागरिकों का निश्शुल्क चैकअप किया गया है। उन्होंने उपाध्यक्षा सुमन सैनी का आभार व्यक्त किया है कि गरीब लोगों का कैंसर बीमारी का इलाज निशुल्क करवाया जाएगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

# टीडीके सोहना के प्रोजेक्ट से युवाओं को मिलेगा रोजगार



जापानी प्रतिनिधि से मुलाकात करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

- जापानी प्रतिनिधियों ने सीएम से मुलाकात में प्रोजेक्ट्स पर की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज एक जापानी डेलिगेशन ने मुलाकात की और हरियाणा में लगाए जा रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। डेलिगेशन में फुमियो सशीडा, चेयरमैन, काज़ुनूबो मियाके, गुआन जैमिन, जनरल मैनेजर, एटीएल व सुमित शामिल थे।

डेलिगेशन ने बताया कि जापानी कंपनी टीडीके सोहना में बड़ा प्लांट लगा रही है। इससे न केवल युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी उत्तरोत्तर वृद्धि होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता व विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बताया कि विदेशी निवेश को आकर्षित करने व विदेशी निवेशकों की मदद के लिए विदेश सहयोग विभाग स्थापित किया गया है। अनेक बड़ी कंपनियां आज हरियाणा में अपने प्रोजेक्ट्स लगाने की इच्छुक हैं। सरकार ने निवेशकों के लिए बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर व कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराई है जिसके चलते आज गुरुग्राम सहित एनसीआर रीजन में अनेक कंपनियां निवेश करने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिए सभी जरूरी सुविधाएं एक छत के नीचे उपलब्ध हो रही है।

### सीएम विंडो में लापरवाही पर दादरी के एडीसी को नोटिस

**चंडीगढ़।** हरियाणा मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ.साकेत कुमार ने सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों पर चेतावनी देते हुए चरखी दादरी जिला से संबंधित शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एडीसी को नोटिस जारी किया है।

# प्रदेश में ब्लाक स्तर पर खुलेंगे मिनी बाल भवन

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद ने जिला स्तर के बाद अब ब्लॉक स्तर पर मिनी बाल भवन खोलने का एक्शन प्लान तैयार किया है। नए साल पर परिषद का ब्लाक स्तर पर मिनी बाल भवन खोलना नया विजन है। परिषद ने बड़े जिलों के ब्लाक में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ ही बेसहारा बच्चों को सहारा देने के साथ भिक्षावृत्ति को रोकने पर भी परिषद पूरी तत्परता के साथ काम करेगी।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद ने नए साल में नए विजन तैयार किए हैं। इनमें मिनी बाल भवन के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास, स्लम एरिया में बच्चों को शिक्षा के साथ जोड़ना और नई शिक्षा नीति के तहत निशुल्क ब्लेंडेड लर्निंग की कोचिंग का विजन है। यही नहीं,स्लम एरिया में वर्चुअल क्लासरूम के इनोवेटिव एजुकेशनल प्रोजेक्ट को बढ़ावा दिया जाएगा। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि अधिकारियों को बाल श्रम रोकने व बाल श्रम स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए।

बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता का कहना है कि बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन होंगे। इनमें डांस, पेंटिंग, ड्राइंग, गीत व भाषण सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। जिला स्तर पर प्रतिभा खोज कार्यक्रमों के आयोजन के साथ राज्य स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही बाल महोत्सव के जरिये भी बच्चों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

सुषमा गुप्ता के अनुसार प्रदेशभर के हर जिले में परिषद की ओर से बाल भवन संचालित हैं। इनमें अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

It is informed to the public at large that my client VINOD KUMAR SHARMA S/o SH. HANUMAN SAHAI SHARMA and his wife SMT. MEENA SHARMA BOTH R/o A-335-338, DDA COLONY, CHAUKHANDI, TILAK NAGAR, NEW DELHI-18 hereby declaring / debarring /disowning- their son namely PRINCE from their properties (moveable or immoveable) because he is not under the control of my client. My clients and their family members have also severed all their relations with him as my clients are not be responsible/liable for any act, deed and thing done by him since today.

Dr. Ravinder Kumar (Advocate) Ch. No. L-10, Near Tehsil Building, Tis Hazari Courts, Delhi-110054

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा जन साधारण को सूचित किया जाता है मेरे मुवक्किल श्री राम किशन पुत्र नत्थू राम एवम उनकी पत्नी श्रीमती उषा पांचाल दोनों निवासी: एल-40, निकट गोल चक्कर, शास्त्री नगर, नोर्थ-वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110052 ने अपने दो पुत्र श्री मनीष पांचाल एवम् पवन पांचाल इनके द्वारा मेरे मुवक्किल के साथ लड़ाई-झगड़ा करने, गाली-गलौच व गलत आचरण और दुर्व्यहार के कारण मेरे मुवक्किल ने दोनों को अपनी समस्त चल और अचल सम्पति से अपने पुत्र श्री मनीष पांचाल एवम् पवन पांचाल को बेदखल कर रहे हैं और इनसे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं और भविष्य में कोई भी व्यक्ति इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करता हैं या फिर किसी अपराधिक गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगें। इसमें मेरे मुवक्किल की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

Satish Kumar (Advocate) Ch. NO. L-9A, First Floor, Tis Hazari Court, Delhi-110054

**Public Notice**

This is to inform general public that **M/s. S. R. Developers Green City India Pvt. Ltd.** has acquired Residential Lease hold Plot bearing No. 17, area measuring 662.09 sq.mtr., situated at block-N, Sector-11, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. by way of Sale Deed dated 23.10.2018 as Document No. 8559. Documents related to the above said property has been misplaced i.e. Sale Deed dated 23.07.2010 duly Registered as 11145. Anyone who find the said documents shall handover the same to the Manager of Axis Finance Ltd. Office No. F-3 Third Floor Sector -3, Noida 201301. Now, M/s. S. R. Developers Green City India Pvt. Ltd. availing loan on above said property from Axis Finance Ltd. & in case anyone has any objection, the same may beraised within 7 days of this publication to **Mr. Pramod Kumar Singh (Advocate), AccuLaw Source LLP, Unit No. S-2-U, 2nd Floor, built on Plot no. 4 and 5, Ansal Utility Commercial Center, Paschim Vihar, New Delhi-110063 or contact : +91 9560309909 (M)**

**PUBLIC NOTICE**

My clientess Smt. Rajbati W/o Sh. Sudesh R/o 1/5839/15A, Gali No.1, Tikona Park, East Rohtas Nagar, Shahdara Delhi - 32 has severed her relation from her son namely Dinesh, from all her movable and immovable properties due to his weak mental situation (depression), misconduct, misdeed, and misbehavior, if any body deals with him, my clientess and rest of the family members shall not be held responsible for the same.

Deepak Sehgal, Advocate

**LOST & FOUND**

I, Suman Sawhney Alias Kitty Sawhney D/o Sh. Som Nath Oberoi W/o Sh. Harish Sawhney R/o M-105, M-Block, Greater Kailash-I, Phase-I, South New Delhi-110048 declare that Share of HUL & Folio No. HLL1153227 Share Certificates No. 47975341 To 47976840 Total 1500 share Certificates has been lost.

**पब्लिक नोटिस**

सभी को पता है कि मेरे मुवक्किल 1.श्री रजत, 2. श्री राजीव कुमार, 3. श्री सुदेश सचदेवा, 4. श्री अमित चुघ, संपत्ति संख्या डी-61-ए प्लाट नंबर डी-61,क्षेत्र 70 वर्ग गज के मालिक। खसरा नं 575, गांव नवादा माजरा हस्तसाल, मोहन गार्डन,ब्लाक-डी,उत्तम नगर,नई दिल्ली -110059 के मालिक हैं। 1.श्री रजत,2.श्री राजीव कुमार ,3. श्री सुदेश सचदेवा,4.श्री अमित चुघ, ने उक्त प्लाट को श्रीमती कांता देवी से नोटरीकृत जीपीए, एटीएस और वसीयत दिनांक 26.11.2010 के द्वारा खरीदा था अब 1.श्री रजत,2.श्री राजीव कुमार,3.श्री सुदेश सचदेवा,4.श्री अमित चुघ उपरोक्त संपत्ति बेचना चाहते हैं। और यह सूचित किया जाता है कि मेरे उक्त ग्राहक को छोड़कर किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेजों के साथ कोई सौदा इकरार,बिक्री,बंधक आदि सिवाय 1.श्री रजत,2.श्री राजीव कुमार,3.श्री सुदेश सचदेवा,4.श्री अमित चुघ के बीच, मान्या नही होगा. तथा अगर किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति मे किसी प्रकार का अधिकार या दावा करना चाहता है तो वह नीचे लिखे न. पर इस प्रकाशन के 15 दिन के अंदर संपर्क कर अपने अधिकार या आपत्ति का की जानकारी दे दे. तथा उक्त कॉगजो को वापस कर दे

एडरेम लिगल सल्यूशन
चेंबर न.760,द्वारका कोर्ट,सेक्टर-10,द्वारका,नई दिल्ली-75
मोबाइल : 9899013918

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री सुमित कुमार मिश्रा जी सम्पूर्ण सम्पत्ति संख्या-9/572, सुभाष रोड, कृष्ण गली नम्बर-4, गांधी नगर, दिल्ली-110031 के एकमात्र मालिक व काबिज है उनका कोर्ट केस इस सम्पत्ति के बाबत अपनी बहन सारिका टूटेजा के साथ चल रहा है जिसका वाद संख्या CS 2498/2024, Titled as "Sarika Tuteja Versus Sumit Kumar" and CS no. 2444/2024, Titled as "Sumit Kumar Versus Sarika Tuteja" है। अत: सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि इस सम्पत्ति की खरीद फरोख्त करता है तो वह गैरकानूनी समझा जायेगा। मेरे मुवक्किल उस व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे।

Dalip Kumar Santoshi, Advocate

**सार्वजनिक सूचना**

**सोभा लिमिटेड (CIN नंबर L45201KA1995PLC018475)**
**पंजीकृत कार्यालय:** सरजापुर, मार्थाहल्ली, आउटर रिंग रोड (ओआरआर), देवराबिसनाहल्ली, बेलंदूर पोस्ट, बेंगलुरू-560 103
**क्षेत्रीय कार्यालय:** 5वीं मंजिल, राइडर हाउस, प्लॉट नंबर-136पी, सेक्टर-44, गुरूग्राम-122 003, हरियाणा
**ई-मेल:** haryana.rera@sobha.com • **फोन:** 0124-4855-555

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि मेसर्स सोभा लिमिटेड एक समूह आवासीय परियोजना 'सोभा अरनया फेज-1' का निर्माण कर रही है, जो सेक्टर-80, नौरंगपुर, गुरूग्राम, हरियाणा में 14.81747 एकड़ क्षेत्र में स्थित है। यह परियोजना हरियाणा के निदेशक, नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग द्वारा 05 सितंबर 2023 को जारी लाइसेंस संख्या 180/2023 के तहत विकसित की जा रही है। इसके अलावा, इसका एचआरईआरए पंजीकरण संख्या RC/REP/HARERA/GGM/808/540/2024/35 दिनांक 01 अप्रैल 2024 है।

मेसर्स सोभा लिमिटेड (यहां आगे "कंपनी" के रूप में संदर्भित) ने बैंक खाता परिवर्तन के लिए आवेदन किया है, जिसमें एक्सिस बैंक लिमिटेड से आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड में खाता स्थानांतरण किया गया है। इसके लिए कंपनी ने हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी, गुरूग्राम से प्रारंभिक स्वीकृति प्राप्त की है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित/अवगत कराया जाता है कि बैंक खातों में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:

| Particulars | Previous Bank Accounts | New Bank Accounts |
|---|---|---|
| Bank Name | Axis Bank Limited | ICICI Bank Limited |
| IFSC Code | UTIB0000009 | ICIC0000002 |
| Master Collection Account No. (100%) | 923020036596137 | 000205038977 |
| RERA Account No. (70%) | 923020036596140 | 000205038974 |
| Promoter Free Cash Flow Account No. (30%) | 923020036596153 | 000205038975 |

दिनांक: 15.01.2025
स्थान: गुरूग्राम
मेसर्स सोभा लिमिटेड

# हरियाणा कैबिनेट सात फरवरी को लगाएगी महाकुंभ में डुबकी

- प्रदेश से तीस हजार लोगों को महाकुंभ में लेकर जाने की है योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सरकार भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में डुबकी लगाएगी। सरकार के प्रयागराज जाने का कार्यक्रम तय हो गया है। सरकार की कोशिश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरी कैबिनेट को महाकुंभ में लेकर जाने की है। हालांकि अगर मंत्री, सांसद और विधायक अगर अपने हिसाब से महाकुंभ में जाना चाहेंगे तो वे अपने स्तर पर अकेले या परिवार के साथ भी महाकुंभ में जा सकेंगे।

सीएम नायब सिंह सैनी का फिलहाल सात फरवरी को महाकुंभ में जाने का प्लान है। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है और 26 फरवरी तक चलेगा। हरियाणा से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के प्रयागराज जाने का अनुमान है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को महाकुंभ में लेकर जाने का कार्यक्रम बनाया है। हालांकि प्रदेश से महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में हो सकती है। सीएमओ (मुख्यमंत्री कार्यालय) द्वारा हरियाणा कैबिनेट के प्रयागराज कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। महाकुंभ में हरियाणा के श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए प्रशासन बंदोबस्त करने में जुटा है। इधर, यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से हरियाणा के स्पीकर हरविन्द्र कल्याण को भी महाकुंभ का न्योता भेजा है। हरविन्द्र कल्याण अगर महाकुंभ में जाते हैं तो उन्हें स्टेट गेस्ट घोषित किया जाएगा। पिछले दिनों यूपी के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को आमंत्रित किया था।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

**LOST & FOUND**

I, Sunder Lal S/o Lt. Jhandu Singh R/o H.No.6/5, MCD Barracks, Leprosy Colony, Tahirpur, Shahdara, Delhi-110095, place information that original chain papers of property No. A-10, Priyadarshani Vihar, Road No. 64, Tahirpur, Delhi-110095, favouring Parwati W/o Lt. Jhandu Singh have been lost elsewhere and not found till date.

PD(1251)C

**CHANGE OF NAME**

I, Atul S/o Shri Vasdev Chawla R/o P-64, Pratap Naar, Delhi-110007 declare that I have changed my name from Atul to Atul Chawla with my own free will and choice for all future purposes.

PD(1250)C

ADITYA BIRLA CAPITAL PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

**आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** इंडियन रेयान कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362266।
**शाखा कार्यालय:** तीसरी मंजिल, जीएस-ट्रेड सेंटर, 534-536, नेमी सागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर-302021

**सरफेसी अधिनियम - 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस**

आपने, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता ने, अनुसूची संपत्ति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप नीचे उल्लिखित ऋण समझौते के लिए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता के रूप में खड़े हैं। आपके द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम 2002 (संक्षेप में SARFAESI अधिनियम) के प्रवर्तन के प्रावधानों के तहत NPA के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हमने आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड ने आपके द्वारा दिए गए पते पर सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के साथ पठित धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस की विषय-वस्तु यह है कि आपने स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की थी। उक्त नोटिस की विषय-वस्तु यह है कि आपने स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की थी। इसलिए, वर्तमान प्रकाशन सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 (1) के प्रावधान के संदर्भ में नोटिस की तामील के लिए किया गया है।

| ऋण खाता संख्या/खाते उधारकर्ता(ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) का नाम और पता | मांग सूचना की तिथि | डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि |
|---|---|---|
| ऋण खाता सं. - ABFDL3TER00001002495<br>**1. मैसर्स हर्षिता वाश, थ्रू प्रोपराइटर, 2. श्री मान सिंह, 3. श्रीमती सोनम देवी, सभी निवासी -** C-1266, ब्लॉक-सी, स्ट्रीट नंबर 14, न्यू बसेलवा कॉलोनी, ओल्ड फरीदाबाद, पलवल, हरियाणा-121002, **यह भी :** हाउस नंबर बी -36, ब्लॉक बी -1, पहली मंजिल, बीपीटीपी, सेक्टर -85, खेरी कलां (113), फरीदाबाद, हरियाणा -121002, **यह भी :-** प्लॉट नंबर 34, गांव मावल, कालिंदी पब्लिक स्कूल के पास, फरीदाबाद, हरियाणा -121003। **यह भी -** संपत्ति खसरा नंबर 1783, (2 बीघा 2 बिस्वा) में से 242 वर्ग गज (1 बिस्वा 12 बिसवांसी), ग्राम बसलवा कॉलोनी, तहसील और जिला फरीदाबाद, हरियाणा-121002 | 30.12.2024<br>-------------<br>एनपीए तिथि 14-12-2024 | रु. 87,31,711.57/- (रुपये सत्तासी लाख इकतीस हजार सात सौ ग्यारह और सत्तावन पैसे केवल) 19.12.2024 तक |

**"सुरक्षित संपत्तियों का विवरण"** - वह सब टुकड़ा और पार्सल: "संपत्ति खसरा नंबर 1783, (2 बीघा 2 बिस्वा), ग्राम बसलवा कॉलोनी, तहसील और जिला फरीदाबाद, हरियाणा -121002 से 242 वर्ग गज (1 बिस्वा 12 बिसवांसी) की भूमि है। उत्तर: 59.6 फीट चौड़ी, व्यक्तिगत सड़क 14 फीट, पूर्व: 36 फीट चौड़ी शेष भूमि, दक्षिण: 61.3 फीट चौड़ी, प्रदीप का भूखंड, पश्चिम: 36 फीट चौड़ा, कॉमन रोड गली नंबर 14"

आपको एतद्द्वारा आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर ब्याज और लागत के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, जिसमें विफल होने पर आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधक की सुरक्षित परिसंपत्तियों का कब्जा लेने सहित सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित परिसंपत्तियों के खिलाफ उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई करेगा। उक्त अधिनियम के तहत आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड को उपलब्ध शक्तियों में शामिल हैं (1) उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधक की प्रतिभूत परिसंपत्तियों को कब्जे में लेने की शक्ति, जिसमें पट्टे के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार, प्रतिभूत आस्तियां जारी करने के लिए बिक्री का समनुदेशन शामिल है (2) पट्टे, समनुदेशन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के अधिकारों सहित सुरक्षित परिसंपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना और सुरक्षित परिसंपत्तियों की वसूली करना और आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा सुरक्षित परिसंपत्तियों के रूप में कोई भी हस्तांतरण सुरक्षित परिसंपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंध में निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया है। उक्त अधिनियम की धारा 13/13 के प्रावधानों के संदर्भ में, आपको एतद्द्वारा आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना ऊपर संदर्भित और गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्यथा (आपके व्यवसाय के सामान्य पाठ्यक्रम के अलावा) स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

दिनांक : 15.01.2025, स्थान : फरीदाबाद
प्राधिकृत अधिकारी, आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड

**रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN L74899DL1976PLC008036
पंजीकृत कार्यालय: दुकान नं. 37 शंकर मार्केट, कनॉट प्लेस, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली-110001
फोन नं. 011-47366600, ईमेल आईडी: info@rotoindia.co.in, वेबसाइट: www.rotoindia.co.in

**सूचना**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण आम बैठक शनिवार, 08 फरवरी, 2025 को दोपहर 01:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीएस)/अन्य दृश्य-श्रव्य माध्यमों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

परिपत्र संख्या-14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, परिपत्र संख्या-17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 को परिपत्र संख्या-20/2020 दिनांक 05 मई 2020 (एमसीए) के साथ पठित और सेबी ("परिपत्र") द्वारा जारी परिपत्र संख्या-SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 और और भौतिक प्रतियां भेजने में होने वाली कठिनाइयों के कारण, असाधारण आम बैठक की सूचना कंपनी के उस सदस्य को भेज दी गई है, जिसका ईमेल 13 जनवरी, 2025 को कंपनी/आरटीए के साथ पंजीकृत है। सदस्य कृपया ध्यान दें कि कंपनी ईजीएम नोटिस की भौतिक/हार्ड प्रतियां नहीं भेजेगी।

चूंकि ईजीएम परिपत्रों के अनुसार वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है, इसलिए सदस्यों की भौतिक उपस्थिति समाप्त कर दी गई है। तदनुसार, ईजीएम के लिए सदस्यों द्वारा प्रॉक्सी नियुक्त करने की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले जिन सदस्यों ने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इसे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जिसे यहां आरटीए के रूप में संदर्भित किया गया है) के साथ compliances@skylinerta.com पर पंजीकृत/अपडेट करें।

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.rotoindia.co.in और स्टॉक एक्सचेंज अर्थात बीएसई लिमिटेड और एनएसडीएल की वेबसाइट evoting@nsdl.co.in पर भी उपलब्ध हैं।

यह भी ध्यान दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार, संशोधित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 और विनियम, 2015 के नियम 20 के साथ, कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और नोटिस में बताए गए व्यवसाय को एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है। सदस्य निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

i. कट-ऑफ तिथि अर्थात शनिवार, 01 फरवरी, 2025 को शेयर रखने वाले सदस्य नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से EGM की सूचना में निर्धारित साधारण व्यवसाय पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। ई-वोटिंग की अवधि शुक्रवार, 27 सितंबर, 2024 को सुबह 9 बजे से शुरू होकर शुक्रवार, 07 फरवरी, 2025 को शाम 5 बजे तक चलेगी।
ii. कट-ऑफ तिथि के अनुसार भौतिक या डीमैटरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य रिमोट ई-वोटिंग अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट दे सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने वाले सदस्य ईजीएम में भाग लेने के पात्र होंगे। हालाँकि, वे ईजीएम में मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

कंपनी ने ई-वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए मेसर्स वी कुमार एंड एसोसिएट्स के प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी श्री विवेक कुमार को स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है। किसी भी प्रश्न के मामले में, आप https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQS) और सदस्यों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या NSDL से निम्नलिखित टोल फ्री नंबर: 1800-222-990 पर संपर्क कर सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी अन्य शिकायत के लिए, सदस्य निम्नलिखित जानकारी के लिए NSDL से **फोन: +91 22 24994545, + 91 22 24994559 पर** सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेश द्वारा
कृते रोटोग्राफिक्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/-
गौरव कुमार
निदेशक
डीआईएन 01159468

दिनांक: 10.01.2025
स्थान: दिल्ली

## महाकुंभ

### महान भारतीय विरासत

**महाकुंभ** भारत की एकता, विविधता तथा स्थाई आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। भारत में अनेक मेले और त्योहार होते हें, पर महा कुंभ जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण और आध्यात्मिक आयोजन है जिसमें परिवर्तनशीलता, आधुनिकता, संस्कृति और मानवीय इच्छाशक्ति एकसाथ प्रदर्शित होती है। 13 जनवरी को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शुरू हुआ महा कुंभ मेला, 2025 दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है जिसमें गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर करोड़ों भक्त एकत्र होते हैं। आशा है कि 45 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में 45 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री एकत्र होंगे जिनमें 15 लाख विदेशी श्रृद्धालु भी शामिल हैं। महा कुंभ एक अत्यधिक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक अवसर है जिसकी जड़ें प्राचीन हिंदू परंपराओं में निहित हैं। विश्वास किया जाता है कि त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान से कोई भी पापों से मुक्त होकर मोक्ष के मार्ग पर चलता है। यह विशाल आयोजन और वहां एकत्रित भारी संख्या में श्रृद्धालु भारत की स्थाई आध्यात्मिक विरासत का प्रमाण हैं तथा उसकी एकता और सांस्कृतिक ढांचे में विविधता का पर्याय हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महा कुंभ 'विश्वास, भक्ति और संस्कृति का पवित्र संगम है।' केन्द्रीय एजेंसियों के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार ने तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व व असाधारण संख्या को सुविधायें देने के व्यापक इंतजाम किए हैं। राज्य सरकार ने इस आयोजन के लिए 7000 करोड़ रुपये का बजट आबंटित किया है तथा सफाई, सुरक्षा और तकनीकी समन्वय पर जोर दिया है।



हालांकि किसी अन्य विशाल आयोजन की तरह महा कुंभ भी दुर्घटनाओं की आशंका से मुक्त नहीं है जिसमें खासकर अतीत में हुई भगदड़ जैसी घटना शामिल है। इससे निपटने के लिए खासकर महत्वपूर्ण स्नान तिथियों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्थायें की गई हैं। राज्य सरकार ने सुरक्षा तथा चौबीसों घंटे व सातों दिन निगरानी के लिए एआई-सक्षम कैमरे, अंडरवाटर ड्रोन तथा पीएसी, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमें तैनात की हैं। ये तीर्थयात्रियों व पानी की सुरक्षा पर नजर रखेंगी। भारत में पहली बार अपने किस्म की अद्यतन डिजिटल निगरानी व्यवस्था प्रयोग की जा रही है जिससे भीड़ प्रबंधन के साथ सुरक्षा का समन्वय किया गया है।

इस बार घाटों के विस्तार के साथ ही रिमोट जीवनरक्षक व्यवस्थायें प्रयोग की जा रही हैं जिनमें 700 नौकायें भी शामिल हैं। इनसे श्रृद्धालुओं के सहज आवागमन के साथ उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। महा कुंभ में प्राचीन आध्यात्मिकता के साथ ही आधुनिक ढांचागत संरचना का उल्लेखनीय मेल देखने को मिलेगा। इस वर्ष के 'मेले' में यह समन्वय दिखेगा जिसमें अद्यतन तकनीकों का सनातन परंपराओं से मेल सामने आएगा। इस आयोजन में भक्तों, संतों और पर्यटकों का मेल होने से विश्वास एवं संस्कृति की धारा प्रवाहित होगी। पहले 'शाही स्नान' पौष पूर्णिमा पर 40 लाख से अधिक भक्तों ने संगम में स्नान किया। इस पवित्र स्नान के साथ 'मेले' की शुरुआत हुई जो आत्मा और शरीर को पवित्र करने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रृद्धालुओं का स्वागत करते हुए जोर दिया है कि यह आयोजन 'विविधता में एकता' का उत्सव है जो विश्वास एवं आधुनिकता को एकसाथ जोड़ता है। सुव्यवस्थित योजना तथा अडिग प्रतिबद्धता के साथ महा कुंभ 2025 एक महत्वपूर्ण प्रतीक के रूप में उपस्थित है जो आधुनिक तकनीकी प्रगति को समाहित करते हुए आध्यात्मिक जड़ों का सम्मान करने की भारतीय क्षमता का प्रतीक है। महा कुंभ करोड़ों लोगों को आध्यात्मिक शांति एवं सांस्कृतिक समृद्धि का परिवर्तनकारी अनुभव प्रदान करता है।

# भारत की वैश्विक महत्वाकांक्षा

पिछले वर्षों में गणतंत्र दिवस पर अतिथियों की सूची से भारत की बढ़ती वैश्विक महत्वाकांक्षायें तथा राजनय व व्यावहारिकता में संतुलन स्पष्ट होता है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, पूर्व उपराज्यपाल हैं)



भारतीय संदर्भ में देखें तो गणतंत्र दिवस जैसे आयोजनों में विदेशी राज्य प्रमुखों को आमंत्रित करने की रणनीति द्विपक्षीय मित्रता और पारस्परिक संबंधों को बढ़ावा देने के साथ ही उससे आगे जाती दिखती है। इस वर्ष इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पराबोवो सुबिनातो गणतंत्र दिवस परेड में भारत के विशिष्ट अतिथि होंगे। पिछले वर्ष फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रान विशिष्ट अतिथि थे। वे हडसन इंस्टीट्यूट के प्रमुख हैं जिसने 'भारत हमारा नया सर्वोत्तम मित्र' है की घोषणा की थी। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि फ्रांस उन विरल देशों में से एक था जिसने भारत के नाभिकीय परीक्षण की निन्दा नहीं की थी और वह बाद में भारत को नाभिकीय ईंधन व रिएक्टर सप्लाई करने वाला एक प्रमुख देश बन गया था। उसने संयुक्त राष्ट्रसंघ् । सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की पैरोकारी करते हुए राफेल लड़ाकू विमानों व स्कारपीन पनडुब्बियों जैसे महत्वपूर्ण रणनीतिक रक्षा प्लेटफार्म उसे उपलब्ध कराए हैं। मैक्रान के पहले मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फ्तेह अलसीसी विशिष्ट अतिथि बने थे। यह एक प्रकार से नेहरू-नासिर युग की स्मृतियां याद करने की तरह था और उनकी यात्रा 'उम्मा' यानी इस्लामी दुनिया में भारत की बढ़ती पंसद का प्रतीक थी। इससे पाकिस्तान की दशकों पुरानी लफ्फाजी भी खारिज होती थी। गणतंत्र दिवस आयोजन में शामिल होने वाले अन्य विशिष्ट अतिथियों में ब्रिक्स देशों-ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के नेता थे। यह भारत के वैश्विक विस्तार तथा उसकी रणनीतिक स्वायत्तता संबंधी महत्वाकांक्षा का प्रतीक है जिसमें महाशक्तियों के नेतृत्व वाले 'समूहों' से इतर संबंध बनाना शामिल है। लेकिन अवसरों और खतरों की द्वैधता के कारण एक क्षेत्र भारत के लिए खास चिन्ता का विषय है।

इसके लिए 'एक्ट ईस्ट' नीति का विकास किया गया है जो पहले 'लुक ईस्ट' नीति थी। आंशिक रूप से समृद्ध आसियान क्षेत्र में गठबंधन बनाने की संभावनाओं तथा आंशिक रूप से चीन के विस्तारवाद के प्रति साझा सरोकार से पैदा सुरक्षा चिन्ताओं के कारण ये पूर्वी देश भारत के स्वाभाविक सहयोगी बन सकते हैं। इसलिए गणतंत्र दिवस परेड में 2018 अतिथियों की सूची में उन राज्य प्रमुखों को स्थान मिला है जो 'साझा मूल्यों, समान भविष्य' की अवधारणा में शामिल होते हैं। इनमें ब्रूनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपीन्स, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

इस वर्ष एक बार फिर विशिष्ट अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो हैं। वे 2018 में जोको विडोडो, 2011 में सुसीलो बामबांग युधियोनो तथा 1950 में सुकार्णो के मुख्य अतिथि बनने का बाद ऐसे तीसरे इंडोनेशियाई राज्य प्रमुख होंगे। संयोग से सुकार्णो गणतंत्र दिवेस परेडों में शामिल होने वाले पहले विदेशी राज्य प्रमुख थे। दोनों एशियाई देशों के बीच गहरे सभ्यतामूलक व सांस्कृतिक संबंधों के साथ ही इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम जनसंख्या वाला देश है जिसने धार्मिक सहिष्णुता की अवधारणाओं को संस्थागत रूप दिया है और इस प्रकार वह भारत के समान है। लेकिन शायद सर्वाधिक महत्वपूर्ण समान स्थिति चीन के साथ उसका समस्याग्रस्त इतिहास तथा इंडोनेशियाई तानाशाह और कद्दावर नेता सुहार्तो की हत्या के बाद पैदा अशांति है। इस अशांति में 0.5 से 1 मिलियन तक कम्युनिस्ट मारे गए थे तथा चीनी साहित्य, संस्कृति व राजनयिक संबंधों पर प्रतिबंध लगाया गया था। दशकों बाद 1990 में चीन-इंडोनेशिया राजनयिक संबंध बहाल हुए थे। लेकिन दक्षिण चीन सागर में चीन के बेशर्म दावों तथा विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं से इंडोनेशिया सर्वाधिक प्रभावित है। बार-बार होने वाली चीनी घुसपैठों के कारण नाटुना द्वीपों की संप्रभुता सर्वाधिक प्रभावित है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि 'परमानेंट कोर्ट आफ आर्बीट्रेशन' ने इंडोनेशियाई दावों को वैध माना है। लेकिन इस मुद्दे के बावजूद हाल ही में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो ने हाल ही में चीन के साथ 'संयुक्त समुद्री विकास' के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, हालांकि इसमें 'परस्पर आच्छादित दावों' को भी स्वीकार किया गया है। यह एक ऐसी स्वीकृति थी जिसे अनेक अंतरराष्ट्रीय टिप्पणीकारों ने खारिज किया क्योंकि इससे चीन के दावों को वैधता मिलती है और उसे समर्थन प्राप्त होता है। इसके अलावा इंडोनेशिया ने चीनी बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई से मिलने वाली खैरात स्वीकार की है तथा अन्य बढ़ते हुए निवेश धीरे-धीरे चीन के प्रति चिन्ता बढ़ा रहे हैं।

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की भारत यात्रा पर बीजिंग की नजर रहेगी कि वे इस यात्रा के दौरान क्या बोलते हैं या कैसे संकेत देते हैं। इंडोनेशियाई राष्ट्रपति की यात्रा में चीनी दृष्टिकोण के साथ ही अनेकानेक वाणिज्यिक व राजनयिक मुद्दे भी शामिल हैं। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से देखें तो गणतंत्र दिवस परेड पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का चयन एकदम सटीक और उचित है। दोनों देश इसका लाभ उठा सकते हैं।

लेकिन इसके साथ ही समुद्र पार 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण पर आमंत्रितों की एक और सूची तैयार हो रही है। ट्रंप के पहले और दूसरे कार्यकाल में उनकी अनुमानों से परे जाने की आदत को लेकर अनेक लोगों में चिन्ता व्याप्त है। बताया जाता है कि ट्रंप-वांस की उद्घाटन समिति ने अविश्वसनीय रूप से इस आयोजन के लिए बड़े दानदाताओं और निगमों से 170 मिलियन डालर जुटाए हैं जो सरकार से इसके बदले कुछ चाहेंगे। इसकी तुलना में 2016 में 107 मिलियन डालर एकत्र किए गए थे।

परंपरागत रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहा में विदेशी राज्य प्रमुखों को नहीं आमंत्रित किया जाता था, पर इस बार ट्रंप की व्यक्तिगत आमंत्रित सूची परेशान करने वाली है। इसमें वैचारिक कट्टरपंथी व दक्षिणपंथी नेताओं को शामिल किया गया है जिनमें इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी, अर्जेन्टीना के राष्ट्रपति जेवियर मिली, अल सल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले, हंगरी के राष्ट्रपति विक्टर ओर्बान, ब्राजील के निष्कासित राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो तथा फ्रांस के धुर-दक्षिणपंथी नेता एरिक जेमूर शामिल हैं। लेकिन सर्वाधिक आश्चर्यजनक आमंत्रित चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग हैं जो राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान में ट्रंप के निशाने पर थे और उनको अनेक धमकियां दी गई थीं। हालांकि, शी ने भाग लेने से इनकार कर दिया है और वे संभवत: किसी अन्य अधिकारी को भेजेंगे। भारतीय प्रधानमंत्री को बहु-प्रतीक्षित निमंत्रण नहीं मिला और विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक और उल्लेखनीय अनुपस्थिति यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की की होगी जिन्होंने सार्वजनिक रूप से आयोजन में भाग लेने की इच्छा जताई थी, पर उनको आमंत्रण नहीं मिला। ट्रंप के अघोषित 'फ्रेनमी' व्लादीमिर पुतिन वाशिंगटन से आने वाले संकेतों से प्रसन्न होंगे। ऐसे में भारत में अमेरिकी राजदूत द्वारा 'भीड़ भरे शपथ ग्रहण समारोह' की बात ज्यादा समझ में आने वाली नहीं लगती है।

# अफगानिस्तान के हालात और भारत

"तालिबान की सत्ता में वापसी और पाकिस्तान के स्थायी प्रभाव ने भारत के लिए बहुआयामी चुनौती खड़ी कर दी है।"

**के एस तोमर**
(लेखक, रणनीति मामलों पर स्तम्भकार हैं)



भारत और अफगानिस्तान के बीच विकसित होते रिश्ते बहुआयामी कूटनीतिक चुनौती पेश करते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत का जुड़ाव, खास तौर पर तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद, इस क्षेत्र में उसके व्यापक रणनीतिक हितों, खास तौर पर पाकिस्तान के साथ उसकी प्रतिद्वंद्विता से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान के साथ तालिबान के घनिष्ठ संबंध और आतंकवाद के साथ उसका जुड़ाव एक गंभीर सुरक्षा खतरा पैदा करता है, जिससे भारत का कूटनीतिक जुड़ाव एक जटिल लेकिन जरूरी प्रयास बन जाता है।

अपने क्षेत्रीय प्रभाव को सुरक्षित रखने और अफगानिस्तान में पाकिस्तान के प्रभुत्व का मुकाबला करने की कोशिश करते हुए, भारत को तालिबान के सत्तावादी शासन, मानवाधिकार संबंधी चिंताओं और क्षेत्र को और अस्थिर करने के जोखिम से सावधानीपूर्वक निपटना चाहिए। अफगानिस्तान के साथ भारत का जुड़ाव कूटनीतिक दिखावे से कहीं आगे तक फैला हुआ है और यह दीर्घकालिक रणनीतिक और विकासात्मक लक्ष्यों से प्रेरित है। बुनियादी ढांचे, शिक्षा और मानवीय सहायता में पर्याप्त निवेश के माध्यम से, भारत ने खुद को अफगानिस्तान के एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में स्थापित किया है।

अफगान संसद, सलमा बांध के निर्माण और अफगान छात्रों के लिए शैक्षिक छात्रवृत्ति जैसी परियोजनाओं ने दोनों देशों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देते हुए अफगानिस्तान के बुनियादी ढांचे को काफी बढ़ाया है। भारत के विकास प्रयासों का अफगानिस्तान की स्थिरता और वृद्धि पर सीधा सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जो अफगानिस्तान के मामलों पर नियंत्रण करने के पाकिस्तान के प्रयासों के लिए एक प्रतिसंतुलन प्रदान करता है। अफगानिस्तान के साथ संबंधों को मजबूत करने से भारत को मध्य एशिया तक पहुंच सहित महत्वपूर्ण रणनीतिक लाभ मिलते हैं। पाकिस्तान को दरकिनार करके, भारत मध्य एशिया के बाजारों और संसाधनों तक एक सीधा मार्ग सुरक्षित करता है, जिससे अफगानिस्तान के व्यापार मार्गों पर पाकिस्तान का एकाधिकार कम हो जाता है। यह आर्थिक लाभ आतंकवाद विरोधी सहयोग में वृद्धि के साथ जुड़ा हुआ है, क्योंकि दोनों देश चरमपंथी समूहों के प्रसार के बारे में चिंता साझा करते हैं। यह सहयोग न केवल एक जिम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करता है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता में भी योगदान देता है। अफगानिस्तान के साथ भारत के मजबूत संबंध पाकिस्तान के रणनीतिक उद्देश्यों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करते हैं। ऐतिहासिक रूप से, पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को एक रणनीतिक गहराई के रूप में देखा है, जो इसकी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए महत्वपूर्ण है। भारत की ओर अफगानिस्तान के गठबंधनों में कोई भी बदलाव सीधे इस कथन को कमजोर करता है। भारत-अफगानिस्तान व्यापार गलियारे का विकास, विशेष रूप से ईरान के चाबहार बंदरगाह के माध्यम से, पाकिस्तान को पूरी तरह से दरकिनार कर देता है, जिससे अफगानिस्तान के व्यापार मार्गों पर उसका प्रभाव कम हो जाता है। यह आर्थिक बदलाव पाकिस्तान की अफगान नीति को प्रभावित करने की क्षमता को कम करता है, जिससे वह क्षेत्र में और अलग-थलग पड़ जाता है। सुरक्षा संबंधी चिंताएँ पाकिस्तान की चुनौतियों को और बढ़ा देती हैं। अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती मौजूदगी को खुफिया जानकारी जुटाने और पाकिस्तान के भीतर राष्ट्रवादी आंदोलनों, खासकर उसके पश्तून और बलूच क्षेत्रों में समर्थन के लिए संभावित मार्ग के रूप में देखा जाता है। तालिबान के साथ पाकिस्तान के घनिष्ठ संबंधों के बावजूद, अफगानिस्तान के साथ भारत के कूटनीतिक जुड़ाव में देश के भीतर उन तत्वों को सशक्त बनाने की क्षमता है जो पाकिस्तान के नियंत्रण का विरोध करते हैं। इससे तालिबान के भीतर सत्ता की गतिशीलता बदल सकती है या आंतरिक विभाजन बढ़ सकता है।

तालिबान का शासन और चरमपंथ के प्रति उसका दृष्टिकोण भारत-अफगानिस्तान संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण कारक बने हुए हैं। भारत की कूटनीतिक रणनीति समावेशी शासन को अपनाने और चरमपंथ पर अंकुश लगाने की तालिबान की इच्छा पर निर्भर करती है, जो रचनात्मक जुड़ाव के रास्ते खोल सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी रहने और तालिबान के अनिश्चित शासन के कारण क्षेत्रीय स्थिरता अनिश्चित बनी हुई है। छद्म संघर्ष अफगानिस्तान में फैल सकते हैं, जिससे अस्थिरता बढ़ सकती है।

अफ़ग़ानिस्तान के पुनर्निर्माण के लिए भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता, विशेष रूप से बुनियादी ढांचे और मानवीय सहायता में निवेश के माध्यम से, इसकी क्षेत्रीय रणनीति का केंद्र रही है। भारत ने अफ़ग़ानिस्तान में 3 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जिसमें ज़ारंज-डेलाराम राजमार्ग, अफ़ग़ान संसद भवन और सलमा बांध जैसी परियोजनाओं का समर्थन किया गया है। इन पहलों ने अफ़ग़ानिस्तान के आर्थिक और सामाजिक विकास में सीधे योगदान दिया है। अन्य योगदानों में बिजली पारेषण लाइनें, स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम, शैक्षिक छात्रवृत्ति और खाद्य सहायता शामिल हैं, जो अफ़ग़ानिस्तान की भलाई और स्थिरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी ने इन परियोजनाओं के भविष्य पर अनिश्चितता पैदा कर दी है। राजनीतिक उथल-पुथल के बावजूद, भारत ने मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखा है, जहां संभव हो वहाँ सहायता प्रदान करना जारी रखा है। हालांकि, तालिबान की प्रतिबंधात्मक नीतियां और सत्तावादी शासन इन पहलों को जटिल बनाते हैं। भारत की सतर्क भागीदारी मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता के साथ अपने रणनीतिक हितों को संतुलित करने का प्रयास करती है।

## आप की बात

### बीसीसीआई का निर्णय

**भारतीय** क्रिकेट टीम के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए बीसीसीआई द्वारा उठाया गया कदम एक सकारात्मक और दूरदर्शी निर्णय है। लगातार हार का सामना करने के बाद, बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को अनुशासन में बांधने और उनकी एकाग्रता को बनाए रखने के लिए विदेश दौरों पर उनके परिवारों को साथ ले जाने पर रोक लगा दी है। यह निर्णय टीम के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। टीम के सभी सदस्य जब एकजुट होकर केवल खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे, तो उनकी प्रदर्शन क्षमता में सुधार होगा। परिवार के साथ समय बिताना महत्वपूर्ण है, लेकिन टूर्नामेंट के दौरान पूरा ध्यान खेल पर होना चाहिए। यह निर्णय न केवल खिलाड़ियों की मानसिकता को मजबूत करेगा, बल्कि टीम भावना को भी सुदृढ़ करेगा। खिलाड़ियों के लिए एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनेगा, जिसमें वे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रेरित होंगे। टीम मैनेजमेंट और कोचिंग स्टाफ के साथ खिलाड़ियों का अधिक समय बिताना, उनकी रणनीति और खेल कौशल को और निखारेगा। बीसीसीआई का यह निर्णय खिलाड़ियों के लंबे करियर और देश के गौरव को ध्यान में रखकर लिया गया है। इस प्रकार के कदम खिलाड़ियों को अनुशासन सिखाने के साथ-साथ उन्हें अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### जंगलों में आग

**विश्व** के जंगलो में लगातार भडकते दावानल से विश्व जनमत को जागरूक होने तथा ऐसे समूचित उपाय करने की ज़रूरत है जिससे इसकी रोकथाम हो सके। एक सघन वन सदियो में विकसित होता जो विश्व की जलवायु में संतुलन कायम करने के साथ साथ पर्यावरण को स्वच्छ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।लेकिन पिछले दशक से उन पर मानो आपदा सी टुट पड़ी है विश्व का कोई भी सघन वन आग से अछुता नहीं रहा है। बहुमूल्य वन संपदा एवं दुर्लभ वन्यजीव इसकी भेंट चढ रहे है। पर्यावरण का नाश हो रहा है। तथा वैश्विक वनक्षेत्र सिमटता जा रहा है।लॉस एंजेलिस के जंगल में लगी विनाशकारी आग उसी दुर्योग का ताजा उदाहरण है। अमेजन के जंगल जो धरती की 20 प्रतिशत आक्सीजन की आपूर्ति करते हैं वे भी दावानल की चपेट में आते रहते है।आस्ट्रेलिया का वन विनाश भी पुराना नहीं है। इस अमूल्य धरोहर हे को सहेजने के लिए संपूर्ण विश्व को साझा पहल करनी होगी। ऐसे ठोस उपाय करने होंगे जिससे आग लगने की घटनाए नियंत्रित हो। जैसे पूर्णतः सुख चुके पेड, सुखे पत्ते, टहनीया एवं सुखी घास से आग फैलती है। अतः इनका समय समय पर निस्तारण होना चाहिए। जंगल के बीच गड्ढे खोदे जाने चाहिए पानी के साथ-साथ अन्य अग्निरोधी साधनो की व्यवस्था की जानी चाहिए।

– **विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

### भारतीय संस्कृति

**भारत** अपनी विशिष्ट लोक संस्कृति व परम्पराओं के निर्वहन में सदैव अग्रणी रहा है। यही कारण है कि विश्व के कोने कोने में भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया जाता है। महाकुंभ के आयोजन में विश्व के सबसे बड़े मेले में लम्बे समय तक करोड़ों नागरिकों का समागम तथा मेले की अनुशासित व्यवस्था भारतीय दर्शन से विश्व भर को अवगत कराने में समर्थ है। सामाजिक समरसता के प्रति पूर्ण समर्पित महाकुंभ में जिस प्रकार से प्रथम अमृत स्नान में करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई, उससे मानव मानव में जाति के नाम पर भेद करने वाले राजनीतिक दलों को समझ जाना चाहिए, कि जनसैलाब को जातीय संकीर्णता में बांधना सरल नही रह गया है। निस्संदेह जातिगत आधार पर विघटन कारी तत्वों के लिए कुंभ का अमृत स्नान आँखें खोलने वाला है, जिसमें आम आदमी अपनी जातीय संकीर्णता से उबरकर आस्था की डुबकियां लगा रहा है तथा जातीय संकीर्णता के बल पर नागरिकों के विघटन जा स्वप्न देखने वाले तत्वों को भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की झलक दिखा रहा है। समय आ गया है कि आम आदमी के मध्य जातीय ज़हर घोलने वाले तत्वों की कड़ा सबक़ सिखाया जाए तथा महाकुंभ के माध्यम से धार्मिक व सामाजिक सद्भावना का स्पष्ट संदेश पूरे विश्व में प्रसारित हो।

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### महिला सुरक्षा का मुद्दा

**देश** में महिला सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा है। आए दिन होने वाली घटनाएं जताती है कि महिलाओं को बुनियादी सुरक्षा की कितनी जरूरत है? नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देश में हर पंद्रह मिनट में एक बलात्कार की घटना की पुष्टि करते हैं जिसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश, और मध्य प्रदेश सबसे ऊपर हैं। कार्यस्थल पर शोषण और असुरक्षित वातावरण घटनाओं की वजह बनते हैं। भारत में महिलाओं के लिए सुरक्षित और समावेशी शहरों में बेंगलूरु पहले व चेन्नै दूसरे नंबर पर है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु के कोयंबटूर, तिरुचिरापल्ली, वेल्लोर, मदुरै, सेलम, इरोड, और तिरुप्पुर जैसे आठ शहर इस सूची में शामिल हैं। महिलाओं के कामकाज, रहने की स्थिति और प्रगति के अवसरों पर आधारित इस सर्वे में 25 में से 16 शहर दक्षिण भारत से हैं। देश के औद्योगिक महिला कार्यबल में 40 प्रतिशत की भागीदारी तमिलनाडु से है। इसकी वजह दक्षिण भारत में लैंगिक समानता और शिक्षा के उच्च स्तर है। देश के अन्य राज्य भी इन शहरों के समावेशी मॉडल के जरिए महिला कार्यबल की क्षमता बढ़ा कर राष्ट्र की उन्नति में भी उन्हें सक्रिय कर सकते हैं।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# महाकुंभ के प्रति देश और दुनिया का आकर्षण अद्भुत व अकल्पनीयः मुख्यमंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/गोरखपुर

● सीएम ने की अपील, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कतई न करें

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने संतों, श्रद्धालुओं को प्रयागराज महाकुंभ के पहले अमृत स्नान की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ भगवान गोरखनाथ की पावन तपस्थली पर आस्था की खिचड़ी चढ़ाई जा रही है तो दूसरी ओर इस सदी का पहला महाकुंभ तीरथपति प्रयागराज में प्रारंभ हो चुका है। सीएम ने कहा कि महाकुंभ के प्रति जो आकर्षण देश और दुनिया में देखने को मिल रहा है वह अद्भुत है अकल्पनीय है। कल सोमवार को लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई और पुण्य के भागीदार बने। आज प्रयागराज में पूज्य संतों की अगुवाई में लाखों की संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म मुहूर्त से ही पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों के साथ सनातन धर्म के प्रति आकर्षित तमाम विदेशी भी इस महाकुंभ के साक्षी बना रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व और त्योहार हमें एकता का संदेश देते हैं। सामाजिक और राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने और परंपराओं की पवित्रता कायम रखने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार पर श्रद्धा का भाव अभिनंदनीय है। हम सब का प्रयास होना चाहिए कि हमारे पावन तीर्थ स्वच्छ और सुंदर बने रहें। इसके लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कतई न करें। कहीं भी, जहां-तहां गंदगी न करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन और प्रशासन, अनेक स्वयंसेवी संगठन पूज्य संतों और श्रद्धालुओं की सुविधाजनक व्यवस्थाओं में लगे हैं।

## पल-पल की अपडेट ले रहे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पौष पूर्णिमा का स्नान सोमवार को सकुशल संपन्न हुआ। मंगलवार को मकर संक्रांति के अमृत स्नान पर भी दोपहर तक पौने दो से दो करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान कर लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से ही पल-पल की अपडेट भी ले रहे हैं। उनके निर्देश पर प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार समेत अन्य आलाधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओं पर नजर रखे हैं। सभी अधिकारी महाकुम्भ में टीम की हौसलाअफजाई के साथ श्रद्धालुओं, संतों, कल्पवासियों से व्यवस्थाओं के बारे में निरंतर संवाद बनाए हैं। महाकुम्भ में प्रशासन व पुलिस की मुस्तैदी, सुकशल संचालन और अद्वितीय व्यवस्था की हर श्रद्धालु तारीफ कर रहे हैं।

## सब कुछ चल रहा सकुशलः प्रमुख सचिव गृह

**प्रमुख** सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम की शुरुआत हो चुकी है। 13 जनवरी को 1.62 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम स्नान किया। पहले अमृत स्नान मकर संक्रांति पर पूज्य संत, कल्पवासी,श्रद्धालु व देश-विदेश से आए लगभग पौने दो करोड़- दो करोड़ लोग अब तक स्नान कर चुके हैं। कंट्रोल रूम भी 24 घंटे चल रहा है। मुख्यमंत्री भी पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। एकता के महासंगम के आयोजन को सफल बनाने के लिए दिव्य-भव्य, डिजिटल महाकुम्भ की परिकल्पना थी। प्रदेश सरकार ने पिछले कुम्भ से आगे बढ़ते हुए इसे स्वच्छ, सुरक्षित व सुव्यवस्थित कुम्भ बनाने का बीड़ा उठाया था। सब कुछ सकुशल चल रहा है। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए 10 हजार एकड़ में शहर बसाया जाता है। जहां पूज्य संतों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं के रहने, भोजन, बिजली-पानी, सफाई, सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रॉपर डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान के लिए टीमें कार्य कर रही हैं। 25 सेक्टर में शहर को विभाजित करके कार्य किया गया है। पीएम मोदी की अपेक्षा थी कि इसे डिजिटल महाकुम्भ के रूप में स्थापित किया जाए। इसे देखते हुए सभी एरिया को कैमरे से स्कैन किया गया है। गूगल लोकेशन, यूपीआई समेत सारी सुविधा उपलब्ध कराते हुए इसे डिजिटल स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। यह आयोजन 45 दिन तक चलेगा। 60,000 से अधिक पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, खोया-पाया लोकेशन आदि में एआई समेत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर सभी के लिए यहां सुखद-सुलभ व्यवस्था की गई है।

## नवीन टेक्नोलॉजी से भीड़ नियंत्रण की कर रहे मॉनीटरिंगः डीजीपी

**महाकुम्भ**-2025 का आज दूसरा स्नान है। मकर संक्रांति का स्नान अमृत स्नान है। आज विभिन्न अखाड़ों द्वारा स्नान किया जाता है। पूरे देश से लोग आते हैं। दोपहर एक बजे तक 1.75 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान कर लिया है। जनसैलाब लगातार आ ही रहा है। महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर पुलिस की समुचित व्यवस्था की गई है। रेल ट्रैफिक की भी मॉनीटरिंग हो रही है। साथ ही साथ घाटों की व्यवस्था भी सुदृढ़ की गई है।

नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से देर रात से ही भीड़ नियंत्रण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रात में थर्मल इमेजिंग के हिसाब से क्राउड कंट्रोल किया गया तो दिन में टीथर्ड ड्रोन व सीसीटीवी कैमरा के विजुअल से ट्रैफिक व वाहन आदि को मॉनिटर कर रहे हैं। घाटों की लंबाई अधिक होने के कारण संगम नोज पर इस बार अधिक दबाव नहीं है। विभिन्न घाटों पर संगम स्नान की व्यवस्था की है। इस कारण सभी को सुविधाएं मिल रही हैं। लोग भी संतुष्ट होकर जा रहे हैं। नवीनतम टेक्नोलॉजी की जो प्लानिंग की गई थी, वो फलीभूत हो रही है। हमने कल रात भी रिव्यू किया था। हमने व्यवस्थाएं बेहतर की हैं। पुलिसकर्मियों से कहा गया है कि सिम्पैथी व इम्पैथी के साथ श्रद्धालुओं के साथ व्यवहार करना है, जिससे उनका सटिस्फेक्शन लेवल अच्छा हो।

श्रद्धालु अब प्रयागराज के साथ चित्रकूट, विंध्यवासिनी धाम, वाराणसी व अयोध्या की तरफ भी जाएंगे। इन शहरों के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी भी तैयार हैं। इन रास्तों पर भी श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, हमने इसकी भी व्यवस्था भी कराई है।

# बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर सीएम योगी ने की लोकमंगल की कामना



● मकर संक्रांति-खिचड़ी पर्व और प्रयागराज महाकुंभ पर मुख्यमंत्री ने दीं सभी नागरिकों को शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मकर** संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार शिवावतार महायोगी गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। इस अवसर पर उन्होंने भगवान गोरखनाथ से लोकमंगल, सभी नागरिकों के सुखमय और समृद्धमय जीवन तथा राष्ट्र कल्याण की प्रार्थना की।

बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मीडियाकर्मियों से बातचीत में सीएम ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पावन पर्व और त्योहारों की श्रृंखला में जगतपिता सूर्य के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का एक उत्सव है। पूरे देश के अंदर अलग-अलग नामों और स्वरूपों में आज सनातन धर्मावलंबी पूरी श्रद्धा के साथ इस आयोजन के साथ जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के अंदर उत्तर हो, दक्षिण हो,पूरब हो या पश्चिम हो, अलग-अलग नाम और रूपों में मकर संक्रांति पर्व को लोग मनाते हैं तथा उत्सव के साथ जुड़ते हैं। यह उत्सव भारत की सनातन धर्म की परंपरा में आनंद के क्षणों को एकजुटता और एकता के साथ आयोजित करने तथा अपनी खुशी के साथ पूरे समाज को जोड़ने का विशिष्ट और विराट आयोजन है। उन्होंने कहा कि पूरब के असम में बिहू के रूप में, पंजाब में लोहड़ी के रूप में, सुदूर दक्षिण में पोंगल के रूप में, बंगाल व महाराष्ट्र में तिलवा संक्रांति के रूप में तथा उत्तर भारत में खिचड़ी संक्रांति के रूप में इस महापर्व को श्रद्धालुजन आयोजित करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश की पवित्र नदियों, सरोवरों में स्नान, दान-पुण्य का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ प्रारंभ हो चुका है। यह मेरा सौभाग्य है कि गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली पर बाबा के श्रीचरणों में खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है।

## 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चढ़ाई आस्था की पावन खिचड़ी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

● सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर जताया सबका आभार

**मकर** संक्रांति के पुनीत पर्व पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर अपने और अपने प्रियजनों के लिए मंगलकामना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर खिचड़ी पर्व के सफल आयोजन के लिए सबका आभार जताया है। एक्स पर सीएम योगी ने लिखा, 'देश की समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक पर्व मकर संक्रांति (खिचड़ी) के पुण्य अवसर पर आज श्रीगोरखनाथ मंदिर में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिवावतारी महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ जी को आस्था की पावन खिचड़ी चढ़ाई।

पर्व के सफल आयोजन हेतु स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, नगर निगम गोरखपुर, सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवकों को साधुवाद। भगवान भास्कर सभी के जीवन में प्रगति का प्रकाश लाएं, यही प्रार्थना है।'

## खिचड़ी मेले में श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

● श्रद्धालुओं ने खूब लगाए शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के जयकारे

**मकर** संक्रांति के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित विश्व प्रसिद्ध खिचड़ी मेले में आए लाखों श्रद्धालु योगी सरकार की तरफ से किए गए अभिवादन से अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खिचड़ी मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। इस अभूतपूर्व स्वागत से हर्षित श्रद्धालुओं ने शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ के खूब जयकारे लगाए और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में अभूतपूर्व रहा तो उनका स्वागत भी दिल जीतने वाला रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर मेले में आए श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। आसमान से अपने ऊपर स्वागत के फूल गिरते देख श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पुष्पवर्षा के साथ पहले से गुंजित गुरु गोरक्षनाथ के जयकारे की गति तेज और ध्वनि गगनभेदी हो गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह पहल हृदय को स्पंदित करने वाली है।

# भाजपा ने मिल्कीपुर से चंद्रभान पासवान को घोषित किया प्रत्याशी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अयोध्या** की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा ने भी मंगलवार को प्रत्याशी का ऐलान कर दिया। भाजपा ने इस सीट से चंद्रभान पासवान को मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी पहले ही अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को यहां से प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। भाजपा और सपा दोनों के लिए मिल्कीपुर सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है। अवधेश प्रसाद की तरह चंद्रभान पासवान पासी समाज से आते हैं। मिल्कीपुर पर 17 जनवरी तक नामांकन होगा। 18 को नामांकन पत्रों की जांच और 20 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पांच फरवरी को वोटिंग और आठ फरवरी को रिजल्ट आएगा। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभान पासवान रुदौली से दो बार जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। अभी इनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य हैं। चंद्रभान पासवान का परिवार मुख्य रूप से सूरत की साड़ियों का व्यवसाय करता है। साड़ी के व्यापार में पूरा परिवार सक्रिय हैं। रुदौली में भी साड़ी का कारोबार करते हैं। पिछले 2 वर्षों से मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सक्रिय रहे।

मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सीएम योगी स्वयं काफी एक्टिव रहे हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव रिजल्ट के बाद से करीब आधा दर्जन बार अयोध्या का दौरा किया है। इसमें अधिकांश बार वे मिल्कीपुर में किसी ने किसी कार्यक्रम में जरूर शामिल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले दिनों दावा कर चुके हैं कि अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर होने जा रहे उपचुनाव में भाजपा की जीत होगी। सही मायने में भारतीय जनता पार्टी की गतिविधि ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता अवधेश प्रसाद के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। ऐसे में चंद्रभान पासवान के जरिए भाजपा ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए पॉलिटिक्स को मात देने की रणनीति बनाई है। सही मायने में एक बार फिर जमीनी स्तर के कार्यकर्ता पर बीजेपी ने दांव लगा दिया है। कांग्रेस ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार न उतारकर गठबंधन के प्रत्याशी को समर्थन देने का एलान किया है। वहीं बसपा ने इस सीट पर चुनाव न लड़ने का एलान कर दिया था। कांग्रेस और बसपा के इस चुनाव में सीधे तौर पर न आने से भाजपा और सपा के उम्मीदवार में सीधी टक्कर होगी। अब देखना यह होगा कि जनता किसे अपना नेता चुनती है। देखा जाए तो मिल्कीपुर उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के लिए प्रतिष्ठा का विषय बना हुआ है।

# महिला किसानों के लिए प्रदेश सरकार बनाएगी मॉडल एफपीओ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● उत्पादकता और नवाचार बढ़ाने के लिए सरकार का बड़ा फैसला

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। महिलाओं की आजीविका संवर्धन और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के तहत कई सकारात्मक और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। इसके माध्यम से योगी सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर प्रदान कर रही है। योगी सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश में 10 महिला किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को मॉडल एफपीओ के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। महिला किसानों को संगठित करने और उनकी आय में वृद्धि के लिए योगी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इन एफपीओ का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को उनके उत्पादों को एकत्रित करने, प्रोसेसिंग करने और बेहतर मूल्य पर बेचने में सहायता करना है।

इस पहल से महिला किसानों को स्थानीय बाजार से जोड़ने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा। योगी सरकार का मानना है कि महिला किसानों को सशक्त बनाकर न केवल उनकी आय बढ़ाई जा सकती है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा सकता है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार का ग्रामीण आजीविका मिशन अहम भूमिका निभा रहा है। इस मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का गठन कर महिलाओं को विभिन्न प्रकार के व्यवसाय और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। महिलाओं को कुटीर उद्योग, डेयरी, कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, हथकरघा, और अन्य हस्तशिल्प कार्यों से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

महिला किसान उत्पादक संगठनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें तकनीकी और विपणन सहयोग भी दिया जा रहा है। इस पहल से महिलाएं न केवल अपनी उत्पादकता बढ़ा रही हैं, बल्कि अपने उत्पादों को बेहतर दाम पर बेचकर परिवार और समाज में योगदान दे रही हैं। महिला एफपीओ के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार और उत्पादकता में वृद्धि को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# भाजपा सरकार में हर योजना बन गई है भ्रष्टाचार की एक कहानीः अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर कार्य में कमीशनखोरी हो रही है, हर योजना भ्रष्टाचार की एक कहानी बन गई है। मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता का हर वर्ग परेशान है। यह सरकार हर मोर्चे पर विफल है। विकास कार्य अवरुद्ध है। बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी पर तो भाजपा सरकार का नियंत्रण ही नहीं है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। यह सरकार कोई भी काम सही ढंग से नहीं कर पा रही है। प्रधानमंत्री ने सपना दिखाया था कि वे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को जापान के क्योटो शहर जैसा बना देंगे। वाराणसी स्मार्ट सिटी का अनोखा नमूना बन जाएगा। वाराणसी में मैदागिन पार्क में लगे फव्वारे, ओपन जिम के उपकरण खराब हो गए है। पैडल नाव और झूले भी टूट गए हैं वाराणसी में न तो स्ट्रीट लाइटें दुरूस्त हैं और न ही सड़के गड्ढामुक्त हैं। काशीवासियों को सिर्फ और सिर्फ गुमराह किया गया। अस्पतालों में इलाज और दवा की व्यवस्था बिगड़ी हुई है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर झूठे दावे किए। वाराणसी की तरह राजधानी लखनऊ का भी बुरा हाल है। सड़को पर गड्ढे है, साफ सफाई की व्यवस्था ध्वस्त है। जगह-जगह गड्ढों की शक्ल में भाजपा का भ्रष्टाचार सामने आ रहा है। लखनऊ में विकासनगर के बाद अब टेढ़ीपुलिया चौराहे से इंजीनियरिंग कालेज चौराहे की तरफ जाने वाली सड़क धंस गई है। जिन गांवो का नगर निगम ने अधिग्रहण किया वहां सामान्य नागरिक सुविधाओ का भी अभाव है। प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर सरकार ने तमाम दावे किए लेकिन वहां पर सच्चाई कुछ और ही बयान कर रही है। श्रद्धालु परेशानियों से गुजर रहे है और अपनी शिकायतें कर रहे है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। तीर्थयात्री पीने के पानी, भोजन और सिर पर साये के लिए तरस रहे है।

बुजुर्ग श्रद्धालु कई-कई किलोमीटर तक पैदल चलने पर मजबूर है। सर्दी के मौसम से बचाव के लिए सरकार ने आम श्रद्धालुओं के लिए कोई इंतजाम नहीं किया। आस्था के कुंभ में श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा आर्थिक लाभ होने के दावे किए जा रहे हैं। कुंभ स्नान, दान और पुण्य के लिए जाना जाता है। लेकिन सरकार गरीब नाविकों की नाव पर पाबंदी लगाकर उनकी रोजी-रोटी छीनने पर उतारू हो गई। जिनका जीवन नाव चलाकर चल रहा है उन्ही की नावें किनारें कर दी गई है।

# यूपी में 18 से 31 जनवरी तक चलेगा मिशन परिवार विकास जागरूकता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● प्रदेश के सभी सीएमओ को जारी किए गए निर्देश

**परिवार** नियोजन सेवाओं के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 18 से 31 जनवरी तक मिशन परिवार विकास अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. पिंकी जोवेल की तरफ से समस्त मुख्य चिकित्साधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं 7 इस अभियान के अंतर्गत परिवार नियोजन सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

मिशन निदेशक ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पखवाड़े के दौरान जनपदों के दूर-दराज इलाकों में परिवार नियोजन के महत्वपूर्ण संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है ताकि अधिक से अधिक लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकें और परिवार नियोजन के प्रति उनकी जागरूकता और रुचि में वृद्धि हो। इस अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक परिवार नियोजन के लाभ पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे।

महाप्रबंधक, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सुर्यान्शु ओझा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गयी है 7 अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए चिन्हित सेवा प्रदायगी इकाइयों पर परिवार नियोजन से संबंधित बैनर, दीवार लेखन और प्रचार सामग्री जनपद स्तर पर प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही सारथी वाहन का उपयोग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में परिवार नियोजन सेवाओं से जुड़ी जागरूकता के लिए किया जाएगा 7 सामुदायिक गतिविधियों के तहत सास-बहू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिनमें परिवार नियोजन के महत्व पर चर्चा कर परिवारों को जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा मिस्टर स्मार्ट सम्मेलन जैसी गतिविधियों का आयोजन नसबंदी अपनाने वाले पुरुषों को प्रोत्साहित करने के लिए किया जाएगा।

साथ ही नवविवाहित जोड़ों को 'शगुन किट' प्रदान की जाएगी जिसमें गर्भनिरोधक साधन और परिवार नियोजन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी शामिल होगी। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और परिवार नियोजन साधनों का वितरण करेंगे।

# संगठन की मजबूती से पार्टी भी होती है मजबूतः त्रिलोक त्यागी




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रोफेशनल मंच की बैठक मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय मौजूद रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि किसी भी पार्टी की राजनैतिक ताकत तभी मजबूत होती है जब उसका संगठन मजबूत होता है। इसी क्रम में उन्होंने पार्टी के संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल मंच के माध्यम से पार्टी में प्रोफेशनल लोगो को पार्टी से जुड़ने का मौका मिलेगा और वह सब एक मंच के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने में सक्षम होंगे। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि पार्टी में सभी को एक साथ मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के हाथों को मजबूत करने की जरूरत है जिससे राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों का प्रचार प्रसार सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देष में हों। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षों से आग्रह किया वह जल्द जल्द से अपने प्रकोष्ठों को मजबूत करें।

# भारत में पांच साल में हल्दी उत्पादन को दोगुना कर 20 लाख टन तक पहुंचाने की क्षमता : गोयल

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड निर्यात को बढ़ावा देने और अगले पांच साल में उत्पादन को दोगुना करके लगभग 20 लाख टन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने में मदद करेगा। बोर्ड का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यह नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए देश के पारंपरिक ज्ञान को और विकसित करेगा। हल्दी को स्वर्णिम मसाला भी कहा जाता है। भारत वैश्विक हल्दी उत्पादन का 70 प्रतिशत उत्पादन करता है... हम पांच साल में उत्पादन को दोगुना करके 20 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य कर रहे हैं।



सरकार ने अक्टूबर में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया था। बोर्ड की स्थापना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्यवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा।

गोयल द्वारा एक्स पर एक पोस्ट का जवाब देते हुए, मोदी ने कहा, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना विशेष रूप से भारत भर में हमारे मेहनती हल्दी किसानों के लिए बहुत खुशी की बात है। यह हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा।

भारत दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। वर्ष 2022-23 में, भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई, जिसमें 11.61 लाख टन का उत्पादन हुआ। भारत में 20 से अधिक राज्यों में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती हैं। हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं। हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 में 380 से अधिक निर्यातकों द्वारा 20 करोड़ 74.5 जाख डॉलर मूल्य की 1.53 लाख टन हल्दी और हल्दी उत्पादों का निर्यात किया गया। भारतीय हल्दी के प्रमुख निर्यात बाजार बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका और मलेशिया हैं।

बोर्ड की केंद्रित गतिविधियों के साथ, यह उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक हल्दी का निर्यात एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, 22.65 करोड़ डॉलर मूल्य की 1.62 लाख टन हल्दी और हल्दी उत्पादों का निर्यात किया गया। पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड के पहले चेयरपर्सन के रूप में नामित किया गया है और इसका मुख्यालय निजामाबाद, तेलंगाना में स्थापित किया गया है। बोर्ड में चेयरपर्सन के अलावा, आयुष मंत्रालय, फार्मास्युटिकल्स विभाग, कृषि और किसान कल्याण विभाग और वाणिज्य विभाग के प्रतिनिधियों को भी नामित किया गया है। शीर्ष दो हल्दी उत्पादक राज्यों - महाराष्ट्र और तेलंगाना -तथा मेघालय जो अपनी लाकाडोंग हल्दी के लिए प्रसिद्ध है।

## महाकुंभ में मौत की झूठी खबर पोस्ट करने के आरोप में युवक के खिलाफ प्राथमिकी

**बलिया (उप्र)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के स्नान में ग्यारह श्रद्धालुओं की मौत से संबंधित झूठी खबर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में एक युवक के विरुद्ध मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पकड़ी थाने में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह की तहरीर पर लालू यादव संजीव नामक युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने प्राथमिकी के हवाले से बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर अवकाश कुमार सिंह ने शिकायत की थी। सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी से जुड़े आरोपी ने फेसबुक पर गलत जानकारी पोस्ट की थी। पोस्ट में आरोप लगाया गया था, "महाकुंभ स्नान के दौरान ठंड लगने से 11 श्रद्धालुओं की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है और आईसीयू इमरजेंसी कैंप में मरीजों की भीड़ लगी हुई है।

# सांख्यिकीय उपकरणों और मात्रात्मक तकनीक की प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि सांख्यिकीय उपकरण और मात्रात्मक तकनीक नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभवजन्य आधार प्रदान कर प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या आकार और रोजगार सहित अन्य क्षेत्र के आंकड़े एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों पर निर्भर हैं। ए आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं। आईएसएस के 2024 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की।



मुर्मू ने कहा कि सांख्यिकी का उपयोग प्राचीन सभ्यताओं में भी किया जाता था, जब शासक कराधान उद्देश्यों के लिए बुनियादी जनगणना आंकड़ों का उपयोग करते थे। राष्ट्रपति ने कहा, सांख्यिकीय विश्लेषण शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का एक उपकरण है। सांख्यिकी न केवल कुशल शासन की रीढ़ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का औजार भी है।

मुर्मू ने कहा कि सटीक आंकड़े एकत्र करना उनका कर्तव्य है, जो ठोस और उद्देश्यपूर्ण निर्णयों का आधार हो सकता है। सरकार को नीतियां बनाने, लागू करने और निगरानी करने के साथ-साथ नीति की समीक्षा और प्रभाव का आकलन करने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है। नागरिकों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के आकलन और उनके बारे में निष्पक्ष समझ बनाने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है। आपकी नौकरी के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों में उच्च दक्षता की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग आप देश की आंकड़ों और सूचना आवश्यकताओं का समाधान प्रदान करने के लिए करेंगे। राष्ट्रपति ने परिवीक्षाधीन आईएसएस अधिकारियों से आंकड़े एकत्र करते समय आम लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहने का आग्रह किया। मुर्मू ने कहा, आपके द्वारा एकत्र किए गए सभी आंकड़े को संसाधित, विश्लेषित किया जाएगा और अंतत: लोगों की जरूरतों की पूर्ति करने तथा उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने के लिए उपयोग किया जाएगा। समाज के विभिन्न वर्गों के विकास से देश की समृद्धि बढ़ेगी।

# वास्तविक स्वामी का पता नहीं चलने पर भी कुर्क की जा सकती है संपत्ति

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग बेनामी रोधी कानून के तहत उस स्थिति में भी किसी संपत्ति को कुर्क कर सकता है जब उस संपत्ति के वास्तविक मालिक की पहचान नहीं हुई हो, क्योंकि कानून में इस स्थिति से निपटने के लिए विशिष्ट प्रावधान हैं। बेनामी रोधी कानून से संबंधित न्यायाधिकरण ने यह बात कही। बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध (पीबीबीटी) अधिनियम, 1988 के तहत स्थापित अधिकरण ने पिछले साल 26 नवंबर को आयकर विभाग की लखनऊइकाई द्वारा जारी 2023 भूमि संपत्ति कुर्की आदेश को बरकरार रखा है।

कथित बेनामी संपत्ति मामला विभाग द्वारा लखनऊ स्थित तीन रियल्टी समूहों के परिसरों पर छापे मारे जाने के बाद सामने आया था। इन समूहों ने काकोरी (लखनऊ जिला) क्षेत्र में बड़े भूखंड बड़ी मात्रा में बेहिसाब नकदी का भुगतान करके खरीदे थे। विभाग की लखनऊ स्थित बेनामी निषेध इकाई (बीपीयू) ने अक्टूबर 2023 में काकोरी में 3.47 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की पांच भूमि कुर्क करने और उन्हें बेनामी संपत्ति के रूप में वर्गीकृत करने का अनंतिम आदेश जारी किया था।

इस आदेश को न्यायाधिकरण को पुष्टि के लिए भेजा गया था, जिसमें एक बेनामीदार (जिसके नाम पर बेनामी संपत्ति है) के नाम के अलावा दो कंपनियों और दो व्यक्तियों का नाम भी शामिल था, जिन्हें मामले में हितधारक के रूप में नामित किया गया था। अनंतिम आदेश में किसी भी लाभार्थी स्वामी के नाम का उल्लेख नहीं किया गया था। आम तौर पर, जब बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध (पीबीपीटी) अधिनियम, 1988 के तहत आयकर विभाग द्वारा संपत्ति की कुर्की का आदेश जारी किया जाता है, तो उस पर बेनामीदार और लाभार्थी स्वामी का नाम होता है।

# शाह की टिप्पणी पर पवार ने कहा, गृहमंत्री के पद की मर्यादा बनाए रखें

**मुंबई।** पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उस टिप्पणी की आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत ने 1978 में उनके (पवार) द्वारा शुरू की गई विश्वासघात और छल की राजनीति को समाप्त कर दिया है। पवार ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, मैं 1978 में मुख्यमंत्री था। मुझे नहीं पता कि तब वह कहां थे। पवार ने कहा, जब मैं मुख्यमंत्री था, तब मेरे मंत्रिमंडल में जनसंघ से उत्तमराव पाटिल जैसे लोग थे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) (राकांपा-एसपी) प्रमुख ने वर्तमान में नेताओं के बीच संवाद की कमी पर अफसोस जताते हुए कहा कि गृह मंत्री के पद की मर्यादा बरकरार रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पहले नेताओं के बीच सुसंवाद हुआ करता था, लेकिन अब वह गायब है।

रविवार को शिर्डी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा था, महाराष्ट्र में भाजपा की जीत ने 1978 में शरद पवार द्वारा शुरू की गई अस्थिरता और पीठ में छुरा घोंपने की राजनीति को समाप्त कर दिया। आपने ऐसी राजनीति को जमीन में 20 फुट नीचे दफना दिया है। शाह का स्पष्ट इशारा 1978 में पवार द्वारा 40 विधायकों के साथ वसंतदादा पाटिल के नेतृत्व वाली सरकार से बाहर निकलकर मुख्यमंत्री बनने की ओर था।



पवार ने याद दिलाया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने विपक्ष में होने के बावजूद भुज भूकंप के बाद उन्हें आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया था। पवार ने कहा, इस देश ने कई बेहतरीन गृह मंत्री देखे हैं लेकिन उनमें से किसी को भी उनके राज्य से बाहर नहीं निकाला गया। उनका इशारा सोहराबुद्दीन शेख फर्जी मुठभेड़ मामले में 2010 में शाह को दो साल के लिए गुजरात से बाहर निकाले जाने की ओर था। हालांकि, 2014 में शाह को सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था।

पवार ने कहा, जब वह (शाह) गुजरात में नहीं रह सके (बाहर निकाले जाने के बाद), तो वह मदद के लिए बालासाहेब ठाकरे के पास गए। शिवसेना सांसद संजय राउत द्वारा महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद विपक्षी दलों के महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के भविष्य को लेकर संदेह के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अगले 10 दिनों में कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं के साथ बातचीत होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को समर्थन देने की अटकलों पर पवार ने कहा, मेरी पार्टी का एक भी सांसद भाजपा के साथ नहीं जाना चाहता। पवार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को समर्थन की भी पेशकश की।

पवार ने दिल्ली चुनाव पर कांग्रेस के रुख का जिक्र करते हुए कहा, मेरी निजी राय है कि दिल्ली केजरीवाल का आधार है। दिल्ली के लोगों ने उन्हें दो बार (दो विधानसभा चुनावों में) समर्थन दिया है। इसलिए बेहतर होता कि हम उन्हें विश्वास में लेते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मुखपत्र सामना के एक संपादकीय में अमित शाह की टिप्पणी को अहंकार की भाषा बताया गया। शाह ने कहा था कि महाराष्ट्र के लोगों ने उद्धव ठाकरे को उनकी विश्वासघात की राजनीति के लिए सबक सिखाया। संपादकीय में सवाल किया गया, शरद पवार और बालासाहेब ठाकरे ने संकट के समय नरेन्द्र मोदी और अमित शाह की मदद की, लेकिन बदले में उन्होंने इन नेताओं की पार्टियों को तोड़ा। क्या यह विश्वासघात नहीं है?

# तृणमूल कांग्रेस के नेता की गोली मारकर हत्या, दो अन्य कार्यकर्ता घायल

**मालदा।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। इस घटना में पार्टी की स्थानीय समिति के अध्यक्ष समेत दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पखवाड़े से भी कम समय पहले इसी क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के पार्षद दुलाल सरकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने बताया कि कालियाचक थानाक्षेत्र के तहत कालियागंज में तृणमूल कांग्रेस की स्थानीय समिति के अध्यक्ष बकुल शेख और अन्य पार्टी कार्यकर्ता एक सड़क के उद्घाटन के कार्यक्रम में भाग ले रहे थे, उसी समय यह घटना घटी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चार से पांच हमलावर घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने बकुल शेख एवं उनके साथियों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। तृणमूल कार्यकर्ता अताउल हक उर्फ हसु शेख की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बकुल शेख और पूर्व पंचायत प्रमुख इसरुद्दीन शेख गंभीर रूप से घायल हो गए।

हम प्रत्यक्षदर्शियों एवं अन्य लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। अबतक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मालदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में पार्टी के एक कार्यकर्ता को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो अन्य का इलाज जारी है तथा उनकी हालत गंभीर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि यह हमला पार्टी के अंदर गुटबाजी का परिणाम हो सकता है। हालांकि, इंग्लिश बाजार नगर पालिका के अध्यक्ष कृष्णेंदु नारायण चौधरी समेत वरिष्ठ तृणमूल नेताओं ने दावा किया कि हमले के पीछे बांग्लादेशी घुसपैठियों समेत बाहरी ताकतें हो सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष दुलाल सरकार की दो जनवरी को हत्या कर दिए जाने के बाद से मालदा में तनाव चरम पर है। कथित तौर पर जबरन वसूली के धन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद के कारण सरकार की उनके घर के पास ही दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सरकार की हत्या के सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन मामला अब भी अनसुलझा है। पार्टी ने अपनी मालदा टाउन इकाई के अध्यक्ष नरेंद्र नाथ तिवारी को निष्कासित कर दिया, जिन्हें पिछले सप्ताह हत्या की साजिश में कथित संलिप्तता को लेकर गिरफ्तार किया गया था। मंगलवार के हमले से सत्तारूढ़ दल के अंदर गुटबाजी को लेकर अटकलों को और बल मिला है। स्थानीय सूत्रों ने दावा किया है कि हमलावर तृणमूल कार्यकर्ता जाकिर शेख के निर्देश पर काम कर रहे थे, जिसकी क्षेत्रीय प्रभुत्व को लेकर कथित तौर पर बकुल शेख के साथ लंबे समय से रंजिश थी। हालांकि, पार्टी की मालदा जिला इकाई के अध्यक्ष अब्दुल रहीम बोकशी ने कहा, जाकिर शेख तृणमूल कांग्रेस का सदस्य नहीं है। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान शुरू किया है और इलाके की घेराबंदी की है। एक के बाद एक हुई हत्याओं ने मालदा में तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी समीकरण को लेकर संदेह पैदा कर दिया है, आगामी पंचायत चुनाव से पहले गुटबाजी को नियंत्रित करने में पार्टी पदाधिकारियों की क्षमता पर सवाल उठ रहे हैं।

## भारत-नेपाल सीमा के पास एसएसबी ने नेपाली किशोरी को मानव तस्कर के चंगुल से छुड़ाया

**बहराइच (उप्र)।** उत्तर प्रदेश में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की एक टीम ने 17 वर्षीय एक नेपाली लड़की को संदिग्ध मानव तस्कर के चंगुल से मुक्त कराया। किशोरी को कथित तौर पर तस्करी कर बेंगलुरु ले जाया जा रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि किशोरी को नेपाली के एक गैर सरकारी संगठन को सौंप दिया गया और आरोपी तस्कर को नेपाल पुलिस के हवाले कर दिया। एसएसबी की 42वीं बटालियन के उपसेनानायक दिलीप कुमार ने बताया, प्रयागराज महाकुम्भ के मद्देनजर जारी ऑपरेशन अलर्ट के तहत हमने भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी हैं। सुरक्षा जांच को तेज कर दिया है। कुमार ने बताया कि सोमवार शाम एसएसबी जवानों ने आरोपी और किशोरी को रुपईडीहा सीमा चौकी (बीओपी) पर उस समय रोका जब वे भारत-नेपाल मैत्री बस में सवार हो रहे थे।

# संभल प्रशासन ने 1978 के दंगों के 47 साल बाद तीन परिवारों को भूमि का कब्जा वापस दिलाया

**संभल (उप्र)।** संभल जिला प्रशासन ने 1978 के दंगों के दौरान पलायन करने वाले तीन हिंदू परिवारों को उनकी भूमि का कब्जा वापस दिला दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस भूमि पर दूसरे समुदाय के लोगों ने कथित तौर पर अतिक्रमण कर लिया था और मूल मालिकों ने प्रशासन से शिकायत कर मामले में कार्वाई की मांग की थी। भूमि के दावेदारों में से एक अमरीश कुमार ने कहा, "हम 1978 के दंगों तक संभल में रहते थे। दंगों के दौरान मेरे दादा तुलसी राम की हत्या कर दी गई थी। अपनी जान के डर से हमने मोहल्ला जगत में अपनी संपत्ति छोड़ दी। कुमार ने कहा, जब हमने वापस लौटने की कोशिश की, तो हमें भगा दिया गया। हमने हाल में जिला प्रशासन को अपने स्वामित्व को साबित करने वाले दस्तावेजों के साथ एक शिकायत प्रस्तुत की।

इसी तरह आशा देवी ने कहा, "हम अब चंदौसी में रहते हैं। 1978 के दंगों के बाद, हमें पलायन के लिए मजबूर किया गया था। यहां तीन परिवार रहते थे। सड़क के पीछे स्थित हमारी 2.25 बीघा जमीन पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्जा कर लिया और वहां स्कूल बना लिया। इसे वापस पाने के कई प्रयासों के बावजूद हमें भगा दिया गया। शिकायत दर्ज कराने के बाद आज पता चला कि जमीन की पैमाइश हो रही है, इसलिए हम यहां आए हैं। एसडीएम वंदना मिश्रा ने पत्रकारों से कहा, स्कूल समिति द्वारा जमीन पर अतिक्रमण करने के बारे में शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने सर्वे किया। इसमें पुष्टि हुई कि जमीन का एक हिस्सा अब भी शिकायतकर्ताओं का है। उन्होंने बताया कि 15,000 वर्ग फुट जमीन में से 10,000 वर्ग फुट जमीन सही पाई गई।

## संभल में सती मठ मंदिर पर अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर हटाया

**संभल (उप्र)।** संभल जिला मुख्यालय के कोतवाली इलाके में स्थित नई सराय के सती मठ मंदिर पर अवैध अतिक्रमण को एसडीएम की निगरानी में बुलडोजर चलाकर हटा दिया गया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया, हमें सती मठ मंदिर पर अवैध अतिक्रमण की सूचना मिली थी, जहां नींव भरकर प्लॉट बनाए जा रहे थे। सर्वेक्षण करने के बाद अतिक्रमण को हटा दिया गया और करीब 82 वर्ग मीटर जमीन को मुक्त कराया गया। भू-माफिया विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संजय राउत हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं: नाना पटोले

**नागपुर।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी को शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत के बयानों का जवाब देने की आवश्यकता महसूस नहीं होती क्योंकि राउत हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं हैं। वह राउत की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि शिवसेना (उबाठा) ने महा विकास अघाड़ी के अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन के बजाय राज्य में अपने दम पर स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने की योजना बनाई है। हालांकि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) और कांग्रेस गठबंधन सहयोगी दल हैं और पिछले साल विधानसभा चुनाव भी उन्होंने मिलकर लड़ा था, लेकिन राउत और पटोले कई मौकों पर एक-दूसरे पर निशाना साध चुके हैं।

कांग्रेस नेता पटोले ने कहा, संजय राउत हमारे लिए कोई मुद्दा नहीं हैं और उन्होंने जो कहा, उस पर हमें कुछ नहीं कहना। आज एक महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं हैं और चीन ने हमारी सीमा के कई हिस्सों में घुसपैठ की है। देश में लोकतंत्र खतरे में है, किसान और युवा सरकार की गलत नीतियों के कारण परेशान हैं। महंगाई बढ़ रही है और रुपए की कीमत गिर रही है। ए सभी मुद्दे कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण हैं और हम किसी के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहते। देश पहले है और फिर बाकी चीजें।

उन्होंने इस बात पर भी संदेह जताया कि राज्य में निकट भविष्य में स्थानीय निकाय चुनाव होंगे या नहीं। राज्य में बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) समेत कई नगर निगमों और अन्य नगर निकायों के चुनाव दो साल से अधिक समय से लंबित हैं। पटोले की जगह वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण को प्रदेश कांग्रेस प्रमुख बनाए जाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## भारतीय सेना विभिन्न युद्ध विधाओं का प्रदर्शन करेगी

**पुणे (भाषा)।** लेजर, ध्वनि और प्रकाश तथा मल्टी-मीडिया तकनीक का उपयोग करते हुए सेना बुधवार को पुणे में प्राचीन काल से लेकर समकालीन युग तक की युद्ध विधाओं का प्रदर्शन करेगी। इसमें भारतीय महाकाव्यों और आधुनिक युद्धों संबंधी थीम शामिल होगी। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 77वें सेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में महाराष्ट्र के ऐतिहासिक शहर पुणे में बॉम्बे इंजीनियर्स समूह (बीईजी) एवं केंद्र के भगत पवेलियन में आयोजित होने वाले गौरव गाथा कार्यक्रम में में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्री का शाम को गौरव गाथा में भाग लेने से पहले एक ऐप का अनावरण करने और वर्चुअल रूप से एक सैन्य पैरालंपिक नोड की आधारशिला रखने का भी कार्यक्रम है। सेना की दक्षिणी कमान का घर माने जाने वाले पुणे सेना दिवस मनाने के लिए नेपाली सेना का बैंड, एनसीसी की लड़कियों की मार्चिंग टीम और महिला अग्निवीर टीम पूरी तरह तैयार हैं। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में रोबोटिक खच्चर भी दिखाई देंगे। इसके अलावा, भारतीय सेना देश की सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अपने कई शक्तिशाली अस्त्र-शस्त्रों और अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म का भी प्रदर्शन करेगी।

# पेज 1 का शेष

## जुकरबर्ग...

क्योंकि 2024 एक बड़ा चुनावी वर्ष था दुनिया. और आप जानते हैं कि ये सभी देश हैं, भारत, भी उन देशों की तरह, जिनमें चुनाव हुए और सत्ताधारी, मूल रूप से उनमें से हर एक को हार गए। यह पहली बार नहीं है कि भारत इन सोशल मीडिया कंपनियों के गैरजिम्मेदाराना कृत्यों से नाराज है क्योंकि वर्ष 2020 में भी तत्कालीन सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने जुकरबर्ग को पत्र लिखकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के कर्मचारियों पर राजनीतिक विचारधारा वाले लोगों का समर्थन करने का आरोप लगाया था। लगातार चुनाव हारने की प्रवृत्ति, तथा प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को 'गाली-गलौज' करने का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली आईटी पर संसद की स्थायी समिति ने घृणा फैलाने वाले भाषण संबंधी नियमों के कथित दुरुपयोग को लेकर फेसबुक के अधिकारियों को तलब किया था। संसदीय समिति ने इससे पहले इसी मुद्दे पर अमेज़न और गूगल के अधिकारियों को भी तलब किया था।

## पुलिस...

इसकी जांच करने के लिए हमने पूरे परिवार की पृष्ठभूमि की रूपरेखा तैयार की। यह पता चला है कि एक गैर सरकारी संगठन, जो एक नागरिक समाज समूह का हिस्सा है, का किशोर के अभिभावक के कार्यस्थल पर महत्वपूर्ण प्रभाव है। उनका एक राजनीतिक पार्टी के साथ पुराना जुड़ाव और गहरा संबंध है। अधिकारी ने कहा, 'यह एनजीओ खुले तौर पर राजनीतिक पार्टी की वकालत करने के लिए जाना जाता है और यह 2001 के संसद हमले में शामिल दोषी आतंकवादी अफजल गुरु की हैकिंग की वैधता पर सवाल उठाता है।' उन्होंने कहा कि एनजीओ की एक राजनीतिक पार्टी से निकटता के कारण, विघटनकारी रणनीति के माध्यम से सार्वजनिक अशांति पैदा करने की संभावित बड़ी साजिश के बारे में गंभीर सवाल उठते हैं। तिवारी ने कहा, वैज्ञानिक तरीकों, डिजिटल फोरेंसिक विश्लेषण और अन्य तकनीकी निगरानी और खुफिया तंत्र के माध्यम से, बड़ी साजिश के कोण का पता लगाने के लिए आगे की गहन जांच जारी है। इस बीच, इस घटना से राजनीतिक बवाल मच गया है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि एनजीओ की संलिप्तता और अफजल गुरु की फांसी का विरोध स्पष्ट रूप से उसे आप से जोड़ता है। उन्होने कहा, क्या यह बच्चा केवल ऐसे गैर सरकारी संगठनों के लिए ढाल है जो राजनीतिक लाभ के लिए दिल्ली की कानून-व्यवस्था को नष्ट करना चाहते हैं और भय की स्थिति पैदा करना चाहते हैं? जांच से यह पूरी संभावना है कि एनजीओ का संबंध आप से है, क्योंकि हम सभी जानते हैं कि पार्टी के उन एनजीओ से गहरे संबंध हैं, जिन्होंने अफजल गुरु का समर्थन किया है और जो राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, 'दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के माता-पिता दोनों ने अफजल गुरु की क्षमा याचिका का समर्थन किया।' उन्होंने यह भी मांग की कि केजरीवाल आगे आएं और एनजीओ के साथ पार्टी के संबंधों को स्पष्ट करें, क्योंकि ऐसा न करने से संदेह और गहरा होगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी कहा है कि जांच पूरी होने के बाद 'आप-दा' पार्टी जल्द ही पूरी तरह से बेनकाब हो जाएगी और राष्ट्रीय राजधानी को पूरी तरह से बर्बाद करने के लिए उन्हें यहां से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मैं कहूंगा कि अरविंद केजरीवाल सिर्फ दिल्ली के ही दुश्मन नहीं हैं, बल्कि वे पूरे देश के दुश्मन हैं।' पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66एफ के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने नाबालिग से एक लैपटॉप और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए, जिनका प्रारंभिक फोरेंसिक विश्लेषण किया गया, जिसमें आरोपी को सीधे तौर पर धमकी भरे ईमेल से जोड़ने वाले निर्णायक और अकाट्य डिजिटल साक्ष्य सामने आए। एक अधिकारी ने कहा, वैज्ञानिक तरीकों, डिजिटल फोरेंसिक विश्लेषण और अन्य तकनीकी निगरानी और खुफिया तंत्र के माध्यम से, बड़ी साजिश के कोण का पता लगाने के लिए आगे की गहन जांच जारी है, इस भयावह गतिविधि और अन्य ऐसे फर्जी मेल के पीछे (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से) शामिल लोग हैं।

## विदेश...

नागरिक की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में पता चला है, जो जाहिर तौर पर रूसी सेना में सेवा करने के लिए भर्ती हुआ था।' उन्होंने कहा, 'केरल का एक अन्य भारतीय नागरिक, जिसे इसी तरह भर्ती कराया गया था, घायल हो गया है और उसका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।' विदेश मंत्रालय ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।जायसवाल ने कहा, 'हम मृतकों के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। मॉस्को स्थित हमारा दूतावास परिवारों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।' उन्होंने कहा, 'हम पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत लाने के लिए रूसी अधिकारियों के साथ काम कर रहे हैं। हमने घायल व्यक्ति को शीघ्र छुट्टी देकर भारत भेजने की भी मांग की है।' उन्होंने कहा, 'यह मामला मॉस्को में रूसी अधिकारियों के साथ-साथ आज नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के समक्ष भी जोरदार तरीके से उठाया गया है।' पिछले वर्ष अक्टूबर में भारतीय अधिकारियों ने कहा था कि 85 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से मुक्त कर दिया गया है तथा 20 अन्य की रिहाई के लिए प्रयास जारी हैं। अगस्त 2024 में, रूसी दूतावास ने कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली उन भारतीय नागरिकों की शीघ्र 'पहचान और रिहाई' के लिए निकट समन्वय में काम कर रहे हैं, जो स्वेच्छा से सैन्य सेवा में संविदात्मक कार्य में शामिल हुए थे और अब घर लौटना चाहते हैं। इसमें कहा गया है कि पिछले वर्ष अप्रैल माह से रूसी संघ के रक्षा मंत्रालय ने भारत सहित कई विदेशी देशों के नागरिकों को सैन्य सेवा में भर्ती करना बंद कर दिया है।

## गुजरात...

गर्दन में लिपट गया और उसके गले में गहरा घाव हो गया। मेहसाणा जिले के वडनगर तालुका में किसान मनसाजी ठाकोर (35) की मौत हो गई। वडनगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, वह मोटरसाइकिल से अपने गांव वडबार स्थित अपने खेत जा रहा था, तभी पतंग के मांझे से उसकी गर्दन कट गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। राजकोट शहर के बाहरी इलाके में मोटरसाइकिल सवार एक अज्ञात व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि सुरेन्द्रनगर जिले के पाटडी तालुका में ईश्वर ठाकोर (35) की मोटरसाइकिल चलाते समय पतंग के मांझे से गर्दन में गहरी चोट लगने से मौत हो गई।

## अखाड़ों...

संतों के भी दर्शन कर रहे हैं। इधर, संगम स्नान करके अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे श्रद्धालुओं के लिए नगर के विभिन्न चौराहों और मुख्य मार्गों पर नगर वासियों द्वारा व्यापक स्तर पर सब्जी पूड़ी और खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जा रहा है। पुराने शहर के मुट्ठीगंज चौराहे के पास श्री राम जानकी मंदिर के नाम पर भंडारा चला रहे भक्तों में से एक मुकेश चंद्र जायसवाल ने बताया कि आज सुबह छह बजे से ही पूड़ी सब्जी और खिचड़ी एवं हलवा का भंडारा निरंतर जारी है और यह रात 11 बजे तक चलेगा। वहीं जीरो रोड चौराहे पर प्रभु कृपा प्राचीन बाल रूप हनुमान मंदिर त्रिपौलिया के नाम से भंडारा चला रहे पंडित किशोर कुमार पाठक ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जा रहा है ताकि वे प्रयागराज के बारे में अच्छा अनुभव लेकर जाएं।

## खुदरा...

इससे भारतीय रिजर्व बैंक के लिए अगले महीने पेश मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश बढ़ी है। मझोली कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक 2.13 प्रतिशत उछला, जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप सूचकांक 1.69 प्रतिशत के लाभ में रहा। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, पिछले कुछ सत्रों से बाजार में गिरावट थी, ऐसे में अल्पकाल में तेजी की उम्मीद थी। बैंक, दूरसंचार, वाहन, बिजली तथा धातु शेयरों में चुनिंदा लिवाली से धारणा सकारात्मक रही। मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी अच्छी तेजी रही। उन्होंने कहा, हालांकि, रुपए की विनिमय दर में गिरावट के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी जारी रहने से सतर्क रुख बना हुआ है।

# पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है : राजनाथ

**भाषा।** अखनूर (जम्मू-कश्मीर)



**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बिना जम्मू-कश्मीर अधूरा है। उन्होंने इस्लामाबाद को अपने आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर में स्थिति काफी बदल गई है और इस सच्चाई को स्वीकार किया जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है। सिंह यहां अखनूर सेक्टर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवीं सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 370 के हटने से क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत हुई है।भारत के रुख की पुष्टि करते हुए सिंह ने कहा, पाकिस्तान के लिए, पीओके विदेशी क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं है और जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं कभी भी पाकिस्तान की आकांक्षाओं से मेल नहीं खाती हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्र के कई मुस्लिम निवासियों द्वारा दिए गए बलिदान का हवाला दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि पाकिस्तान द्वारा पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों के लिए किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद का कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है और भारत सीमा के निकट बनाए गए लॉन्च पैड से अच्छी तरह अवगत है। सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ...पाकिस्तान को इनको (आतंकी शिविरों को) खत्म करना ही होगा। रक्षा मंत्री ने पीओके के तथाकथित प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक की हाल की टिप्पणियों की भी निंदा की जिन्होंने पाकिस्तान के भारत विरोधी एजेंडे को जारी रखने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग सम्मानजनक जीवन से वंचित हैं और पाकिस्तान के शासकों ने अपने भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए धर्म के नाम पर उनका शोषण किया है। आतंकवाद को समर्थन देने संबंधी अपनी नीति को छोड़ने में पाकिस्तान की विफलता को लेकर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, पाकिस्तान ने हमेशा भारत को अस्थिर करने का हर संभव प्रयास किया है। वह अपने प्रयास जारी रखे हुए है। पाकिस्तान ने कभी आतंकवाद को नहीं छोड़ा है। जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि देशभर के दूरदराज के क्षेत्रों में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को मोबाइल मेडिकल इकाइयों के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं उनके घर तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने कहा, सरकार ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कई कदम उठाए हैं। हालांकि मैं यह दावा नहीं करता कि सभी उपाय पर्याप्त हैं, लेकिन इस वर्ष एक महत्वपूर्ण पहल दूरदराज के क्षेत्रों में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत करना है। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री सिंह के अलावा जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एम वी सुचिन्द्र कुमार भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने देश की सुरक्षा में योगदान के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की और उनकी समस्याओं को दूर करने में अपनी सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार और सुरक्षा बलों के बीच संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने के प्रयास जारी हैं। रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान के साथ 1965 के युद्ध में भारतीय सेना के वीरतापूर्ण प्रयासों को भी याद किया तथा उन बलिदानों और रणनीतिक प्रतिभा पर प्रकाश डाला जिसके कारण भारत को जीत मिली।

## श्रम मंत्रालय ने राज्यों से सभी श्रमिकों को 100 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज देने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने राज्यों से सभी श्रमिकों तक स्वास्थ्य, बीमा एवं आकस्मिक लाभ जैसे 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों का विस्तार करने के साथ कल्याण बोर्डों का कामकाज सुधारने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने को कहा है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों (बीओसीडब्ल्यू) पर गठित निगरानी समिति की 13 जनवरी को हुई 16वीं बैठक में यह विचार सामने आया। हाइब्रिड ढंग से हुई इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम सचिव सुमिता डावरा ने की। बैठक में श्रम कल्याण महानिदेशक, मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिवा प्रमुख सचिवा श्रम आयुक्त, बीओसीडब्ल्यू कल्याण बोर्डों के सचिव, केंद्रीय कल्याण आयुक्तों के अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण और वित्तीय सेवा विभाग के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। बयान के मुताबिक, बैठक में डावरा ने कहा कि राज्या केंद्रशासित प्रदेश बीओसी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का कवरेज बढ़ाने के लिए उपकर निधि के इस्तेमाल के लिए जरूरी कदम उठाएंगे। वर्तमान में देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बीओसीडब्ल्यू कल्याण बोर्डों के साथ लगभग 5.73 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं और 30 सितंबर, 2024 तक बोर्डों के पास उपलब्ध शेष राशि के साथ संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता है। इसका उपयोग बीओसी श्रमिकों के कल्याण के लिए विवेकपूर्ण तरीके से किया जा सकता है।

## राजस्थान उच्च न्यायालय ने 2013 के बलात्कार मामले में आसाराम को अंतरिम जमानत दी

**भाषा।** जोधपुर (राजस्थान)

**राजस्थान उच्च** न्यायालय ने 2013 के बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे स्वयंभू संत आसाराम को मंगलवार को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी।एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के एक अन्य मामले में आसाराम को 31 मार्च तक जमानत दी थी और कहा था कि वह कई बीमारियों से ग्रस्त है और उसे उपचार की आवश्यकता है।शीर्ष अदालत द्वारा चिकित्सा आधार पर राहत दिए जाने के तुरंत बाद आसाराम के वकीलों ने उच्च न्यायालय में सजा निलंबित करने के लिए याचिका दायर की।न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने आसाराम को अंतरिम जमानत प्रदान की, क्योंकि याचिका की प्रकृति सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका के समान थी।

## जम्मू कश्मीर वैष्णो देवी मंदिर की प्राकृतिक गुफा श्रद्धालुओं के लिए खोली गई

**कटरा।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की प्राकृतिक गुफा को मंगलवार को मकर संक्रांति उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विशेष पूजा-अर्चना के बाद पुरानी गुफा के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। उन्होंने बताया कि इस पूजा-अर्चना में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग भी शामिल हुए। मंदिर के गर्भगृह के भीतर स्थित प्राकृतिक गुफा को आमतौर पर सर्दी के महीनों में खोला जाता है, जब भक्तों की भीड़ कम होती है। कई भक्त प्राकृतिक गुफा के माध्यम से मंदिर में दर्शन करने के लिए उत्सुकता से उस दिन का इंतजार करते हैं। यह गुफा सुरक्षा कारणों से साल में अधिकांश समय बंद रहती है। गर्ग ने कहा, श्रद्धालुओं की भीड़ के आधार पर आज से प्राकृतिक गुफा उनके लिए खोल दी गई है। हम तीर्थयात्रियों को पुरानी गुफा के दर्शन की अनुमति तभी देंगे, जब उनकी संख्या 10,000 से कम होगी ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि नई गुफा से तीर्थयात्री सुचारू रूप से आगे बढ़ रहे हैं, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के लिए जगह है और उन्हें कोई कठिनाई नहीं होती है। अधिकारियों ने बताया कि नया साल शुरू होने से अबतक 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं। पिछले वर्ष 94.83 लाख तीर्थयात्री इस पवित्र तीर्थस्थल पर आए थे, जो एक दशक में श्रद्धालुओं की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

## पीएम सूर्य घर योजना के तहत छतों पर सौर संयंत्र लगाने के लिए दो वैकल्पिक भुगतान उपायों को मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**नवीन एवं** नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर नया दिशानिर्देश जारी किया है। इसमें योजना के तहत छत पर सौर संयंत्र की स्थापना के लिए दो और भुगतान उपायों को मंजूरी दी गई है। इस कदम से भुगतान सुरक्षा के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी (आरईएससीओ) और वितरण कंपनी आधारित एकत्रीकरण मॉडल के माध्यम से भुगतान के मामले में परिवारों को सब्सिडी सुनिश्चित होगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्रालय ने पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के तहत आरईएससीओ मॉडला वितरण कंपनी आधारित एकत्रीकरण मॉडल के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र घटक और केंद्रीय वित्तीय सहायता घटक को लागू करने के लिए योजना दिशानिर्देशों को अधिसूचित किया है। इस योजना के तहत, आवासीय क्षेत्रों में आरईएससीओ-आधारित ग्रिड से जुड़ी छतों पर लगने वाले सौर मॉडल में निवेश को जोखिम से मुक्त करने के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) के लिए 100 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसे मंत्रालय की मंजूरी के बाद अन्य अनुदानों, कोषों और स्रोतों के माध्यम से पूरक किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं के लिए छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए दो वैकल्पिक मॉडल दिए गए हैं। नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी मॉडल के तहत तीसरे पक्ष की संस्थाएं छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना में निवेश करती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बिना किसी अग्रिम लागत दिए केवल उपभोग की गई बिजली के लिए भुगतान करना पड़ता है।

## दुनिया का सारा पर्यटन मिलकर महाकुंभ की बराबरी नहीं कर सकता: शेखावत

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय संस्कृति मंत्री** गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को कहा कि दुनियाभर का सारा पर्यटन मिलकर भी महाकुंभ में शामिल होने वालों की संख्या की बराबरी नहीं कर सकता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी पत्रिका पांचजन्य द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शेखावत ने यह भी कहा कि भारत के सौभाग्य का सूरज फिर से उगेगा क्योंकि राम मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के बारे में पूछे जाने पर संस्कृति मंत्री ने कहा कि कुंभ के आर्थिक पहलू को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने देश के अन्य धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने का उदाहरण दिया। शेखावत ने कहा, हम कुंभ के धार्मिक और सामाजिक पहलुओं के बारे में बात करते हैं, लेकिन शायद किसी ने कुंभ के आर्थिक पहलू की कल्पना नहीं की है। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि फ्रांस में चार करोड़ पर्यटक पहुंचते हैं, थाईलैंड में 4.5 करोड़, दुबई में दो-ढाई करोड़ पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन भारत में केवल 1.30 करोड़ पर्यटक पहुंचते हैं। संस्कृति मंत्री ने कहा, वे यह नहीं देखते कि 45 करोड़ लोग अकेले कुंभ में भाग ले रहे हैं। पूरी दुनिया का सारा पर्यटन एक साथ मिला दें, तो भी यह महाकुंभ की बराबरी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि अगर धार्मिक स्थलों पर विचार किया जाए तो हर साल साढ़े चार करोड़ लोग उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचते हैं और वे भी पर्यटक ही होते हैं, लेकिन कभी अर्थव्यवस्था में उनके योगदान का आकलन नहीं किया गया। उन्होंने कहा, अगर कुंभ में 45 करोड़ लोग आ रहे हैं, तो सोचिए कि अर्थव्यवस्था में इसका कितना बड़ा योगदान है। हमने कभी वैश्विक स्तर पर इसे सामने लाने की कोशिश नहीं की। इस बार हम उम्मीद कर रहे हैं कि कुंभ में 15-20 लाख अंतरराष्ट्रीय आगंतुक भाग लेंगे। शेखावत ने कहा कि कुंभ दुनिया के लिए भारत की भव्यता देखने का अवसर है। मंत्री ने यह भी कहा कि भारत के लोग कभी भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से दूर नहीं थे, लेकिन पिछली सरकारों को इस पर गर्व नहीं था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के तहत सांस्कृतिक पुनर्जागरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि लगभग 450-500 साल पहले जब बाबर के सेनापति ने राम मंदिर को ध्वस्त कर दिया था, तो भारत के सौभाग्य का सूरज भी डूब गया था।

## पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है: डब्ल्यूएमओ प्रमुख

**नई दिल्ली।** विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने मंगलवार को कहा कि पेरिस समझौता गंभीर खतरे मे है और दुनिया को 2025 को ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने की रफ्तार तेज करने के वास्ते निर्णायक जलवायु कार्वाई के वर्ष के रूप मे चिन्हित करना चाहिए। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिस पर 2016 मे हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि के दायरे मे जलवायु परिवर्तन को सीमित करना, अनुकूलन और वित्त शामिल हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक समारोह मे हिस्सा ले रही साउलो ने कहा कि यह आयोजन धरती के लिए महत्वपूर्ण क्षण मे हो रहा है। उन्होंने बताया कि 2024 भारत और विश्व स्तर पर भी अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा। उन्होंने याद किया कि 2024 मे भारत ने लंबे समय तक भीषण गर्मी का सामना किया, जिससे मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत बुरा असर पड़ा। साउलो ने कहा, भारी मानसूनी बारिश ने व्यवधान पैदा किया और लोगों की जान गईं, जैसा कि हमने जुलाई मे केरल मे हुए दुखद भूस्खलन मे देखा। हाल ही मे, देश के कई हिस्सों मे वायु प्रदूषण चिंताजनक और खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। डब्ल्यूएमओ प्रमुख ने कहा कि 2024 ऐसा पहला कैलेंडर वर्ष बना, जिसका औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक काल के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, लेकिन इसका मतलब यह नही है कि पेरिस समझौता खत्म हो गया है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेन्द्र सिंह की उपस्थिति मे आयोजित एक कार्यक्रम मे कहा, लेकिन जैसा कि हम सभी जानते हैं, यह बहुत गंभीर खतरे मे है... हमें 2025 को ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने की रफ्तार तेज करने के वास्ते निर्णायक जलवायु कार्वाई के वर्ष के रूप मे चिह्नित करना चाहिए। डब्ल्यूएमओ के छह डेटासेट के समेकित विश्लेषण के अनुसार, वैश्विक औसत सतह तापमान 1850-1900 के औसत से 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

## माँ लक्ष्मी देवी ने सैकड़ों विदेशी शिष्यों एवं शिष्याओं के साथ प्रयाग महाकुम्भ में अमृत स्नान किया

प्रयागराज। वर्ष 2007 प्रयाग अर्ध कुंभ मेले में वैष्णव साधु समाज द्वारा जगद्गुरु भक्तिमयी मीरा बाई की उपाधि से सम्मानित परम पूजनीय श्री सतुवा बाबा महाराज द्वारा समर्थित भारत के 2,700 वर्षों के विष्णुस्वामी वंश और कुंभ मेले के ज्ञात इतिहास में इस प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित होने वाली पहली महिला संत परम पावन जगद्गुरु साईं माँ लक्ष्मी देवी जी ने विभिन्न देशों से आए अपने सैकड़ों विदेशी शिष्यों एवं शिष्याओं के साथ प्रयाग महाकुम्भ में अमृत स्नान किया। कुंभ के सेक्टर 17 स्थित अपने शक्तिधाम आश्रम शिविर से परम्परागत रूप से गाजे बाजे के साथ जगद्गुरु साईं माँ एवं उनके 9 विदेशी मूल के महामंडलेश्वर संतों के अतिरिक्त कई देशों से हिंदू धर्म के प्रति आस्था रखने वाले सैकड़ों विदेशी मूल के अनुयायियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जगद्गुरु साईं माँ ने कहा कि अद्भुत, अविस्मरणीय, दिव्य, भव्य और अलौकिक महाकुंभ मेला धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण आयोजन है। यह भावनाओं और आस्था का मेला है। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में सबकुछ एकाकार हो जाता है। प्रयागराज में 2019 के कुंभ मेले में साईं माँ के नौ ब्रह्मचारियों को विष्णुस्वामी वंश के अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़े में महामंडलेश्वर के रूप में दीक्षा दी गईए जो 2700 वर्ष से भी पुराना है। यह एक ऐसा सम्मान है जो ब्रह्मचारियों के ऐसे अंतरराष्ट्रीय समूह को पहले कभी नहीं दिया गया। स्वामी बालानंदाचार्य द्वारा 1477 ईस्वी में स्थापित अखिल भारतीय श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा से संबंधित हैं। मॉरीशस में एक हिंदू ब्राह्मण परिवार में जन्मी साईं माँ ने अपना जीवन सनातन धर्म के शाश्वत ज्ञान को विश्व भर में फैलाने के लिए समर्पित कर दिया है। साईं माँ ने दिव्य प्रेम और सेवा के प्रतीक के रूप में काशी ;वाराणसीद्धए भारत में शक्तिधाम आश्रम की स्थापना कीए जिसने विश्व भर से छात्रों को आकर्षित किया है। साईं माँ ने अमेरिका, जापान, कनाडा, यूरोप, इज़राइल और दक्षिण अमेरिका में आध्यात्मिक केंद्रों के निर्माण को प्रेरित किया है,अपनी परिवर्तनकारी शिक्षाओं और प्रथाओं के माध्यम से लोगों को एकजुट किया है।

## राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं पूर्व सैनिक : सेना प्रमुख

**भाषा।** पुणे

**सेना प्रमुख** जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां कहा कि सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के अनुभव और प्रतिबद्धता का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए किया जा सकता है। नौवें पूर्व सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि इस दिन का बहुत महत्व है क्योंकि यह उन बहादुर योद्धाओं को सम्मानित करने के लिए है जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा, हमारे देश के उन वीर रक्षकों को संबोधित करना और उनके प्रति सम्मान प्रकट करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज के लिए योगदान देना जारी रखते हैं। सेना प्रमुख ने कहा कि भारत एक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसके लिए प्रत्एक नागरिक की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। जनरल द्विवेदी ने कहा, यदि हम अपने समुदाय की सामूहिक शक्ति, 24 लाख भूतपूर्व सैनिकों, सात लाख वीर नारियों, 28 लाख पंजीकृत आश्रितों, 12 लाख सेवारत सैनिकों, उनके 24 लाख आश्रितों और परिवार के अन्य 28 सदस्यों पर विचार करें तो यह संख्या अविश्वसनीय रूप से 1.25 करोड़ है। उन्होंने कहा, अनुभव, अनुशासन और अटूट प्रतिबद्धता से समृद्ध यह मानव पूंजी राष्ट्र निर्माण के प्रयासों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने की क्षमता रखती है।

## कर्मचारियों के काम के घंटे निर्धारित करने से ज्यादा उनका सशक्तीकरण महत्वपूर्ण: संजीव पुरी

**भाषा।** नई दिल्ली



**आईटीसी** लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विवाद पर कहा है कि कर्मचारियों के लिए कामकाजी घंटे निर्धारित करने के बजाय उन्हें कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। पुरी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, आप किसी राजमिस्त्री से पूछें कि वह क्या कर रहा है, तो वह कह सकता है कि वह ईंट लगा रहा है, कोई कह सकता है कि वह दीवार बना रहा है। वहीं कोई कह सकता है कि वह महल बना रहा है। यह श्रमिकों का अपना-अपना नजरिया है। कर्मचारियों को निश्चित घंटों तक काम करने के सवाल पर उन्होंने कहा, हम ऐसा नहीं करेंगे। पुरी ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग (कंपनी की) यात्रा का हिस्सा बनें और जोश से इसमें शामिल हों तथा उद्यम में बदलाव लाने की उनमें इच्छा हो...हम इसे इस तरह देखते हैं।आईटीसी सिगरेट से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक के कारोबार में है। कंपनी लचीले कामकाजी माहौल पर जोर देती है जिसमें सप्ताह में दो दिन घर से काम करना भी शामिल है। आईटीसी के चेयरमैन ने कहा, तो यह प्रत्एक व्यक्ति के कामकाजी घंटों पर नजर रखने के बारे में नहीं है। यह उनको सक्षम बनाने, उन्हें उनकी क्षमता का पूर्ण इस्तेमाल करने योग्य बनाने में मदद करने और फिर उनके द्वारा हासिल लक्ष्य की समीक्षा करने के बारे में है। पुरी ने कहा कि दूरदर्शिता, मूल्य और जीवंतता ही आईटीसी का सार है। गौरतलब है कि भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन के कर्मचारियों को घर पर बैठने के बजाय रविवार सहित हर सप्ताह 90 घंटे काम करने के बयान पर जारी विवाद को लेकर पुरी ने यह टिप्पणी की है।

## आतकी वित्तपोषण: अदालत ने एनएससीएन-आईएम नेता अलेमला जमीर को जमानत देने से इनकार किया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आतंकी वित्तपोषण के एक मामले मे नगा विद्रोही संगठन एनएससीएन-आईएम की स्वयंभू कैबिनेट मंत्री अलेमला जमीर को जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने 13 जनवरी को कहा कि जमीर के खिलाफ आरोपों, सबूतों और उसके पति के फरार होने के तथ्य के मद्देनजर उसकी जमानत याचिका को दूसरी बार खारिज किए जाने के आदेश के खिलाफ अपील मे कोई दम नही है। आरोपी ने कहा कि उसकी उम्र लगभग 51 वर्ष है और वह लगभग 4.5 साल जेल मे बिता चुकी है तथा अभियोजन पक्ष उसके मामले की सुनवाई के निष्कर्ष के बारे मे अनिश्चित है। जमीर के भागने का खतरा होने का उल्लेख करते हुए अदालत ने कहा कि वह एनएससीएन-आईएम मे कथित उच्च पद पर है और गवाहों को प्रभावित करने एवं सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने की स्थिति मे भी है। आदेश मे कहा गया, तदनुसार, वर्तमान अपील खारिज की जाती है। जमानत याचिका का विरोध करते हुए अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि जमीर और अन्य आरोपियो ने मिलकर आतंकी वित्तपोषण के वास्ते धन उगाही करने के लिए नगा आर्मी के सशस्त्र कैडेट के माध्यम से एक नेटवर्क स्थापित किया। जमीर ने कहा कि उसके खिलाफ कथित गंभीर आरोपों के संबंध मे पर्याप्त सबूत नही है। फैसले मे अदालत ने कहा कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच से पता चला है कि एनएससीएन-आईएम अत्याधुनिक हथियारों से लैस एक आतंकवादी संगठन है और एक समानांतर सरकार चलाता है।

# मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने हर की पौड़ी पर किया स्नान

**भाषा।** हरिद्वार



**उत्तराखंड के हरिद्वार** में कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हर की पौड़ी पर गंगा में पवित्र डुबकी लगाई। धर्म यात्रा महासंघ, पुण्यदाई अभियान सेवा समिति, अग्रसेन घाट समिति समेत विभिन्न संगठनों की ओर से यहां कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालु सवेरा होने से पहले ही हर की पौड़ी पर एकत्रित होने लगे। श्रद्धालुओं ने कहा कि भले ही बहुत ठंड थी, लेकिन वे मकर संक्रांति के अवसर पर गंगा स्नान का मौका नहीं छोड़ सकते थे। इस अवसर पर गंगा स्नान का धार्मिक महत्व बताते हुए ज्योतिषाचार्य प्रतीक मिश्रपुरी ने बताया कि मकर संक्रांति का त्योहार तब मनाया जाता है जब सूर्य अपने पुत्र शनि के घर मकर राशि में प्रवेश करता है। ग्रहों की इस परिवर्तनकारी स्थिति के कारण ही इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि इस अवसर पर गंगा स्नान और दान करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं और भीड़ प्रबंधन के लिए पवित्र नदी के आसपास के क्षेत्र को आठ जोन और 21 सेक्टर में बांटा गया है। घाटों पर पुलिस भी तैनात की गई है। पूरे मेला क्षेत्र पर सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है।

## लाखों श्रद्धालुओं ने गंगासागर में डुबकी लगाई

**कोलकाता।** मकर संक्रांति के अवसर पर पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में हुगली नदी और बंगाल की खाड़ी के संगम स्थल गंगासागर में मंगलवार को लाखों तीर्थयात्रियों ने डुबकी लगाई। कड़ाके की ठंड के बावजूद लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया और कपिल मुनि के आश्रम में पूजा-अर्चना की। शाही स्नान का शुभ समय कल शाम छह बजकर 58 मिनट पर शुरू हुआ और यह 24 घंटे तक जारी रहेगा। एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने फसल उत्सव की शुरुआत के अवसर पर मनाए जाने वाले इस वार्षिक अनुष्ठान के लिए कोलकाता से करीब 100 किलोमीटर दूर सागर द्वीप पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इस बीच, रविवार को सागर द्वीप पर उत्तर प्रदेश के एक बुजुर्ग व्यक्ति की हृदयाघात से मौत हो गई। इस वर्ष गंगासागर मेला उत्तर प्रदेश में आयोजित हो रहे महाकुम्भ के साथ-साथ आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कुम्भ मेले की तर्ज पर इस अवधि में द्वीप पर आयोजित होने वाले गंगासागर मेले को राष्ट्रीय दर्जा देने की मांग की है।

## वी नारायणन ने इसरो प्रमुख के रुप में कामकाज संभाला, सोमनाथ की जगह ली

**बेंगलुरु।** वी नारायणन ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने एस सोमनाथ की जगह यह पद संभाला है। इसरो ने एक बयान में कहा, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (शीर्ष ग्रेड) डॉ वी नारायणन ने 13 जनवरी, 2025 को अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और इसरो के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले, नारायणन ने इसरो के लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्य किया, जो प्रक्षेपण यानों और अंतरिक्ष यानों की प्रणोदन प्रणालियों के विकास के लिए जिम्मेदार एक प्रमुख केंद्र है।उन्होंने भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय स्तर के ह्यूमन रेटेड सर्टिफिकेशन बोर्ड (एचआरसीबी) के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह 1984 में इसरो से जुड़े थे और अपने लगभग 40 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंनेभारत के अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नारायणन एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), खड़गपुर से उन्होंने क्रायोजेनिक इंजीनियरिंग में एम.टेक और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। एम.टेक पाठ्यक्रम में प्रथम रैंक हासिल करने के लिए रजत पदक से सम्मानित नारायणन को 2018 में आईआईटी खड़गपुर की ओर से डिस्टिंग्विशड एलमनाई अवॉर्ड और 2023 में लाइफ फेलोशिप अवॉर्ड भी प्रदान किया गया।इसरो में आने से पहले नारायणन ने टीआई डायमंड चेन लिमिटेड, मद्रास रबर फैक्टरी और त्रिची तथा रानीपेट में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) में कुछ समय तक काम किया। इसरो ने कहा, जब भारत को जीएसएलवी एमके-ढढ यानों के लिए क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी देने से मना कर दिया गया, तो उन्होंने इंजन प्रणालियों को डिजाइन किया, आवश्यक सॉफ्टवेयर उपकरण विकसित किए, आवश्यक बुनियादी ढांचे और परीक्षण केंद्रों की स्थापना करने में योगदान दिया। नारायणन ने भारत के चंद्र मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चंद्रयान-दो और तीन के लिए, उन्होंने एल-110 लिक्विड स्टेज, सी25 क्रायोजेनिक स्टेज और प्रणोदन प्रणालियों को तैयार करने वाले कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिससे अंतरिक्ष यान चंद्रमा की कक्षा तक पहुंचने और सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर उतरने में सक्षम हुआ। पीएसएलवी सी57।आदित्य एल। मिशन के लिए, उन्होंने दूसरे और चौथे चरण, नियंत्रण बिजली संयंत्रों और प्रणोदन प्रणाली को तैयार करने की देखरेख की, जिससे अंतरिक्ष यान को एल। पर हेलो कक्षा में स्थापित करने में मदद मिली।

## उदित नारायण ने श्रध्दा की तारीफ की

**मुंबई।** ज़ी टीवी के आइकॉनिक सिंगिंग रियलिटी शो सारेगामापा का ग्रैंड फिनाले इस बार दर्शकों के लिए एक संगीत का एक यादगार जश्न लेकर आया है। इस खास एपिसोड में शानदार परफॉर्मेंस दिल को छू लेने वाले पल और ढेर सारी खुशियां देखने को मिलेंगी। मंच की रौनक बढ़ाने के लिए म्यूज़िक जगत के दिग्गज उदित नारायण और कविता कृष्णमूर्ति अपने संगीत का जादू बिखेरेंगे। साथ हीए इस जश्न में चार चांद लगाने भारतीय क्रिकेट के सितारे हरभजन सिंह भी अपनी जोशीली मौजूदगी से माहौल को और खास बनाएंगे। शो के दौरानए फाइनलिस्ट्स ने अपनी परफॉर्मेंस में जी जान लगा दी और सभी मेंटर्स और मेहमानों का दिल जीत लिया। खासतौर पर कंटेस्टेंट श्रध्दा ने धूम मचाले,तौबा तौबा और मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने् जैसे गानों पर ऐसी दमदार परफॉर्मेंस दी कि उदित नारायण को उनके बेटे आदित्य नारायण की याद आ गई। यह परफॉर्मेंस उन्हें उस दौर में ले गई जब आदित्य ने अपने म्यूज़िकल करियर की शुरुआत इसी मंच से की थी। उदित नारायण ने भावुक होकर कहा कि हर मां.बाप का सपना होता है कि उनके बच्चे कामयाब हों और अपने सपने पूरे करें। आज आपकी परफॉर्मेंस देखकर मुझे आदित्य की शुरुआत याद आ गई। यही ज़ी टीवी का शो सारेगामापा थाए जहां से उसने अपना सफर शुरू किया। आज आप भी इसी मंच पर दिग्गज गायकों के सामने गा रही हैं। मुझे आप पर बहुत गर्व है। इस भावुक पल ने सेट पर मौजूद सभी का दिल छू लिया। सारेगामापा का ग्रैंड फिनाले इस बार बेहतरीन म्यूज़िकल फेस्टिवल लेकर आया है। टॉप 6 कंटेस्टेंट्स अपने मेंटर्स ,सचिन जिगर, सचेतपरंपरा और गुरु रंधावा के साथ अपनी सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार हैं। जहां विनर के नाम का खुलासा होने वाला हैए वहीं दर्शकों की धड़कनें तेज होती जाएंगी। तो कौन बनेगा इस सीज़न का विजेताध् जानने के लिए देखिए सारेगामापा का ग्रैंड फिनाले, इस शनिवार 18 जनवरीए रात 9 बजेए सिर्फज़ी टीवी पर!

# भारत वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने में सक्षम : जयशंकर

**विदेश मंत्री बोले- उन कुछ देशों में से एक जो रूस, यूक्रेन और इजराइल, ईरान से बात करने की स्थिति में**



**भाषा।** मैड्रिड

**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने वैश्विक संघर्षों को समाप्त करने में भारत की संभावित भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह (भारत) उन कुछ देशों में से एक है जो रूस और यूक्रेन तथा इजराइल एवं ईरान दोनों के साथ बातचीत करने की स्थिति में है। स्पेन की दो-दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने सोमवार को यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान ए टिप्पणियां कीं। उनका स्पष्ट संदर्भ यूक्रेन और पश्चिम एशिया में चल रहे युद्धों से था। इजराइल पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित हमास से लड़ रहा है। मंत्री ने कहा कि आज भारत को वैश्विक संवाद में योगदान देने वाले के रूप में देखा जा रहा है, जब विश्व अनेक चुनौतियों, विभिन्न मुद्दों पर विचार कर रहा है, तो हम भी विचारों और पहलों के साथ आगे आते हैं। उन्होंने कहा, आज बहुत कम देश हैं जो रूस और यूक्रेन से बातचीत करने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष दो बार रूस गए तथा यूक्रेन के कीव भी गए।विदेश मंत्री ने कहा कि भारत उन कुछ देशों में से एक है जो इजराइल और ईरान दोनों से बात करने की स्थिति में है और क्वाड तथा ब्रिक्स के सदस्य होने के नाते प्रधानमंत्री मोदी दोनों से ही बातें करने में सक्षम हैं।उन्होंने कहा, तो, यह कुछ ऐसा है, जो वास्तव में बहुत ही अनोखा है। और यह अनोखा इसलिए है, क्योंकि अगर आप दुनिया को देखें तो यह एक बहुत ही ध्रुवीकृत दुनिया है। क्वाड में ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और भारत शामिल हैं, जबकि ब्रिक्स समूह में अब ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात सदस्य हैं। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत ही वह देश है जिसने अफ्रीकी संघ को जी-20 में शामिल किया, जो वर्षों पहले किया जाना चाहिए था।उन्होंने कहा कि वह 20 साल पहले एक पर्यटक के रूप में स्पेन आए थे और फिर 2017 में उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ यहां आने का सौभाग्य मिला था।उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा बहुत सफल रही थी और मोदी के साथ उनकी इस बात पर सहमति है कि दोनों देशों को अपने संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।जयशंकर ने यह भी घोषणा की कि स्पेन जल्द ही बेंगलुरु में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा।

### बेंगलुरु में स्पेन जल्द ही वाणिज्य दूतावास खोलेगा

**मैड्रिड।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि स्पेन जल्द ही बेंगलुरु में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए एक अच्छा संकेत बताया।स्पेन की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने सोमवार को यहां भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान ए टिप्पणियां की।उन्होंने समुदाय के साथ बातचीत करते हुए कहा, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संबंधों के संदर्भ में, मुझे उम्मीद है कि बार्सिलोना के लोग इस बात का स्वागत करेंगे कि हमारा वहां एक वाणिज्य दूतावास है... जल्द ही बेंगलुरु में स्पेन का एक वाणिज्य दूतावास होगा। उन्होंने कहा, ए अच्छे संकेत हैं कि हमारे रिश्ते गहरे हो रहे हैं और आप बड़ी-बड़ी संस्थाएं बना रहे हैं, क्योंकि आप कह सकते हैं कि व्यापार बढ़ रहा है। जैसे-जैसे रिश्ते प्रगाढ़ होते हैं, हमारे पास वाणिज्य दूतावास होना चाहिए और कौन जानता है कि भविष्य में हम कहां होंगे। विदेश मंत्री ने कहा, हमने तय किया है कि हम 2026 को दोहरे वर्ष के रूप में मनाएंगे। एक ऐसा दोहरा वर्ष, जिसमें हम दोनों देशों में संस्कृति, पर्यटन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का जश्न मनाएंगे। इसलिए 2025 तक हम 2026 की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की यह स्पेन की पहली यात्रा है, जो स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा के लगभग ढाई महीने बाद हो रही है। सोमवार को जयशंकर ने स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस से मुलाकात की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

# ट्रंप के खिलाफ जांच करने वाले विशेष अधिवक्ता ने कहा : मेरी टीम कानून के शासन के लिए खड़ी रही

**भाषा।** वाशिंगटन

**विशेष अधिवक्ता** जैक स्मिथ ने अपनी एक नई रिपोर्ट में कहा है कि 2020 में हुए राष्ट्रपति चुनावों को पलटने के डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों की जांच करने वाली उनकी टीम ने कानून के शासन की हिफाजत की।उन्होंने मंगलवार को जारी एक बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट में लिखा कि वह आपराधिक आरोप लगाने के अपने निर्णय पर पूरी तरह से अडिग हैं। उनका मानना है कि यदि मतदाता ट्रंप को व्हाइट हाउस में वापस नहीं भेजते तो उन्हें (निश्चित तौर पर) दोषी ठहराया जा सकता था। रिपोर्ट में कहा गया, ट्रंप के सभी आपराधिक प्रयासों का सार धोखा था- जानबूझकर चुनाव धोखाधड़ी के झूठे दावे- और सबूतों से पता चलता है कि ट्रंप ने इन झूठों का इस्तेमाल संघीय सरकार के कामकाज को बाधित करने के लिए एक हथियार के रूप में किया। इस रिपोर्ट में सत्ता में बने रहने के ट्रंप के प्रयासों के बारे में उनकी टीम के निष्कर्ष हैं। आगामी 20 जनवरी को ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी से महज कुछ दिन पहले जारी रिपोर्ट में 2020 में सत्ता में बने रहने के लिए ट्रंप द्वारा किए गए नाकाम प्रयासों को रेखांकित किया गया है। ट्रंप उस चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन से हार गए थे। ट्रंप की चुनावी जीत के कारण अभियोजन को बंद कर दिया गया है, इसलिए यह दस्तावेज अमेरिकी इतिहास के उस काले अध्याय में न्याय विभाग का अंतिम वृत्तांत होने की उम्मीद है, जिसने सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण को बाधित करने का खतरा पैदा कर दिया था। न्याय विभाग ने मंगलवार को कांग्रेस को रिपोर्ट प्रेषित की।

## बांग्लादेश : बीएनपी ने जुलाई-अगस्त में आम चुनाव कराने की मांग की

**ढाका।** पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बीएनपी ने इस साल जुलाई-अगस्त में आम चुनाव कराने की मंगलवार को मांग की। बीएनपी ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के इस रुख को खारिज कर दिया है कि चुनाव साल के अंत या 2026 के मध्य तक कराए जाएं। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने पार्टी की स्थाई समिति की रात भर चली बैठक के बाद कहा, चुनाव में इतनी देरी करने का कोई कारण नहीं है। इस बैठक की अध्यक्षता बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने लंदन से डिजिटल माध्यम से की। स्थाई समिति ने यूनुस की योजनाबद्ध चुनाव समयसीमा पर लंबी चर्चा की, लेकिन वह इस निष्कर्ष पर पहुंची कि चुनाव में इतनी देरी नहीं होनी चाहिए। मतदाता सूची को अद्यतन करने में एक महीने से अधिक समय नहीं लगना चाहिए और अन्य संबंधित कार्यों में अधिकतम एक से दो महीने का समय लगेगा।

## हैती में गिरोह हिंसा के चलते विस्थापित लोगों की संख्या तीन गुना हुई

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने कहा है कि हैती में बड़े पैमाने पर गिरोह हिंसा की वजह से आंतरिक विस्थापन पिछले साल की तुलना में तीन गुना हो गया है और यह संख्या 10 लाख लोगों के आंकड़े को पार कर गई है। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने मंगलवार को कहा कि राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में लगातार जारी गिरोह हिंसा के कारण विस्थापन लगभग दोगुना हो गया है और स्वास्थ्य देखभाल एवं अन्य सेवाएं चरमरा गई है तथा खाद्य असुरक्षा की स्थिति गंभीर हो गई है। हैती दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल ने आवेदन आमंत्रित किए

**इंडियाना।** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड युनिवर्सिटी-एसआईयू ने सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफिशियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी। परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रैंस टेस्ट और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रैंस एक्ज़ाम में रजिस्टर करने के लिए उम्मीदवारों को 12 अप्रैल 2025 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। हर परीक्षा के लिए रु 2250 का नॉन रिफंडेबल शुल्क तथा प्रति प्रोग्राम रु 1000 का शुल्क देना होगा।

## डिज़्नी लेकर आया है सपनों की सौगात स्वीट ड्रीम्स

**मुंबई।** 2025 क्या हो अगर आपके सपने किसी ऐसे कनेक्शन की ओर इशारा करते हों जिसके बारे में आपने कभी सोचा ही नहीं। जियो स्टूडियोज और मैंगो पीपुल मीडिया के साथ डिज़्नी हॉटस्टार दर्शकों को एक अनूठे सफर पर ले जाने के लिये तैयार है। इस सफर का नाम है स्वीट ड्रीम्स और यह 24 जनवरी 2025 से स्ट्रीम होगा। दूरदर्शी फि ल्मकार विक्टर मुखर्जी द्वारा निर्देशित इस फि ल्म में दो अजनबियों की एक असाधारण कहानी है जो उन्हें सपनों की दुनिया से जोड़ती है। मिथिला पालकर, अमोल पराशर, मीयांग चैंग और सौरासेनी मैत्रा जैसे सितारों से सजी स्वीट ड्रीम्स का निर्माण ज्योति देशपांडे, नेहा आनंद और प्रांजल खांधदिया ने किया है। दिल को छूने वाला इस फि ल्म का साउंडट्रैक मुकुंद सूर्यवंशी, शुभम शिरुले, देव अरिजीत और आकाशदीप सेनगुप्ता की प्रतिभाशाली टीम ने तैयार किया है। यह साउंडट्रैक फिल्म के स्वप्निल तथा अद्भुत विषय को बेहतरीन रूप से उजागर करता है। बढ़िया तरीके से पूर्णता देता है। स्वीट ड्रीम्स की कहानी हमारे सपनों और हकीकत के बीच की सीमा को धुंधला करती है। इसमें एक खास तरह का जादू और एक अनोखे प्यार की गहराई है जो साधारण नहीं है। यह 24 जनवरी 2025 को केवल डिज़्नी हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## नाटो बाल्टिक सागर क्षेत्र में समुद्र के नीचे सुरक्षा के लिए नया मिशन शुरू करेगा

**हेलसिंकी।** नाटो महासचिव मार्क रूट ने मंगलवार को घोषणा की कि गठबंधन बाल्टिक सागर क्षेत्र में समुद्र के नीचे केबल की सुरक्षा के लिए एक नया मिशन शुरू करेगा। रूट ने बाल्टिक सागर क्षेत्र में स्थित नाटो (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) देशों के नेताओं के साथ हेलसिंकी में एक बैठक में कहा कि इस प्रयास को बाल्टिक सेंट्री नाम दिया जाएगा। नाटो प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा, इसमें युद्धपोत और समुद्री गश्ती विमान सहित कई प्रकार के सैन्य साजो सामान होंगे। इससे बाल्टिक क्षेत्र में हमारी सतर्कता बढ़ेगी।

# हमास ने संघर्षविराम के मसौदे को स्वीकार कर लिया है: अधिकारी

**भाषा।** काहिरा

**हमास ने गाजा** पट्टी में संघर्षविराम और बंधकों की रिहाई के लिए मसौदा समझौते को स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी वार्ता में शामिल दो अधिकारियों ने मंगलवार को दी। मध्यस्थ कतर ने कहा कि बातचीत समझौते पर पहुंचने के सबसे निकट बिंदु पर है। एसोसिएटेड प्रेस ने प्रस्तावित समझौते की एक प्रति प्राप्त की है, और मिस्र के एक अधिकारी तथा एक हमास अधिकारी ने इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि की। एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि प्रगति हुई है, लेकिन ब्योरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस योजना को अंतिम मंजूरी के लिए इजराइली कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।तीनों अधिकारियों ने बंद कमरे में हुई बातचीत को लेकर जानकारी नाम गुप्त रखने की शर्त पर दी।अमेरिका, मिस्र और कतर ने पिछले साल 15 महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने और हमास के 7 अक्टूबर, 2023 के हमले में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश की है। गाजा के अंदर अभी भी करीब 100 इजराइली बंदी हैं और इजराइली सेना का मानना है कि उनमें से कम से कम एक तिहाई की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि वे 20 जनवरी को अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले एक समझौते पर पहुंच सकते हैं, जिनके मध्यपूर्व दूत वार्ता में शामिल हुए हैं। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने मंगलवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि जारी वार्ता सकारात्मक और उपयोगी है, हालांकि उन्होंने संवेदनशील वार्ता के विवरण देने से इनकार कर दिया। आज हम समझौते के सबसे करीब पहुंच गए हैं। इस बीच, हमास ने एक बयान में कहा कि वार्ता अपने अंतिम चरण पर पहुंच गई है। गाजा में आक्रमण ने बड़े क्षेत्र को मलबे में तब्दील कर दिया है और गाजा की 23 लाख की आबादी में से लगभग 90 प्रतिशत को विस्थापित कर दिया है, जबकि सैकड़ों हज़ारों लोगों को तट के किनारे तम्बू शिविरों में रखा गया है, जहां व्यापक भुखमरी है। गाजा में रात भर और मंगलवार को इजराइली हमलों में कम से कम 18 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें दो महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं, जबकि यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर दो मिसाइलें दागीं, जिससे सायरन बजने लगे और लोग आश्रयों की ओर भागने लगे।



### नेतन्याहू के खिलाफ वारंट पर इजराइली आपत्तियों को खारिज किया जाएः आईसीसी के मुख्य अभियोजक

**नीदरलैंड।** अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक ने न्यायाधीशों से कहा है कि गाजा में एक साल से अधिक समय से जारी युद्ध की जांच पर इजराइल की आपत्तियों को खारिज कर दिया जाना चाहिए। करीम खान ने हेग स्थित अदालत के अधिकार क्षेत्र पर इजराइल की अपील पर सोमवार देर रात अपनी औपचारिक प्रतिक्रिया प्रस्तुत की।यह मामला न्यायाधीशों द्वारा गाजा में युद्ध को लेकर मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में पिछले साल इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, उनके पूर्व रक्षा मंत्री और हमास के सैन्य प्रमुख के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी जाने से संबंधित है। नेतन्याहू ने गिरफ्तारी वारंट को राष्ट्रों के इतिहास में एक काला दिन कहा और आरोपों का सामना करने का संकल्प लिया। व्यक्ति सीधे गिरफ्तारी वारंट का विरोध नहीं कर सकते, लेकिन देश के रूप में इजराइल पूरी जांच पर आपत्ति कर सकता है। इजराइल ने दिसंबर में कहा था कि वह अपने नेताओं के खिलाफ आरोपों की जांच खुद कर सकता है और इजराइलियों के खिलाफ जांच जारी रखना देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। आईसीसी की स्थापना 2002 में दुनिया के सबसे जघन्य अत्याचारों- युद्ध अपराध, मानवता के खिलाफ अपराध, नरसंहार और आक्रमकता के अपराध के जिम्मेदार व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए अंतिम उपाय की स्थाई अदालत के रूप में की गई थी। अदालत के 125 सदस्य देशों में फलस्तीन, यूक्रेन, कनाडा और यूरोपीय संघ के सभी देश शामिल है।

## इमरान की पत्नी बुशरा बीबी को 12 से अधिक मामलों में जमानत मिली

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने मंगलवार को 12 से अधिक मामलों में अंतरिम जमानत दे दी।बुशरा बीबी ने हालांकि अदालत से कहा कि उनका पाकिस्तान की न्याय व्यवस्था से विश्वास उठ गया है।आतंकवाद निरोधक अदालत के न्यायाधीश ताहिर अब्बास सुप्रा ने बुशरा को डी-चौक पर हुए प्रदर्शन से संबंधित 13 मामलों में सात फरवरी तक अंतरिम जमानत दे दी। इसके अलावा पिछले साल प्रदर्शन के दौरान अर्द्धसैनिक रेंजरों की हत्या से जुड़े एक अन्य मामले में भी जमानत दी गई। बीबी के अलावा, उनके पति खान (72) और पार्टी के अन्य नेताओं को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और अन्य धाराओं के तहत रमना पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार खान ने पार्टी नेतृत्व, पत्नी बुशरा, खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और अपनी बहन अलीमा खान को उन्हें जेल से रिहा कराने के लिए हर संभव प्रयास करने और इस उद्देश्य के लिए किसी भी चीज को आग लगाने या किसी को भी मारने के निर्देश दिए थे।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायक दौरे पर चीन पहुंचे

**बीजिंग-कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायक चार दिवसीय दौरे पर मंगलवार को चीन पहुंचे। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग और अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रगाढ़ करने पर बातचीत करेंगे। कोलंबो में राष्ट्रपति कार्यालय से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दिसानायक के आगमन पर चीनी सेना द्वारा उनका औपचारिक स्वागत किया गया। चीन के उप विदेश मंत्री चेन शियाओदोंग ने उनकी अगवानी की। पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से दिसानायक की यह दूसरी विदेश यात्रा है। सबसे पहले उन्होंने भारत की यात्रा की थी। चीन के अपने दौरे के दौरान दिसानायक राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ दोनों देशों के आपसी हितों के संबंध में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे तथा चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग एवं चीन की नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की स्थाई समिति के अध्यक्ष झाओ लेजी से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि इस दौरे के दौरान श्रीलंका और चीन के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।

## भारत वैश्विक ऊर्जा संवाद को पुनः परिभाषित करेगा

**नई दिल्ली।** भारत सरकार का प्रमुख ऊर्जा कार्यक्रम भारत ऊर्जा सप्ताह 2025आईईडब्ल्यू 202511 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ इसका आयोजन यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर नई दिल्ली में करेगा। इससे पहले भारत ऊर्जा सप्ताह को दो बार उल्लेखनीय सफलता के साथ आयोजित किया जा चुका है।इस वर्ष के ऊर्जा कैलेंडर का पहला प्रमुख वैश्विक आयोजन, आईईडब्ल्यू 2025 वर्ष का सबसे व्यापक और समावेशी वैश्विक ऊर्जा सम्मेलन होगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन के बारे में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय सचिव पंकज जैन ने कहा कि आईईडब्ल्यू 2025 एक ऐसा मंच प्रदान करता है कि जहाँ वैश्विक हितधारक स्वतंत्र रूप से विमर्श कर सकते हैं,अवसरों की तलाश कर सकते हैं और जटिल ऊर्जा संक्रमण को आगे बढ़ाने में भारत के नेतृत्व से अवगत हो सकते हैं। हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों सौर नवाचारों या उन्नत अन्वेषण तकनीकों तथा प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं पर सहयोग सहित वैश्विक ऊर्जा नवाचार का यह प्रमुख आयोजन है। वक्ताओं में उल्लेखनीय तौर पर प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ऊर्जा कंपनियों के लगभग 70 मुख्य कार्यकारी अधिकारियों सहित वरिष्ठ विशेषज्ञ शामिल हैं जो इस आयोजन के बढ़ते वैश्विक महत्व को दर्शाता है। इस वर्ष आईईडब्ल्यू का आयोजन पहले से कहीं अधिक व्यापक होगा और अद्वितीय वैश्विक भागीदारी युक्त होगा, जिसमें उन्नत अर्थव्यवस्थाओंए सबसे बड़े ऊर्जा उत्पादकों और प्रमुख विकासशील देशों के 20 से अधिक ऊर्जा मंत्री और उप मंत्री शामिल होंगे।

## जेलेंस्की, मैक्रों ने पश्चिमी सेना की तैनाती पर चर्चा की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने रूस के साथ लगभग तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने वाले किसी भी शांति समझौते की सुरक्षा के लिए यूक्रेन में पश्चिमी सैनिकों की तैनाती की संभावना के बारे में फ्रांसीसी राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के साथ चर्चा की है। जेलेंस्की ने यह बात जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की मंगलवार को कीव की आधिकारिक यात्रा से पहले कही। वह सोमवार को फ्रांस, ब्रिटेन, इटली और पोलैंड के अपने समकक्षों के साथ वारसॉ में एक बैठक के बाद एक अघोषित यात्रा पर कीव पहुंचे। जर्मनी और चार अन्य देश यूरोप के पांच शीर्ष सैन्य व्ययकर्ता हैं। पिस्टोरियस ने जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए से कहा कि उनकी कीव यात्रा का उद्देश्य ऐसे समय में यूक्रेन के लिए जर्मनी के मजबूत समर्थन को रेखांकित करना है जब अगले सप्ताह डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की कमान संभालने जा रहा नया प्रशासन युद्ध पर वाशिंगटन की नीति में बड़े बदलाव लाने के लिए तैयार है।

## दक्षिण अफ्रीकाः बचावकर्मियों ने खदान से जीवित बचे लोगों और शवों को बाहर निकाला

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की सबसे गहरी सोने की खदानों में से एक में नीचे बचावकर्मियों ने मंगलवार को पिंजरे जैसी संरचना भेजी, ताकि सैकड़ों खनिकों के बीच से जीवित बचे लोगों को बाहर निकाला जा सके। ए सभी एक परित्यक्त शाफ्ट में अवैध रूप से काम कर रहे थे और महीनों से फंसे हुए थे। माना जा रहा है कि 100 से अधिक लोग भूख या निर्जलीकरण से जान गंवा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार से बफेल्सफोंटेन सोने की खदान से कम से कम 24 शव और 37 जीवित लोग निकाले जा चुके हैं, लेकिन नागरिक संगठनों और खनिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों का कहना है कि माना जाता है कि 500 से अधिक लोग अब भी उसमें फंसे हैं, जिनमें से कई बीमार और भूखे हैं। पुलिस ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि खदान में अभी कितने लोग हैं, लेकिन यह संख्या सैकड़ों में होने की संभावना है। जोहानिसबर्ग के दक्षिण-पश्चिम में स्टिलफोंटेन शहर के पास स्थित खदान, नवंबर से ही पुलिस, खनिकों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों के बीच तनावपूर्ण गतिरोध का स्थल रही है, जब प्राधिकारियों ने खनिकों को बाहर निकालने के लिए पहली बार अभियान चलाया था।

## बाइडन ने अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो. बाइडन ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आई) से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। कार्यकारी आदेश संघीय एजेंसियों को सरकारी स्थलों पर बड़े पैमाने पर एआई बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्देश देता है, साथ ही उन स्थानों पर निर्माण कार्य करने वालों के लिए आवश्यकताओं और सुरक्षा उपायों को लागू करता है। यह कुछ एजेंसियों को एआई डेटा केंद्रों और नई स्वच्छ ऊर्जा सुविधाओं के लिए संघीय स्थल उपलब्ध कराने का भी निर्देश देता है। बाइडन ने एक बयान में कहा कि एआई का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ेगा और यदि इसे जिम्मेदारी से उपयोग किया जाए तो बीमारी का इलाज करने से लेकर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करके समुदायों को सुरक्षित रखने तक अमेरिकियों के जीवन में सुधार करने में बड़ी सफलता मिलेगी। जब भविष्य को परिभाषित करने वाली तकनीक की बात आती है तो हम अमेरिका को कमजोर नहीं होने देंगे,।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के शीर्ष सहयोगी ने हिरासत को रोकने का अनुरोध किया



**सियोल।** महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल के शीर्ष सहयोगी ने मंगलवार को कानून लागू करने वाली एजेंसियों से अनुरोध किया कि वे पिछले महीने लगाए गए मार्शल लॉ के मामले में उन्हें हिरासत में लेने के अपने प्रयासों को छोड़ दें। ए अनुरोध ऐसे वक्त किया गया जब जांच अधिकारी दूसरी बार राष्ट्रपति को हिरासत में लेने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ चुंग जिन-सुक ने कहा कि यून से किसी अन्य स्थान या उनके निवास पर पूछताछ की जा सकती है। उन्होंने दावा किया कि भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी एवं पुलिस उन्हें बाहर खींचने की कोशिश कर रही है जैसे कि वह दक्षिण अमेरिकी मादक पदार्थ गिरोह के सदस्य हों। हालांकि, राष्ट्रपति के वकीलों में से एक यून काब-क्यून ने कहा कि चीफ ऑफ स्टाफ ने उनसे परामर्श किए बिना ही संदेश जारी किया और कानूनी टीम के पास जांच अधिकारियों के सामने पूछताछ के लिए राष्ट्रपति को पेश कराने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। यून कई सप्ताह से सियोल स्थित अपने आधिकारिक आवास से बाहर नहीं निकले हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा सेवा में शामिल अधिकारियों का तीन जनवरी को लगभग छह घंटे तक उन जांच अधिकारियों के साथ टकराव हुआ जो यून को हिरासत में लेने के लिए आए थे। सुरक्षा सेवा के अधिकारियों ने जांच अधिकारियों को यून को हिरासत में लेने से रोक दिया।

# लॉस एंजिलिस में तेज हवा चलने का पूर्वानुमान, आग का खतरा बरकरार

**भाषा।** लॉस एंजिलिस

**लॉस एंजिलिस क्षेत्र** के जंगलों में भयावह आग की घटनाओं के बाद फिर से तेज हवाएं चलने के पूर्वानुमान के मद्देनजर पानी के अतिरिक्त टैंकर और बड़ी संख्या में अग्निशमन दल भेजे गए हैं। दावानल की दो बड़ी घटनाओं में इस क्षेत्र में हजारों घर तबाह हो गए और कम से कम 24 लोगों की जान चली गई। विमानों से घरों और पहाड़ियों पर चमकीले गुलाबी रंग के अग्निरोधी रसायनों का छिड़काव किया गया, जबकि कर्मचारियों और दमकल वाहनों को सूखी झाड़ियों वाले विशेष रूप से संवेदनशील स्थानों के पास तैनात किया जा रहा है। पिछले सप्ताह आग की दो भयावह घटनाओं के बाद जलस्रोत सूख जाने के बाद पानी की आपूर्ति फिर से करने के लिए दर्जनों टैंकर भेजे गए। आग से सदमे में आईं तबीथा ट्रोसेन ने कहा कि उन्हें डर लग रहा है कि उनके आसपास के क्षेत्र में भी आग का खतरा पहुंच सकता है। ट्रोसेन ने कहा कि उन्होंने अपनी बिल्लियों के साथ घर छोड़ने की तैयारी कर रखी है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सामान पैक कर लिया है और वह यह भी सोच रही हैं कि वे क्या खो सकती हैं। लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बास और अन्य अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि क्षेत्र नए खतरे का सामना करने के लिए तैयार है।

# दर्दनाक अनुभवों वाले बच्चों में मोटापे का ख़तरा ज्यादा

**लेकिन इसे कम किया जा सकता है**

**भाषा।** ऑकलैंड

**अपने शुरुआती** जीवन में दर्दनाक अनुभवों वाले बच्चों में मोटापे का जोखिम अधिक होता है, लेकिन हमारे नए शोध से पता चलता है कि सकारात्मक अनुभवों के माध्यम से इस जोखिम को कम किया जा सकता है।बचपन में दर्दनाक अनुभव चिंताजनक रूप से आम हैं। ग्रोइंग अप इन न्यूज़ीलैंड अध्ययन में लगभग 5,000 बच्चों के डेटा के हमारे विश्लेषण से पता चला कि 87 प्रतिशत बच्चों (लगभग 10 में से नौ) को आठ साल की उम्र तक कम से कम एक महत्वपूर्ण आघात का सामना करना पड़ा।कई प्रतिकूल अनुभव भी थे। बत्तीस फीसदी बच्चों (करीब तीन में से एक) ने कम से कम तीन दर्दनाक घटनाओं का अनुभव किया। बचपन के आघात में शारीरिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार, साथियों द्वारा धमकाया जाना और घरेलू हिंसा के संपर्क में आना जैसे कई अनुभव शामिल हैं। इसमें माता-पिता द्वारा मादक द्रव्यों का सेवन, मानसिक बीमारी, कारावास, अलगाव या तलाक और जातीय भेदभाव भी शामिल हैं।इन अनुभवों के परिणाम दूरगामी थे। जिन बच्चों ने कम से कम एक प्रतिकूल घटना का अनुभव किया, उनमें आठ वर्ष की आयु तक मोटे होने की संभावना दोगुनी थी। दर्दनाक अनुभवों की संख्या के साथ यह जोखिम बढ़ता गया। चार या अधिक प्रतिकूल अनुभव वाले बच्चों में मोटे होने की संभावना लगभग तीन गुना अधिक थी।उल्लेखनीय रूप से, कुछ दर्दनाक अनुभव (शारीरिक दुर्व्यवहार और माता-पिता की घरेलू हिंसा सहित) मोटापे से दूसरों की तुलना में अधिक मजबूती से जुड़े हुए हैं। यह प्रारंभिक जीवन की प्रतिकूलताओं और शारीरिक स्वास्थ्य परिणामों के बीच मजबूत संबंध को उजागर करता है। आघात का मोटापे से संबंध- एक संभावित व्याख्या यह हो सकती है कि बच्चों के परिवार, स्कूल और सामाजिक वातावरण में शुरुआती तनाव का संचय अधिक मनोवैज्ञानिक संकट से जुड़ा हुआ है। इससे बच्चों द्वारा अस्वास्थ्यकर वजन-संबंधी व्यवहार अपनाने की अधिक संभावना होती है।



### अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट ने दुर्लभ रक्त विकार के उपचार में सफलता प्राप्त की

प्रिसीजन मेडिसिन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुएगुरुग्राम स्थित अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट-एओआई ने एक 65 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया, जो एसेंशियल थ्रोम्बोसाइटोसिस नामक एक दुर्लभ हेमटोलॉजिकल विकार से पीड़ित थी। सफल इलाज का यह महत्वपूर्ण मामला लाइफचेंजिंग केयर प्रदान करने में टार्गेटेड उपचार और एडवांस्ड जेनेटिक टेस्टिंग की ताकत को दर्शाता है। रोगी, पहले से ही हाई ब्लडप्रेशर से पीड़ित था और बीते चार महीनों से उसको लगातार सिरदर्द और मसूड़ों से हल्का खून बहने की शिकायत हो रही थी। जांच करने परए उसका ब्लडप्रेशर काफी हाई पाया गया और आगे के टेस्टों से पता चला कि उसके प्लेटलेट काउंट में गंभीर वृद्धि हुई थी, जो प्रति माइक्रोलीटर रक्त में 15 लाख से अधिक थीए साथ ही उसे हल्का एनीमिया भी था। एडवांस्ड जेनेटिक टेस्टों ने एक स्पेसफिक म्यूटेशन की पहचान कीए और बोन मेरो बायोप्सी ने एसेंशियल थ्रोम्बोसाइटोसिस के डायग्नोसिस की पुष्टि की। एक दुर्लभ स्थिति है, जिसके वार्षिक मामले प्रति 100,000 लोगों में केवल 1 से 2.5 ही है। हरीश त्रिवेदी, सीईओए सीटीएसआई साउथ एशिया ने जोर देकर कहा कि एओआई अपने अत्याधुनिक डायग्नोसिस और उपचारों को अपनाकर कैंसर और हेमटोलॉजिकल केयर में स्टैंडर्ड स्थापित करना जारी रखता है। यह मामला हर मरीज को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के हमारे समर्पण को दर्शाता है। डॉ. ब्रिगेडियर एके धर,मेडिकल ऑन्कोलॉजी, एओआई गुरुग्राम ने बताया कि एसेंशियल थ्रोम्बोसाइटोसिस एक्सक्लूजन का डायग्नोसिस है जिसे हाई प्लेटलेट काउंट के अधिक सामान्य कारणों से अलग करने के लिए विस्तृत जेनेटिक और क्लीनिक स्टडीज की आवश्यकता होती है। उपचार में प्लेटलेट के स्तर को कम करने और थक्के या रक्तस्राव जैसी जटिलताओं को रोकने के लिए टार्गेटेड साइटोरिडक्टिव थेरेपी शामिल है। रोगी का इलाज हाइड्रोक्सीयूरियाए एक एडवांस्ड साइटोरिडक्टिव दवा और एंटीप्लेटलेट एजेंटों के साथ किया गया था। कुछ हफ़्तों के भीतरए मरीज की प्लेटलेट काउंट सामान्य हो गई और अब वह स्थिर है।

## खराब मौसम के चलते मोड़ी गई कोई भी उड़ान भारत से नहीं: सिंगापुर का चांगी हवाई अड्डा

**सिंगापुर।** सिंगापुर में खराब मौसम के कारण क्षेत्रीय हवाई अड्डों की ओर मोड़ी गईं उड़ानों में से कोई भी उड़ान भारत से नहीं थी। यह जानकारी मंगलवार को हवाई अड्डा संचालक ने दी।देश में शुक्रवार से मानसून की मूसलाधार बारिश के कारण 12 उड़ानों को क्षेत्रीय हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया। चांगी हवाई अड्डा समूह ने पीटीआई को बताया कि विभिन्न एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानें बैंकॉक, जकार्ता, फुकेत और शंघाई जैसे गंतव्यों से थीं। समूह ने कहा, मोड़ी गईं सभी उड़ानें कल दोपहर तक चांगी हवाई अड्डे पर वापस आ गईं। समूह ने पीटीआई द्वारा ईमेल पर भेजे गए सवाल के जवाब में कहा कि शुक्रवार शाम से चांगी हवाई अड्डे के लिए जाने वाली 12 उड़ानों को जोहोर बाहरू, कुआलालंपुर और बाटम जैसे क्षेत्रीय हवाई अड्डों की ओर मोड़ दिया गया। मौसम विज्ञान सेवा सिंगापुर (एमएसएस) ने कहा कि सिंगापुर में मानसून में वृद्धि देखी जा रही है जो हाल के वर्षों में अधिक तीव्र मौसमी घटनाओं में से एक है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के बाद गंभीर के भविष्य की समीक्षा करेगा बीसीसीआई

भाषा। नई दिल्ली



**भारतीय टीम में** सुपरस्टार संस्कृति खत्म करने पर उनके लगातार जोर देने के कारण ड्रेसिंग रूम में असंतोष की अटकलों के बीच मुख्य कोच गौतम गंभीर के भविष्य के बारे में अगले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के प्रदर्शन के आधार पर समीक्षा की जाएगी। पिछले साल जुलाई में गंभीर के पद संभालने के बाद भारत ने दस में से छह टेस्ट और श्रीलंका में एक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला गंवाई है। इसके और अपने खराब फॉर्म के कारण विराट कोहली और रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय कैरियर को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म है। इसके साथ ही गंभीर की स्थिति भी अब उतनी मजबूत नहीं है। ऐसी अटकलें हैं कि आस्ट्रेलिया में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उनके और प्रमुख खिलाड़ियों के बीच मतभेद रहे। भारत को श्रृंखला में 1-3 से पराजय का सामना करना पड़ा। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, अगर भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती तो मुख्य कोच की स्थिति भी खराब होगी। उनका अनुबंध 2027 विश्व कप तक है लेकिन समीक्षा जारी रहेगी। उन्होंने कहा, खेल में नतीजे अहम होते हैं और अभी तक गंभीर ने ठोस नतीजे नहीं दिए हैं। बीसीसीआई ने आस्ट्रेलिया में टीम के प्रदर्शन की समीक्षा की है। समझा जाता है कि

### टीम में दरार, भारत का प्रदर्शन होगा आधार

टीम कल्चर के मसले पर गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों में सहमति नहीं है। सूत्र ने कहा, गंभीर सुपरस्टार कल्चर खत्म करना चाहते हैं जो इतने साल से चला आ रहा है। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान रहते हुए 2012 में वह खुद बाहर बैठे थे और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल में ब्रेंडन मैकुलम ने कप्तानी की थी। सूत्र ने कहा, वह सुपरस्टार कल्चर खत्म करने आए हैं और इससे कुछ खिलाड़ियों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा, एक बार दिल्ली रणजी टीम के कप्तान रहते हुए गंभीर ने तय किया कि वे घरेलू मैच रोशनआरा मैदान पर खेलेंगे जहां पिच हरी भरी है लेकिन भारतीय टीम से बाहर एक बड़े सुपरस्टार ने जामिया मीलिया इस्लामिया मैदान पर खेलने पर जोर दिया जो दक्षिणी दिल्ली स्थित उनके घर के पास था। गंभीर ने इसे खारिज कर दिया था। इसी तरह भारतीय टीम में भी वह स्टार कल्चर नहीं चाहते। समझा जाता है कि वह इस बात से खुश नहीं थे कि कैसे कुछ स्टार खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया दौरे पर होटलों और अभ्यास के समय को लेकर फरमाइशें रखी। दूसरी ओर सीनियर खिलाड़ियों को लगता है कि उनकी ओर से संवाद का अभाव है। इन सबके बीच राष्ट्रीय चयन समिति का भी नजरिया है जो नहीं चाहती कि चयन मामलों में कोच ज्यादा राय रखें। एक पूर्व चयनकर्ता ने कहा कि गंभीर में पूर्व कोच ग्रेग चैपल की झलक मिलती है। पूर्व चयनकर्ता ने कहा, या तो आप रवि शास्त्री की तरह मीडिया के दोस्त बनकर रहिए और खिलाड़ियों को अल्फा मेल की छवि देने वाले बयान देते रहिए। या राहुल द्रविड़, गैरी कर्स्टन या जॉन राइट की तरह चुपचाप अपना काम करके खिलाड़ियों को सुर्खियों में रहने दीजिए। भारत में चैपल का तरीका नहीं चलेगा। चैपल के कोचिंग के तरीकों को लेकर सीनियर खिलाड़ियों में काफी असंतोष रहा था। बीसीसीआई के आला अधिकारी इस बात से भी खफा है कि गंभीर का निजी सहायक आस्ट्रेलिया में हर जगह टीम के साथ साए की तरह रहा। उन्होंने कहा, उसका पीए राष्ट्रीय चयनकर्ताओं की कार में क्या कर रहा था। एक अज्ञात व्यक्ति की मौजूदगी में तो वे बात भी नहीं कर सकते थे। उसे एडीलेड में बीसीसीआई के हॉस्पिटेलिटी बॉक्स में जगह कैसे मिली। वह पांच सितारा होटल के इस परिसर में नाश्ता कैसे कर रहा था जो टीम के सदस्यों के लिए आरक्षित था।

# रणजी टीम के साथ रोहित ने किया अभ्यास



**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह आगामी मैच में खेलेंगे या नहीं। सैंतीस वर्ष के रोहित आस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाए और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह कुछ घंटे चले अभ्यास सत्र में भाग लिया। उन्होंने मुंबई के दिग्गज और भारत के अपने साथी खिलाड़ी रहे अजिंक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी की। मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, टूर्नामेंटों के बीच अंतर होने पर प्रक्रिया यही होती है कि टीम प्रबंधन खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धता के बारे में पूछता है। उन्होंने कहा, रोहित से 23 जनवरी को जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिए टीम के चयन के समय पूछा जाएगा। रोहित ने सिडनी टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को कप्तानी सौंप दी थी जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी। हालांकि श्रृंखला के मेजबान प्रसारक को दिए इंटरव्यू में रोहित ने कहा कि वह कहीं जा नहीं रहे हैं। उन्होंने टीम के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए रविवार को एक बैठक में भाग लिया था जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर और बीसीसीआई के नए सचिव देवजीत सैकिया भी मौजूद थे। मुंबई को 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण के पहले मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है। रोहित ने आखिरी बार मुंबई के लिए 2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

## कोहली, पंत का नाम दिल्ली के रणजी संभावितों में शामिल लेकिन भागीदारी पर संदेह

**नई दिल्ली।** भारतीय दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए दिल्ली के संभावित खिलाड़ियों में शामिल हैं लेकिन लाल गेंद की इस शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी पर संदेह बना हुआ है। भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री उन कई पूर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो चाहते हैं कि मौजूदा पीढ़ी खासकर संघर्ष कर रहे रोहित शर्मा और कोहली लाल गेंद प्रारूप में घरेलू क्रिकेट खेलें। रोहित ने मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास कर के काफी दिलचस्पी जगाई, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या वह 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैचों के अगले दौर के लिए खुद को उपलब्ध रखेंगे। कोहली ने आखिरी बार रणजी ट्रॉफी 2012 में खेली थी जबकि पंत 2017-18 में पिछली बार इस प्रतियोगिता का हिस्सा बने थे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) द्वारा अपने स्टार खिलाड़ियों को संभावितों की सूची में शामिल करना सामान्य बात है।

## आयरलैंड ने अभी तक अच्छा खेल दिखाया है: दीप्ति शर्मा

**राजकोट।** भारत और आयरलैंड के बीच महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले दो मैच एकतरफा रहे हैं लेकिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का मानना है कि मेहमान टीम ने उसके अनुभव को देखते हुए अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। भारत बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम मैच में जीत हासिल करके श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के लिए मैदान पर उतरेगा। भारतीय टीम ने पहला मैच छह विकेट और दूसरा मैच 116 रन से जीता था। दीप्ति ने मंगलवार को तीसरे मैच की पूर्व संध्या पर कहा, क्रिकेट में कोई छोटी या बड़ी टीम नही होती है।

## इंडियन इलेवन की जीत में अनुज कुमार का कमाल

**लखनऊ।** उम्दा बल्लेबाजी के बाद मैन ऑफद मैच अनुज कुमार सिंह-3 विकेट की अगुवाई में धारदार गेंदबाजी से इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने 20वीं बाबू बनारसी दास ए डिवीजन क्रिकेट लीग में एलडीए कोचिंग सेंटर को 23 रन से शिकस्त दी। इंडियन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 203 रन का स्कोर बनाया। शिवांश यादव ने 52 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। शिवम यादव ने 44 व शुभांकर ने 29 रन का योगदान किया। शिवम पाण्डेय ने 3 जबकि स्नेह कुमार दीक्षित व मनीष शर्मा ने 2.2 विकेट हासिल किए। जवाब में एलडीए कोचिंग सेंटर 36.3 ओवर में 180 रन ही बना सका। शुभम सिंह 55 के अर्धशतक के अलावा प्रियांशु आनंद 35 व आदित्य पाण्डेय 26 ने टिकाऊ पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। अनुज कुमार सिंह ने 3 जबकि उदय प्रताप सिंह व मनु राजा ने 2-2 विकेट हासिल किए।

## एसए 20 : मुंबई इंडियंस 'केपटाउन ने पार्ल को हराया

**केपटाउन।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने बेतवे एसए 20 लीग में पार्ल रॉयल्स को 33 रन से हराकर इस सत्र मे अपने मैदान पर पहली जीत दर्ज की। तीसरे सत्र मे एमआई केपटाउन के पहले घरेलू मैच मे खचाखच भरे स्टेडियम मे टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रीजा हेंडरिक्स ने 37 गेंद मे 59 रन बनाए जिसकी मदद से उनकी टीम ने सात विकेट पर 172 रन का अच्छा स्कोर बनाया। हेंडरिक्स का रासी वान डेर डुसेन ने बखूबी साथ निभाया और 33 गेंद मे 43 रन की पारी खेली। दोनो ने 54 गेंद मे 78 रन की साझेदारी की। इसके बाद डेलानो पोटगीटेर ने 18 गेंद मे 29 रन बनाए। रॉयल्स की शुरूआत अच्छी रही और जो रूट (26) और लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने तीन ओवर में 38 रन जोड़े। कैगिसो रबाडा ने हालांकि दोनों को दो ओवर के भीतर आउट करके मैच की तस्वीर बदल दी। इसके बाद स्पिनर जॉर्ज लिंडे और राशिद खान ने बेहतरीन गेंदबाजी करके उनकी परेशानी और बढा दी। लिंडे ने 15 रन देकर तीन और राशिद ने 28 रन देकर दो विकेट लिए।

## रियल कश्मीर श्रीनिधि डेक्कन को बराबरी पर रोका

**श्रीनगर।** मैच के पहले मिनट से ही 10 खिलाड़ियो के साथ खेलने के बावजूद रियल कश्मीर एफसी ने मंगलवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे श्रीनिधि डेक्कन एफसी के साथ 2-2 से ड्रा खेला। निधि डेक्कन ने फैसल शाइस्तेह (दूसरे मिनट) और एंजेल ओरेलियन (15वें मिनट) के गोल से दो बार बढ़त बनाई, लेकिन रियल कश्मीर के पाउलो सीजर (चौथे) और मुहम्मद हम्माद (22वें) ने सही समय पर बराबरी के गोल किए। रियल कश्मीर की तरफ से खेलने वाले कैमरून के खिलाड़ी अमिनौ बाउबा को मैच के पहले मिनट मे ही लाल कार्ड दिखा दिया गया था। इस मैच के ड्रॉ होने के बाद रियल कश्मीर आठ मैचों मे 10 अंको के साथ तालिका मे आठवे स्थान पर है

# मोंफिल्स ने पहले दौर में फ्रांस के ही एमपेत्शी को हराया

### आस्ट्रेलियाई ओपन

भाषा। मेलबर्न

**फ्रांस के** 38 वर्ष के गाएल मोंफिल्स को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में अपने से 17 वर्ष छोटे हमवतन खिलाड़ी जियोवानी एमपेत्शी पेरीकार्ड को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने यह मुकाबला 7-6, 6-3, 6-7, 6 -7, 6-4 से जीता। जीत के बाद मोंफिल्स ने कहा, मैं प्रतिद्वंद्वियों के साथ उम्र के अंतर पर बात करना पसंद नहीं करता लेकिन कल सुबह मैं खुद को 38 की बजाय 48 साल का महसूस करूंगा। मेरा कैरियर 21 साल का रहा है और उसकी उम्र 21 साल है लेकिन मैं इस बारे में सोचे बिना जुझारू प्रदर्शन करते रहना चाहता हूं। कुछ अन्य मुकाबले भी नाटकीयता से भरे रहे और पांच सेट तक खिंचे। पांचवीं वरीयता प्राप्त पूर्व अमेरिकी ओपन चैम्पियन और तीन बार आस्ट्रेलिया में उपविजेता रहे दानिल मेदवेदेव ने ग्रैंडस्लैम में पदार्पण कर रहे कासिदित समरेज को 6-2, 4-6, 3-6, 6-1, 6-2 से हराया जबकि 13वीं रैंकिंग वाले होल्गर रूने ने झांग झिजेन को 4-6, 6-3, 6-4, 3-6, 6-4 से मात दी। अमेरिकी ओपन उपविजेता और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतने वाली अमेरिकी टीम के सदस्य रहे टेलर फ्रिट्ज ने जेंसन ब्रूक्सबी को 6-2, 6-0, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में आठवीं रैंकिंग वाली एम्मा नवारो ने साढे तीन घंटे तक चले मैच में अमेरिका की पेटोन स्टीयर्न्स को 6-7 (5), 7-6 (5), 7-5 से मात दी।



### बोपन्ना-बेरिएंतोस की जोड़ी पहले दौर से बाहर

**मेलबर्न।** दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कंबोडिया के उनके नए जोड़ीदार निकोलस बेरिएंतोस की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल वर्ग के पहले दौर मे हारकर बाहर हो गई। बोपन्ना और बेरिएंतोस की 14वी वरीयता प्राप्त जोड़ी को स्पेन के पेड्रो मार्तिनेज और जाउमी मुनार ने 7 . 5, 7 . 6 से हराया। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरूआत की और शुरूआती गेम मे अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन मे निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट मे भी मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन टाइब्रेकर मे स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की। 44 वर्ष के बोपन्ना ने यहां 2024 मे आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ खिताब जीता था। वह ओपन युग मे ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। बोपन्ना-एबडेन ने हालांकि पिछले साल नवंबर मे तूरिन एटीपी फाइनल्स के बाद अलग होने का फैसला लिया।

### मेदवेदेव की संघर्षपूर्ण जीत

**मेलबर्न।** दानिल मेदवेदेव ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे विश्व रैंकिंग मे 418 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी कासिदित समरेज के खिलाफ संघर्ष करने के कारण अपनी हताशा को रोक नही पाए और उन्होंने नेट से लगी एक छोटे टेलीविजन कैमरे पर रैकेट से वार कर दिया। पांचवी वरीयता प्राप्त रूस के मेदवेदेव हालांकि पांच सेट तक चले इस मुकाबले को 6-2, 4-6, 3-6, 6-1,6-2 से जीतने मे सफल रहे। वह हालांकि तीसरे सेट को गंवाने के बाद मैच मे 1-2 से पीछे होने के बाद अपनी भावनाओं पर काबू नही रख सकें और उन्होने रैकेट से कैमरे पर प्रहार कर दिया। वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट मे जगह बनाने वाले थाईलैंड के समरेज का यह किसी ग्रैंड स्लैम का पहला मैच था।

## अकरम ने चैम्पियंस ट्रॉफी के विजेताओं को दी जाने वाली जैकेट का अनावरण किया

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मंगलवार को प्रतिष्ठित सफेद जैकेट का अनावरण किया। यह जैकेट चैंपियंस ट्रॉफी के विजेताओं को दिए जाने वाले सम्मान का प्रतीक है। एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान और यूएई में होगा। टूर्नामेंट में लगभग एक महीने का समय बचा है और आईसीसी ने अकरम की मौजूदगी के साथ एक प्रोमो वीडियो जारी किया जिसमें इस सफेद जैकेट को तैयार होते दिखाया जा रहा है। इस वीडियो में अकरम दुनिया भर के प्रशंसकों से चैंपियंस की यात्रा में शामिल होने के लिए कहते हैं। टूर्नामेंट में शीर्ष आठ टीमों के बीच 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच कुल 15 मैच खेले जाएंगे। इस दौरान टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब के साथ इस प्रतिष्ठित सफेद जैकेट के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## क्विक न्यूज

### 10000 रन की उपलब्धि अलग ही बात है और भारत के खिलाफ मेरे दिमाग में यह घूमता रहा : स्मिथ

**सिडनी।** सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट में दस हजार टेस्ट रन पूरे करने से एक रन से चूके आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन पूरे करना अलग ही बात है और भारत के खिलाफ उनके दिमाग में यह आंकड़ा घूमता रहा। स्मिथ को इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 38 रन की जरूरत थी लेकिन भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट में वह 37 रन ही बना सके। आस्ट्रेलिया ने वह टेस्ट छह विकेट से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की। स्मिथ ने सेन 1170 ब्रेकफास्ट शो पर कहा, मैं आंकड़ों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता लेकिन 10000 रन अलग बात है। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे दिमाग में घूम रहा था। मैच से पहले मीडिया इस बारे में इतनी बात कर रहा था क्योंकि मैं उस आंकड़े के करीब था।

### मनु को पदकों के बदले जाने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक में जीते दो कांस्य पदकों के स्थान पर नए पदक मिलने की संभावना है क्योंकि वह उन खिलाड़ियों के बड़े समूह में से हैं जिन्होंने शिकायत की है कि उनके पदक खराब हो चुके हैं। दुनिया भर के कई खिलाड़ियों ने हाल के दिनों में अपने घिसे हुए पदकों की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। यह पता चला है कि भाकर के पदकों का रंग उतर गया है और वे खराब स्थिति में हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने कहा कि क्षतिग्रस्त पदकों को मोनैई डे पेरिस (फ्रांस का राष्ट्रीय टकसाल) द्वारा व्यवस्थित रूप से बदला जाएगा। खिलाड़ियों को मिलने वाला नया पदक पुराने के समान ही होगा। प्रत्एक ओलंपिक पदक के केंद्र में लगे लोहे के टुकड़ों का वजन 18 ग्राम (लगभग दो-तिहाई औंस) होता है। मोनैई डे पेरिस फ्रांस के लिए सिक्के और अन्य मुद्रा तैयार करती है।

### भारत की नजरें महिला वनडे में क्लीन स्वीप करने पर

**राजकोट।** पहले दो मैचों में शानदार जीत दर्ज कर चुकी भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने का होगा। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी। चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरूआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है। हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाए जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया।

### इंग्लैंड में खो खो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है भारतीय समुदाय

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खो-खो खिलाड़ियों जायन सॉन्डर्स और आन्या शाह के लिए भारत का यह पारंपरिक खेल पदक जीतने और स्वदेश में इसे लोकप्रिय बनाने के साधन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने का भी एक तरीका है। भारतीय मूल के खिलाड़ी जायन और आन्या खो खो विश्व कप के लिए भारत का दौरा करने वाली इंग्लैंड की 30 सदस्ईय टीम का हिस्सा हैं और उनका मानना है कि उनकी टीम इस खेल में भारत को चुनौती देने की क्षमता रखती है। सोलह साल के जायन ने एथलेटिक्स में रुचि के कारण इस खेल को चुना। वह जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 200 मीटर दौड़ में चौथे स्थान पर रहे और इंग्लैंड टीम में जगह बनाने से चूक गए। लेकिन खो-खो ने उन्हें खेल से जुड़े रहने का एक और अवसर प्रदान किया। जायन ने कहा, मुझे अपने ओसवाल समुदाय के माध्यम से खो-खो के प्रति रुचि विकसित हुई। इससे मुझे राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका मिला। मैंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता से इंग्लैंड ट्रायल में जगह बनाई और इसके बाद राष्ट्रीय टीम में अपना स्थान सुरक्षित किया। उन्होंने इंग्लैंड की जर्मनी पर जीत के बाद कहा, मैं शुरू से खेलों से जुड़ा रहा तथा एथलीट और धावक होने के कारण, मुझे खो-खो में मदद मिली।

### तेज गेंदबाज साकिब महमूद की वीजा में देरी से इंग्लैंड के भारत दौरे की तैयारी हो रही है प्रभावित

**लंदन।** पाकिस्तानी मूल के इंग्लैंड के तेज गेंदबाज साकिब महमूद 22 जनवरी से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के दौरे के लिए भारत का वीजा मिलने में देरी के कारण अबू धाबी में टीम के प्रशिक्षण शिविर में भाग नहीं लेंगे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक महमूद को अभी भारत का वीजा नहीं मिला है। वह ऐसे में अबू धाबी में शिविर में शामिल नहीं हो पाएंगे क्योंकि उनका पासपोर्ट वीजा प्रक्रिया के तहत संबंधित अधिकारियों के पास है। उन्हें हालांकि टीम के खिलाड़ियों के पहले दल के कोलकाता रवाना होने से पहले वीजा मिलने की उम्मीद है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तानी मूल के किसी क्रिकेटर को भारत का वीजा हासिल करने में देरी का सामना करना पड़ा है। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर पिछले साल वीजा मिलने में हुई देरी के कारण दोनों देशों के बीच हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच का हिस्सा नहीं बन पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को भी 2023 के भारतीय दौरे पर ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा था। वेबसाइट के मुताबिक पाकिस्तानी मूल के टीम के अन्य खिलाड़ियों रेहान अहमद और आदिल राशीद को भारतीय वीजा मिल गया है। महमूद ने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट, नौ एकदिवसीय और 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला।

# बुमराह आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पछाड़कर इस खिताब को अपने नाम किया। बुमराह अपने दम पर भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दिसंबर में खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट चटकाए। उन्होंने पांच जनवरी को खत्म हुई श्रृंखला के पांच मैचों में 32 विकेट लिए। इस दौरे का पहला टेस्ट मैच नवंबर में खेला गया था। बुमराह ने एडीलेड में खेले गए दिन रात्रि टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटक कर मैच में भारत की वापसी कराई थी लेकिन बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से टीम ने इस मैच को गंवा दिया। उन्होंने ब्रिसबेन में खेले गए तीसरे टेस्ट की पहली पारी में छह और मैच में नौ विकेट लिए जिससे भारत मैच ड्रॉ करने में सफल रहा। उन्होंने इसके बाद मेलबर्न में खेले गए बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाए। उनकी इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारत ने इस मैच को 184 रन से गंवा दिया। वह इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 20 की कम औसत से 200 विकेट पूरे करने वाले पहले गेंदबाज बने।

### कर्नाटक से पंजाब के लिए रणजी मैच खेलेंगे गिल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के मैच में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिए खेलेंगे। गिल ने आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों मे सिर्फ 93 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला मे 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी। श्रृंखला के दौरान भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा था कि लाल गेंद के क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्धता दिखाने के लिए सीनियर खिलाड़ियों को रणजी क्रिकेट खेलना होगा। गिल ने आखिरी बार 2022 मे रणजी ट्रॉफी खेला था जब वह अलूर मे मध्यप्रदेश के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मे उतरे थे।

# कर्नाटक को मिलेगी विजय हजारे सेमीफाइनल में हरियाणा की चुनौती

**वडोदरा।** इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से बोली हासिल करने में नाकाम रहे कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल बुधवार को जब हरियाणा के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच के लिए मैदान में उतरेंगे तो उनकी कोशिश एक और शानदार प्रदर्शन से टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचाने की होगी।चार बार के चैम्पियन कर्नाटक की टीम में शानदार लय में चल रहे अग्रवाल के अलावा श्रेयस गोपाल और विजय कुमार विशाख जैसे बेहतरीन खिलाड़ी है। हरियाणा को टूर्नामेंट में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निशांत सिंधु, अंशुल कंबोज और कप्तान अमित कुमार जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा होगा। अग्रवाल के लिए अपने करियर के इस चरण में राष्ट्रीय टीम में वापसी करना लगभग नामुमकिन है लेकिन इस यह 33 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल फ्रेंचाइजियों को प्रभावित करना चाहेगा। वह टूर्नामेंट के इस सत्र में पंजाब अरुणाचल प्रदेश, हैदराबाद और नगालैंड के खिलाफ शतक जड़ चुके हैं। करुण नायर के अलावा अग्रवाल सिर्फ दूसरे खिलाड़ी है जिन्होंने कुल 600 से ज्यादा रन बनाए हैं। कर्नाटक के कप्तान ने 123.80 की औसत और 109.75 के स्ट्राइक रेट से 619 रन बनाए हैं।

## जेमिमा शतकीय पारी के बाद आईसीसी रैंकिंग में 20 में पहुंची

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रौड्रिग्स आयरलैंड के खिलाफ दूसरे महिला वनडे मैच में अपने करियर का पहला शतक लगाने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंगलवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में शीर्ष 20 में पहुंचने में सफल रही। आईसीसी के मुताबिक 24 साल की जेमिमा 563 रेटिंग अंक के साथ तालिका में 19वें स्थान पर पहुंच गई है। वह शीर्ष 20 में सूजी (न्यूजीलैंड) से आगे हैं। जेमिमा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने शतक के सात साल के सूखे को खत्म करते हुए 102 रन की पारी खेली थी जिससे भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 370 रन बनाकर इस प्रारूप का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया था। भारत ने इस मैच को 116 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में इस श्रृंखला में टीम का नेतृत्व कर रही स्मृति मंधाना 723 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज है। दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्डट करियर की सर्वश्रेष्ठ 773 अंक और श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू 733 अंक के साथ तालिका में शीर्ष दो स्थान पर है।

# सिंधू, सात्विक-चिराग ने का जीत से आगाज

### इंडिया ओपन

भाषा। नई दिल्ली

पीवी सिंधू और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी एवं चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी को भारतीय खिलाड़ियों के लिए मिश्रित नतीजे वाले शुरुआती दिन मंगलवार को इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दिसंबर में अपनी शादी के कारण सत्र के शुरुआती मलेशिया ओपन सुपर 1000 से चूकने के बाद सिंधू लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखी। वह हालांकि दुनिया की 24वें नंबर की चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन पर 21-14, 22-20 से जीत हासिल करने में सफल रहीं। इस जीत के बाद सिंधू ने कहा, लंबे ब्रेक के बाद लय हासिल करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं सीधे गेम में मैच जीतकर खुश हूं। मैं दूसरे गेम में शटल को अपने मनमुताबिक नहीं मार पा रही थी लेकिन मुझे वापसी करने का विश्वास था। विश्व रैंकिंग में 16वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी का 950,000 डॉलर पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान की मनामी सुइजु से मुकाबला होगा। पुरुष युगल में खिताब के दावेदार सातवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़ी चुनौती से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज मलेशिया के मैन वेई चोंग और काई वुन टी की जोड़ी को 23-21, 19-21, 21-16 से हराया। शुरुआती गेम को मुश्किल से जीतने के बाद भारतीय जोड़ी ने चोंग और टी को वापसी का मौका दे दिया जिससे यह मुकाबला तीसरे सेट में चला गया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने तीसरे गेम में 11-9 की बढ़त बनाई लेकिन मलेशिया की जोड़ी ने 16-18 के स्कोर के साथ टक्कर देना जारी रखा। भारतीय जोड़ी ने हालांकि मलेशिया के खिलाडियों की गलतियों का फायदा उठाते हुए यह गेम और मैच जीत लिया। चिराग ने कहा, वे हमेशा एक मजबूत टीम रहे हैं। उन्होंने काफी अच्छी तरह से बचाव किया। उन्हें चकमा देना बहुत मुश्किल था। हमें खुशी है कि हम तीसरे गेम के आखिरी क्षणों में वापसी कर सके। प्रतिभाशाली किरण जॉर्ज ने तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए जापान के विश्व नंबर 25 युशी तनाका के खिलाफ जीत हासिल की।



### तनीषा और ध्रुव ने भारत की उम्मीदें मिश्रित युगल में जगाई

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने भविष्य में बैडमिंटन के इस वर्ग में भारत के लिए उम्मीदें जगाई है। ज्वाला गुट्टा और वी दीजू भारत की सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल टीम थी जो विश्व रैंकिंग मे छठे स्थान तक पहुंचे थे। उनके संन्यास के बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फिर सात्विक ने चिराग शेट्टी के साथ पुरूष युगल पर फोकस करने के लिए अलग होने का फैसला किया। तनीषा ने पीटीआई से कहा, हमने ओलंपिक से पहले कुछ टूर्नामेंटो मे साथ खेला और इस साझेदारी में काफी संभावनाएं दिखी। मुझे लगता है कि हम दोनों के लिए यह साझेदारी शुरू करने का फैसला सही था। उन्होने कहा, ध्रुव काफी प्रतिभाशाली मिश्रित युगल खिलाड़ी है। उसे खेल की काफी समझ है और हम दोनों एक दूसरे के साथ शानदार जोड़ी बना सकते है। उन्होने इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के मिश्रित युगल वर्ग के पहले दौर मे चीनी ताइपै के चेन चेंग कुआन और सू यिन हुइ को 8-21, 21-19, 21-17 से हराकर शानदार शुरूआत की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001